सुप्रभात
रांची, बुधवार
03.05.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net वैशाख, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 287




12 सारा अली खान ने पूरी की ऐ वतन मेरे वतन की शूटिंग


# झारखण्ड के इतिहास में पहली बार
# शिक्षा क्रांति में जुड़ा नया आयाम

# 80 उत्कृष्ट विद्यालय का हुआ शुभारंभ

प्रवेश प्रारंभ

325 प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालय | 4,091 ग्राम पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालय

- अत्याधुनिक आधारभूत संरचना
- डिजिटल स्मार्ट क्लास
- CBSE मान्यता प्राप्त अंग्रेजी माध्यम स्कूल
- सूचना प्रौद्योगिकी का मजबूत ढांचा
- विज्ञान एवं भाषा लैब्स
- राष्ट्रीय स्तर का खेल प्रशिक्षण



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड












सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No 296374 (IPRD)23-24

# ₹8 लाख लेवी वसूल करने पर नक्सलियों को मिलता है एक एके-47

कुबेर सिंह

रांची। पीएलएफआई संगठन में शामिल उग्रवादियों को आठ लाख की वसूली पर एक एके- 47 दिया जाता है। इसका खुलासा खूंटी में पकड़े गए जोनल कमांडर सुचखराम गुड़िया ने पुलिस के समक्ष किया है। गिरफ्तार उग्रवादी सुखराम ने कई राज खोले हैं। उसने पुलिस को बताया है कि वह संगठन को पुनः मजबूत करने की तैयारी में थे। उसने पुलिस को बताया है कि पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप द्वारा अपने कैडर के लिए लेवी वसूली के अनुसार हथियार उपलब्ध कराने का रिकार्ड मिला है। अगर कोई कैडर 8 लाख लेवी वसूलता है तो उसे एक एके 47 मिलता है।

**चीन के बने हैं एके-47** | **पीएलएफआइ का पसंदीदा हथियार बना एके-47**



## दिनेश गोप ने तय कर रखा है हथियारों का रेट

पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप ने संगठन के सदस्यों के बीच प्रति हथियार पर एक रेट फिक्स किया है। जो जितना लेवी लाएगा। उसी हिसाब से उसे हथियार मिलेगा। वहीं दिनेश गोप को अमेरिकल राइफल और जर्मन हथियार पसंद है।

**लेवी वसूली के बाद नक्सली कैडर के लिए तय हैं रेट**

| लेवी | हथियार | गोली (प्रति गोली) |
|---|---|---|
| 8 लाख | एके-47 | 800 रुपए |
| 7 लाख | इंसास-56 | 500 रुपए |
| 5 लाख | एसएलआर | 250 रुपए |
| 4 लाख | कार्बाइन | 400 रुपए |

**कब-कब बरामद हुआ हथियार**

**12 नवंबर, 2018** : जमशेदपुर पुलिस ने पीएलएफआई नक्सलियों के पास से एके 47 की 180 गोलियां, एक मैगजीन बरामद किया था।

**24 फरवरी, 2019** : गुमला पुलिस ने इनकांउटर में तीन पीएलएफआई उग्रवादियों को मार गिराया था, पुलिस ने इनलोगों के पास से एक एके- 47 भी बरामद किया था।

**पांच दिसंबर, 2020** : लातेहार पुलिस ने पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के दो नक्सलियों को एके-47 राइफल सहित अन्य हथियारों, गोला-बारूद के साथ दबोचा था।

**6 अक्टूबर 2022** : रांची के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र से पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के एक हार्डकोर नक्सली सोनू मांझी के पास से एके- 47 बरामद किया गया था।

**26 जनवरी, 2023** : रांची पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के दो बड़े नक्सलियों रीजनल कमांडर तिलकेश्वर गोप उर्फ राजेश गोप तथा एरिया कमांडर सूरज गोप उर्फ कोका के पास से एके- 47 बरामद किया था।

पूरी संभावना है कि चीनी हथियारों की खेप म्यांमार से मणिपुर, नागालैंड, बंगाल होते हुए झारखंड पहुंचती है। पुलिस की टीम इस पर काम कर ही है। ऐसी सूचना मिली है कि अरुणाचल प्रदेश के उग्रवादियों का चीन से संपर्क रहा है। हो सकता है उन्हीं के जरिए चीनी हथियार झारखंड लाया गया हो।

*एवी होमकर, आइजी सह पुलिस प्रवक्ता, झारखंड पुलिस*

## पीएलएफआइ का चीनी कनेक्शन चाइनीज एके- 47 बरामद

एक सितंबर, 2020 को पश्चिमी सिंहभूम जिले के धुर नक्सल प्रभावित गुदड़ी के जंगल में उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के नक्सलियों के साथ मुठभेड़ के बाद एक अस्थाई कैंप से पुलिस ने एके-47 बरामद किया था, जो चीन का बना हुआ था। इससे पहले भी अमेरिकी, रूसी, जर्मनी और म्यांमार आर्मी के हथियार नक्सलियों के पास से बरामद हो चुके हैं। लेकिन चीन में बना एके-47 पहली बार बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक, संभव है कि चीन से झारखंड तक हथियारों की सप्लाई किसी बड़ी साजिश का हिस्सा है। भारत को अशांत करने की साजिश में विदेशी ताकतों द्वारा उग्रवादियों को मोहरा बनाया जा रहा है। इससे पहले भी सुरक्षा एजेंसियां झारखंड में नक्सली संगठनों तक विदेशी हथियारों की सप्लाई के रूट का खुलासा कर चुकी हैं।

एनआईए ने एक नक्सली मामले की छानबीन के दौरान पिछले साल यह खुलासा किया था कि नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड का एक नागा नेता आखान सांगथम उर्फ निखान म्यांमार के रास्ते हथियारों की तस्करी करवा रहा है।

## जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह सीएम हेमंत सोरेन से मिले



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड स्थित आवास में जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह लोकसभा सदस्य राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने मुलाकात की। यह शिष्टाचार भेंट थी।

## आजसू पार्टी ने चतरा जिला कमिटी को किया भंग : डॉ देवशरण भगत

रांची। आजसू पार्टी ने चतरा जिला कमिटी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देशानुसार निर्णय लिया गया है, कहा कि जल्द ही नए सिरे से नई कमिटी का गठन किया जाएगा, ताकि संगठन का कार्य सुचारू रूप से चलता रहे। डॉ. भगत ने कहा कि गैर जवाबदेह, लापरवाह तथा निष्क्रिय नेतृत्व के कारण चतरा जिला में पार्टी के गठन, पुनर्गठन एवं विस्तार का कार्य शिथिल पड़ गया था तथा पार्टी की अन्य गतिविधियां भी अपेक्षित रफ्तार से नहीं चल रही थी। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

## कल तक गर्मी से राहत, 5 मई से तापमान में वृद्धि का अनुमान

रांची। मौसम विभाग ने चार मई के बाद तापमान में वृद्धि होने का पूर्वानुमान किया है। तापमान में धीरे धीरे चार डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि होगी। हालांकि इस दौरान राज्य के कुछ हिस्सों विशेषकर दक्षिणी हिस्से में बारिश की भी संभावना है। बता दें 20 अप्रैल से जारी बारिश और बादल छाये रहने के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। 20 अप्रैल के पहले राज्य के अधिकांश जिलों में तापमान 43 में कमी दर्ज की गयी।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश समेत अन्य पर आरोप गठित

रांची। एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अनामिका किस्कू की अदालत ने मंगलवार को कोविड-19 के नियमों का उल्लंघन करने के मामले में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश, विधायक समरी लाल समेत 16 पर आरोप तय किया गया। आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के दौरान कोर्ट में मौजूद दीपक प्रकाश समेत सभी आरोपियों से उनपर लगे आरोपों के बारे में पूछा गया। सभी आरोपियों ने कहा वे मामले में निर्दोष हैं। आगे ट्रायल फेस करेंगे। इसके बाद अदालत ने आरोपियों पर आरोप तय किया। मामले में अभियोजन पक्ष को साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। अदालत ने 18 मई की तारीख निर्धारित की है। मामले में दीपक प्रकाश, समरी लाल, चुनिंदर महतो, प्रभात भूषण, हरिनाथ साहू, पुरुषोतम दास गोस्वामी, राम लखन मुंडा, अनिल कुमार, दीपक महतो, जनार्दन महतो, थानो मुंडा, बेनी महतो, प्रशांत बैठा, पवन महतो, बाबूलाल पाहन एवं मनोज साहू पर आरोप तय किया गया है।

### कोयला चोरी से संबंधित लंबित कांडों को लेकर हुई समीक्षा बैठक

# डीजीपी ने अधिकारियों से पूछा कैसे हो रही है कोयले की चोरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। कोयला चोरी के लंबित कांडों लेकर मंगलवार को डीजीपी अजय कुमार सिंह ने समीक्षा बैठक की। डीजीपी ने पूछा कि पुलिस की चौकसी के बाद भी राज्य में कोयला चोरी कैसे हो रही है। इसकी रोकथाम के लिए क्या-क्या उपाय किए गए। बैठक में सीआइडी के डीजी अनुराग गुप्ता भी उपस्थित थे। जिन जिलों के एसपी, एसएसपी के साथ एडीजी ने समीक्षा बैठक की, उसमें हजारीबाग, चतरा, रामगढ़, बोकारो, रांची और लातेहार शामिल हुए। बैठक के दौरान जिले के एसपी ने अपने जिले में कोयला चोरी के लंबित कांडों की जानकारी डीजीपी को दी। इन सभी जिलों में कोयला चोरी रोकने के लिए क्या कार्रवाई की गई है, इसपर समीक्षा बैठक में चर्चा की गई।




**कोयला चोरी से जुड़े लोगों पर कार्रवाई की तैयारी** : जानकारी के मुताबिक, कोयला चोरी के कारोबार से जुड़े लोगों की सूची के साथ ही इनकी संपत्ति का विवरण तैयार कराया गया है।

बताया जा रहा है कि कोयला चोरी से जुड़े लोगों पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। इसे लेकर डीजीपी द्वारा सीआइडी डीजी से लंबित कांडों की स्थिति और कोयला चोरी के लिए गठित टास्क फोर्स की कार्रवाई से संबंधित प्रेजेंटेशन देने का अनुरोध किया गया है।

डीजीपी ने समीक्षा बैठक में सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, खूंटी जिलों में हो रही हत्या, साइबर अपराध, मानव तस्करी, पोक्सो एक्ट, वाहन चोरी तथा एनडीपीएस एक्ट, एसटी/एससी अत्याचार अधिनियम के तहत दर्ज कांडों तथा कोर्ट व उनके आवासीय परिसर की सुरक्षा को लेकर पुख्ता व्यवस्था करने व सीसीटीवी लगाने का निर्देश पुलिस अधीक्षकों को दिया है।


### राज्यपाल से मिलकर सरयू राय ने स्वास्थ्य मंत्री मामले में कार्रवाई की मांग की

## बन्ना गुप्ता के अश्लील वीडियो प्रकरण की हो जांच

**मंत्री के खिलाफ जांच नहीं होने पर जतायी नाराजगी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। निर्दलीय विधायक सरयू राय मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलकर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा प्रतिबंधित पिस्तौल रखने के मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। श्री राय ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री द्वारा अश्लील विडियो चैटिंग मामले में सीएम को आवश्यक निर्देश देने की मांग की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दबाव के कारण सारे प्रमाण रहने के बाद भी आरोपी मंत्री के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे स्पष्ट है कि राज्य



में कानून का शासन नहीं रह गया है। यदि नियम-कानून का उल्लंघन करने वाला व्यक्ति सरकार में मंत्री है तो उसके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ही कानून का मजाक उड़ा रही है।


राज्यपाल को बताया गया कि पुलिस प्रशासन गंभीर आरोप लगने के बाद भी मंत्री के खिलाफ जांच नहीं किया जा रहा है। 28 अप्रैल को पूर्वी सिंहभूम डीसी को इस मामले में सूचना दिया गया लेकिन समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो झारखण्ड में कानून का शासन नहीं बल्कि हथियार का शासन चलेगा। अश्लील विडियो चैटिंग के बारे में जानकारी दी गयी कि सरकार इस प्रकरण को दबाने में लगी हुई है। दिलचस्प है कि यह विडियो स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय से जारी किया गया है और बताया जा रहा है कि वह महिला फर्जी है। राज्यपाल ने आश्वासन दिया है कि वे इस विषय को गंभीरता से लेंगे।

### खबर एक नजर में

## रतन हाइट्स मामले में प्रार्थी की ओर से बहस पूरी

रांची। रतन हाईट्स बिल्डिंग सोसाइटी की याचिका पर सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से बहस पूरी हो गई। 10 मई को अब प्रतिवादियों की ओर से बहस होगी। मामले में कोर्ट के आदेश के आलोक में बिल्डर वीकेएस रियलिटी ने अंडरटेकिंग दिया। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, रोहित रंजन सिन्हा, सुमित गड़ोदिया ने पक्ष रखा। रांची नगर निगम की ओर से शशांक शेखर ने पैरवी की।

## कांके विधायक समरी लाल के खिलाफ चुनाव याचिका मामले में चुनाव आयोग ने मांगा समय



रांची। कांके विधायक समरी लाल द्वारा वर्ष 2019 झारखंड विधानसभा चुनाव में दिए गए जाति प्रमाण पत्र को गलत बताने वाले कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश बैठा की चुनाव याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी सुरेश बैठा की ओर से हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर कहा गया कि रिटर्निंग ऑफिसर आर्डर शीट का सर्टिफाइड कॉपी जो उन्हें रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से दिया गया था, वह अधूरी है, इसलिए कोर्ट का आदेश नहीं मानने को लेकर रिटर्निंग ऑफिसर के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाए। प्रार्थी ने कोर्ट से रिटर्निंग ऑफिसर आर्डर शीट की संपूर्ण दस्तावेज मंगाने का आग्रह भी किया है। जिस पर चुनाव आयोग ने जवाब दाखिल करने के लिए 3 सप्ताह का समय मांगा। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 12 जून निर्धारित की।

## नमाज कक्ष पर विधानसभा ने हाइकोर्ट को बताया- राज्यों से मंगायी जा रही है रिपोर्ट

रांची। झारखंड विधानसभा में नमाज कक्ष के रूप में एक रूम को नोटिफाइड किए जाने को चुनौती देने वाली अजय कुमार मोदी की जनहित याचिका पर मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में झारखंड विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने कोर्ट को बताया कि देश के अलग-अलग राज्यों के विधानसभा से नमाज कक्ष को लेकर एक रिपोर्ट मंगाई गई है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर कानूनी पक्ष को देखते हुए इस संबंध में बनी कमेटी अपना रिपोर्ट देगी। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में झारखंड विधानसभा को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 18 मई निर्धारित की है।

## विकास कुमार के साथ मारपीट मामले में हाइकोर्ट ने मांगी विस्तृत रिपोर्ट

रांची। तुपुदाना की थाना इंचार्ज मीरा सिंह द्वारा विकास कुमार के साथ चोरी के एक मामले में थाना में मारपीट किए जाने से संबंधित मामले की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने राज्य सरकार को विकास कुमार के पीटे जाने से संबंधित हटिया डीएसपी द्वारा की गई जांच कमेटी की रिपोर्ट समेत विस्तृत रिपोर्ट 4 सप्ताह में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने आश्चर्य जताया कि मामले में ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज होने के बाद भी केस क्यों नहीं रजिस्टर किया गया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 जून निर्धारित की है।

## हाइकोर्ट ने कमीशन की रिपोर्ट को लेकर विधानसभा से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

रांची। वर्ष 2005 से वर्ष 2007 के बीच झारखंड विधानसभा में करीब डेढ़ सौ लोगों की हुई नियुक्ति की जांच कराने का आग्रह करने वाली शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में खंडपीठ ने विधानसभा सचिव को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने विधानसभा सचिव से पूछा कि जस्टिस एस जे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली कमीशन की रिपोर्ट का क्या हुआ? यह रिपोर्ट कब तक आएगी। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 13 जून निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी, जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी। जिसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था, लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है।

**कार्यालय**
**उपायुक्त -सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(जिला विकास शाखा)**
Phone No. 06562-224433 E-mail :- ddc-pal@nic.in

**सूचना**

कार्यालय पत्रांक-596/वि0, दिनांक-21.04.2023 द्वारा DMFT Cell के कर्मियों एवं आगंतुको के उपयोग हेतु आवश्यक सामग्री का क्रय करने संबंधी निविदा(विज्ञापन सं0- PR No.-295707 दिनांक-21.04.2023) प्रकाशित किया गया है।

उक्त के आलोक में प्राप्त निविदा प्रस्ताव को खोलने की दिनांक-04.05.2023 को 03:00 बजे अंकित है, जिसे संशोधित करते हुये निविदा प्रस्ताव खोलने की तिथि दिनांक-06.05.2023 को 03:00 बजे की जाती है।

उप विकास आयुक्त, पलामू।
PR.NO.296289 District(23-24):D

## प्रधान लिपिक बीजा टोप्पो सेवानिवृत्त

रांची। जिला निर्वाचन शाखा के प्रधान लिपिक बीजा टोप्पो की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन शाखा में आयोजित समारोह में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, रांची मेरी मड़की एवं अन्य पदाधिकारी/कर्मियों ने बीजा टोप्पो को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित करते हुए बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## श्रम कानून में बदलाव दुर्भाग्यपूर्ण : सीपीआइ

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाकपा के राज्य सचिव महेन्द्र पाठक ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार ने 44 श्रम कानूनों को चार कोड में बदल दिया है। इससे मजदूरों को प्राप्त सारे अधिकार छीन जायेंगे। उन्होंने कहा कि 2024 के बाद मुस्तैदी से चार श्रम कानून को सरकार लागू करेंगी, जो देश के मजदूरों के लिए शोषण का प्रतिक होगा।

उन्होंने कहा है कि रांची नगर निगम में भी मजदूर विरोधी कार्यशैली देखी जा रही है। रांची बस सेवा के कर्मचारियों को बगैर मजदूरी के गाड़ी चलवाया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि ठेकेदारी प्रथा को समाप्त कर इन बस कर्मचारियों परमानेंट किया जायें। नगर निगम की बस सेवा से बिचौलियों की सेवा समाप्त कर बस कर्मचारियों को स्वतंत्र रूप से बस संचालन का जिम्मा सौंपा जाय। उन्होंने राज्य सरकार से मांग कि है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तमाम ठेके पर रखे गये लोगों को परमानेंट करें।

इस दौरान जितेंद्र कुमार, इम्तियाज खान, सुरेंद्र कुमार, दीक्षित, राजीव शुक्ला, नीरज कुमार सिंह, नवाब खान, किरण मोहली समेत अन्य लोग मौजूद थे।

**Office of the Chief Electoral Officer**
**Cabinet (Election) Department,Sector-2, Dhurwa, Ranchi-834002**
e-Tender Notice No. 01/Ele. Misc.-22-25/2018/1398 Ranchi/Dated: 28/04/2023

**e-Tender Notice**

This Tender Notice is issued by Chief Electoral Officer, Jharkhand, Ranchi for inviting proposals from experienced and reputed authorized organizations for "for disposal of e-waste-obsolete IT Equipment/ Electronic items mentioned in the Annexure-I from registered Recycler/ preprocessors of E-waste registered with State Pollution Control Board on "AS IS WHERE IS" basis" in the Cabinet (Election) Department, Sector-2, Dhurwa, Ranchi.

The time schedule for various activities following from the issue of this Tender Notice shall be as follows:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication:- | 02.05.2023 |
| 2. | Last Date for Submission of Tender:- | 10.05.2023 (03:00 PM) |
| 3. | Date of opening of Technical bid:- | 11.05.2023 (03:00 PM) |
| 4. | Date of opening of Financial bid:- | 12.05.2023 (03:00 PM) |
| 5. | Address for communication/submission of the Tender:- | Office of the Chief Electoral Officer, Cabinet (Election) Department, Near Gayatri Mandir, Sector-II, Dhurwa, Ranchi-834004, Jharkhand.Phone: 0651-2440077 |
| 6. | All terms, conditions and other features of this RFP is available on the CEO, Jharkhand's Website- https://jharkhandtenders.gov.in and http://www.ceo.jharkhand.gov.in | |

(K. Ravi Kumar)
Chief Electoral Officer,Jharkhand
PR 296298 Election(23-24).D

**e-Procurement Cell**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, JHARKHAND, RANCHI**

**Short Term e-Procurement Notice**
e-Tender Reference No.-BCD/Gumla /2/2023-24 Date-02-05-2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Proposed Construction of 09 Court Building at Gumla Jharkhand |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 20,96,59,858/- (Rupees twenty Core Ninety Six Lacs Fifty Nine Thousand Eight Hundred Fifty Eight ) only. |
| 3 | Time of Completion | 15(Fifteen)Months |
| 4 | Date of Publication of Tender on Website | 12-05-2023 at 11:00 A.M. |
| 5 | Last Date/Time of Submission of Bid | 02-06-2023 upto 05:00P.M. |
| 6 | Last Date/Time of Submission of Bid Security Money and Tender Fee | 05-06-2023 up to 11:30 A.M. |
| 7 | Date/Time of opening of Bid | 05-06-2023 at 12:00 P.M. |
| 8 | Name & Address of office Inviting tender | e-Procurement Cell, Building construction department, Jharkhand, Ranchi-834004 |
| 9 | Contact no. of Procurement officer | 0651-2446166 |
| 10 | Helpline Number of e-procurement Cell | 0651-2446166 |

- Any Change can be seen on http://jharkhandtenders.gov.in
- Any other information can be seen on http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer, e-Procurement Cell
Building Construction Department, Jharkhand, Ranchi.
PR 296295 Building(23-24)#D

# हाइकोर्ट में राज्य सरकार की अपील खारिज, झारखंड जगुआर के पुलिसकर्मियों को मिलेगा एसटीएफ भत्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड जगुआर के पुलिस कर्मियों के लिए बड़ी खबर है। झारखंड हाईकोर्ट ने झारखंड जगुआर के पुलिसकर्मियों को बंद कर दी गई स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) भत्ता को देने के एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखा है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस संबंध में राज्य सरकार बनाम दुबराज हेंब्रम एवं अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार की याचिका को खारिज कर दिया। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार एवं प्रतिवादी की ओर से दिवाकर उपाध्याय एवं रोहन मजूमदार ने पैरवी की।



दरअसल, झारखंड जगुआर के वर्ष 2008 में गठन के समय शर्त के तहत झारखंड जगुआर को उनके मूल वेतन का 50 प्रतिशत ज्यादा राशि स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) भत्ता के रूप में मिलेगा। लेकिन वर्ष 2019 के दौरान सप्तम वेतन आयोग के आने पर राज्य सरकार ने उनके एसटीएफ भत्ता को बंद कर दिया था। राज्य सरकार का कहना था कि सप्तम वेतन आयोग आने से इनके वेतन में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हुई है। इसलिए सरकार ने उनके एसटीएफ भत्ता को बंद कर दिया था। जिसके खिलाफ दुबराज हेंब्रम एवं अन्य ने हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की थी।

बता दें कि हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की एकल पीठ ने प्रार्थी के पक्ष में फैसला देते हुए झारखंड जगुआर के पुलिसकर्मियों को एसटीएफ भत्ता देने का आदेश दिया था। जिसके खिलाफ राज्य सरकार ने हाईकोर्ट की खंडपीठ में अपील दायर की थी। जिस पर सोमवार को सुनवाई हाईकोर्ट में हुई। बता दें कि हाईकोर्ट के इस आदेश से झारखंड जगुआर के करीब 10 हजार पुलिसकर्मियों को एसटीएफ भत्ता मिलेगा।

## जेपीएससी ने हाइकोर्ट को बताया, जिस फॉर्मेट में देना था जाति प्रमाण पत्र, उसमें नहीं दिया

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। सातवीं से दसवीं जेपीएससी परीक्षा में एसडीओ द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र होने के बावजूद चयनित नहीं किए जाने एवं आरक्षण का लाभ नहीं देने के मामले को लेकर कुमारी सुमित एवं रसिक जमुदा की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में जीपीएससी की ओर से जवाब दाखिल किया गया। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि प्रार्थी ने विज्ञापन के मानकों का उल्लंघन किया है। जिस फॉर्मेट में जाति प्रमाण पत्र देना था उसमें इन अभ्यर्थियों द्वारा नहीं दिया गया। इसलिए उनके केस को निरस्त किया जाना चाहिए। वहीं, प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शैलेश कुमार सिंह ने कोर्ट को बताया कि उन्हें एक दिन पूर्व जेपीएससी का शपथ पत्र मिला है। जिस कारण उन्हें समय दिया जाए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि इसी तरह के मामले एलपीए संख्या 64 /2020 को हाईकोर्ट की खंडपीठ ने अपना आदेश सुनाते हुए 23 मार्च 2023 को इसे वृहत बेंच में ट्रांसफर किया है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने मामले में जेपीएससी के जवाब पर प्रार्थी को अपना प्रत्युत्तर देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 3 सप्ताह के बाद निर्धारित की है।

सुप्रभात
रांची, बुधवार
03.05.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net वैशाख, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 287



12 सारा अली खान ने पूरी की ऐ वतन मेरे वतन की शूटिंग

## न्यूज डायरी

### पीएलएफआइ के तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**गुमला।** बिशुनपुर पुलिस ने पीएलएफआई के तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से देसी कट्टा, कारतूस, नक्सली संगठन का पर्चा, बाइक और मोबाइल बरामद किया है। दो अन्य नक्सली अब भी फरार हैं।

### तिहाड़ जेल में गैंगस्टर ताजपुरिया की हत्या

**नयी दिल्ली।** अतिसुरक्षित तिहाड़ जेल में मंगलवार सुबह गैंगस्टर सुनील मान उर्फ टिल्लू ताजपुरिया की प्रतिद्वंद्वी गिरोह के चार कैदियों ने कथित रूप से हमला कर हत्या कर दी। जेल अधिकारियों के अनुसार टिल्लू (33) को डीडीयू अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गयी।

### मुझे जरूर न्याय मिलेगा : उमा कृष्णैया

**पटना/हैदराबाद।** बिहार के बाहुबली नेता आनंद मोहन की रिहाई के खिलाफ आइएएस अधिकारी जी कृष्णैया की पत्नी उमा देवी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 8 मई को सुनवाई करेगी। उमा कृष्णैय ने कहा मुझे भरोसा है, जरूर न्याय मिलेगा।

### पवार ने की अध्यक्ष पद छोड़ने की घोषणा

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में उस समय हलचल मच गयी, जब नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार ने अध्यक्ष पद छोड़ने की घोषणा कर दी। पवार ने कहा कि उन्होंने लंबे समय तक पार्टी का नेतृत्व किया है, इसलिए अब समय आ गया है कि पार्टी नये नेतृत्व पर विचार करे।

### कांग्रेस ने किया बजरंग दल पर प्रतिबंध का वादा

**बेंगलुरू।** कर्नाटक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार को चुनावी घोषणा पत्र जारी किया, जिसमें हिंदूवादी संगठन बजरंग दल और कट्टरपंथी इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) को नफरत फैलाने वाले संगठन बताते हुए उन पर प्रतिबंध लगाने का वादा किया।

### महात्मा गांधी के पोते अरुण गांधी का निधन

**कोल्हापुर।** महात्मा गांधी के पोते अरुण गांधी का मंगलवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 89 वर्ष के थे।

### कांग्रेस के घोषणा पत्र पर भड़के पीएम मोदी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक चुनाव को लेकर कांग्रेस के जारी घोषणा पत्र पर पीएम मोदी ने हमला बोला है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में बजरंग दल और पीएफआइ पर बैन लगाने की बात कही है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस बजरंग बली को कैद करना चाहती है।

### रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन 10 से चलेगी

**रांची।** रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन 10 मई से चलेगी। रेलवे ने आठ कोच वाली रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन हजारीबाग होते हुए चलाने की तैयारी की है। जन शताब्दी जहां सात घंटे में दूरी तय करती है, वहीं वंदे भारत ट्रेन छह घंटे में दूरी तय करेगी।

### थानेदार को मारने के प्रयास में दो गिरफ्तार

**गोड्डा।** ललमटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहारिया बस्ती गांव में रमेश दत्ता के घर के सामने थाना प्रभारी चंद्रशेखर सिंह पर गोलीबारी करने वाले दो आरोपितों अजित हेंब्रम एवं पटवारी सोरेन को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने इस संबंध में मंगलवार को पूरे मामले का खुलासा किया है। इनके पास से एक कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 79,000 रु./प्रति किलो |

**आरयू का दीक्षांत समारोह :** कुलाधिपति ने टॉपरों में बांटे 81 गोल्ड

# विश्वगुरु बनने की ओर भारत

- शिक्षा के दम पर ही दुनिया में बढ़ा भारत का मान
- हमारे युवा विश्व भर में शीर्ष पदों पर आसीन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची विवि के 36वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल सह कुलाधिपति (चांसलर) सीपी राधाकृष्णन मंगलवार को विवि के 65 टॉपरों के बीच 81 गोल्ड मेडल बांटे। समारोह में 2859 विद्यार्थियों को डिग्री दी गयी। टॉपरों का संबोधन उन्होंने जोहार से किया। इसके साथ मंडप तालियों गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि शक्ति की बदौलत ही भारत वैश्विक गुरु बनने की ओर अग्रसर है। भारतीय युवा शिक्षा के बल पर ही दुनिया के सभी बड़े संस्थानों-प्रतिष्ठानों में के शीर्ष पदों पर काबिज हैं। यह प्रसन्नता की बात है कि आज यूरोप, अमेरिका समेत अन्य देश हमारी ओर देख रहे हैं। राष्ट्र का सम्मान विश्व की नजर में बढा है, इसकी वजह शिक्षा ही है। राज्यपाल ने कहा कि हमें अपनी भाषा और संस्कृति पर गर्व करना चाहिए। अपनी क्षेत्रीय एवं मातृभाषा को जानने के साथ ही अंग्रेजी सीखना भी जरूरी है ताकि विश्व के बारे में जान सकें। कुलाधिपति ने कहा हमारी शिक्षा समृद्ध है। युवा परिश्रमी हैं, ज्ञान और शोध की हमारी शक्ति है। इससे हमें भरोसा है कि हम जल्द ही विश्वगुरु बनेंगे। (शेष पेज 11 पर)



**36वें वार्षिक स्मारिका का विमोचन**

मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन, कुलपति रांची विश्वविद्यालय प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा, ओएसडी जे एमसी नारायण, प्रतिकुलपति आरयू डॉ अरूण कुमार सिन्हा व अन्य ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट विभाग के छात्रों ने राष्ट्रगीत और कुलगीत प्रस्तुत किया। इसके बाद कुलपति तथा रांची विश्वविद्यालय के अन्य वरीय पदाधिकारियों ने कुलाधिपति को स्मृति चिह्न और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मंच पर कुलाधिपति द्वारा 36वें वार्षिक दीक्षांत के स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

**विश्वविद्यालय के छात्रों ने बढ़ाया मान : वीसी**

कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि आज शिक्षा के बाद दीक्षा दी जा रही है। हमारे विद्यार्थी दीक्षित होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रांची विवि के छात्रों ने कई क्षेत्रों में राज्य व विवि का गौरव बढ़ाया है। छात्रों ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सरकार की पहली प्राथमिकता : सीएम

# इसी माह शुरू होगी 25,000 शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया

- 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का किया शुभारंभ
- शिक्षा के क्षेत्र में नया आयाम जोड़ने की कोशिश
- पढ़ाई में पैसा बाधा न बने, कई योजनाएं संचालित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि मई माह में 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। वह मंगलवार को 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने यह आयोजन ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव उच्च विद्यालय, जगन्नाथपुर धुर्वा में किया था।

सीएम ने कहा कि राज्य में हजारों की संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति होनी है और इस दिशा में सभी जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज के दिन शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। आने वाले समय में झारखंड में और 5 हजार विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय (स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) के रूप में अपग्रेड किया जायेगा।

सभी उत्कृष्ट विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकों को राज्य सरकार द्वारा आइआइएम से सीबीएसइ कोर्स के अनुरूप प्रशिक्षण दिलाया गया है। उन्होंने कहा कि आदिवासी, दलित, पिछड़े, मजदूर एवं किसान सहित सभी वर्ग-समुदाय के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने को उनकी सरकार प्रतिबद्ध है। (शेष पेज 11 पर)



**शिक्षा विभाग और शिक्षकों की भूमिका अहम :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विशेष रूप से शिक्षा की दिशा में सरकार ने महत्त्वाकांक्षी कदम उठाया है। यह कदम सरकार की पंचायत तक जायेगी। इसमें सबसे अहम भूमिका शिक्षा विभाग और शिक्षकों की होगी। सरकार राज्य के गरीब, आदिवासी, दलित, पिछड़े और मजदूर के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करा रही है। वर्षों से चली आ रही पिछड़ेपन की समस्या धीरे-धीरे खत्म होगी।

**शिक्षा से हर चीज हासिल करना संभव**

सीएम ने कहा कि अब वर्षों से चली आ रही पिछड़ेपन की समस्या धीरे-धीरे ही खत्म होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक ऐसा शस्त्र है, जिसके माध्यम से हर चीज हासिल की जा सकती है। सीएम ने कहा कि हम मात्र 4 से 5 हजार स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालय में तब्दील करने की बात करते हैं, जबकि झारखंड में 35 हजार से अधिक स्कूल हैं। इन स्कूलों में जिस तरह से वर्षों से पढ़ाई की स्थिति बनी रही, अब उसे बदलने का कार्य हो रहा है। श्री सोरेन कहा कि हमने शिक्षा के क्षेत्र में नया आयाम जोड़ने की कोशिश की है। वर्षों से लंबित पारा शिक्षकों की समस्याओं का समाधान किया है। शिक्षा व्यवस्था में सुधार समय की मांग है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो, तो अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उन्होंने शिक्षा की बेहतरी के जो प्रयास किये थे, सरकार उसे आगे बढ़ायेगी।

# पूर्व विधायक अमित महतो को राहत, अब लड़ सकेंगे चुनाव

- निचली अदालत ने दी थी दो साल की सजा, हाइकोर्ट ने किया एक साल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सिल्ली के पूर्व विधायक अमित कुमार महतो को हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। रांची की निचली अदालत की दो साल की सजा को हाइकोर्ट ने एक साल में बदला है। अब अमित महतो चुनाव लड़ सकेंगे, क्योंकि दो साल से कम की सजा पर चुनाव लड़ सकने का प्रावधान है। अमित महतो को आइपीसी की धारा 506 में दो साल की सजा सुनायी थी। 2 साल सजा मिलने के बाद अमित महतो की सिल्ली विधानसभा की सदस्यता खत्म हो गयी थी।

मंगलवार को सोनाहातू के तत्कालीन सीओ आलोक कुमार पर जानलेवा हमले के मामले में झामुमो विधायक अमित महतो सहित मनजीत कुमार साहू एवं पंचानन सिंह मुंडा द्वारा सजा के खिलाफ दायर क्रिमिनल अपील की सुनवाई हाइकोर्ट में हुई। अभियुक्तों की सजा बढ़ाये जाने का आग्रह करने वाली सोनाहातू के तत्कालीन अंचलाधिकारी आलोक कुमार की एक्यूटल अपील खारिज कर दी। वहीं अमित महतो की सजा 2 साल के बदले 1 साल करते हुए उन्हें राहत दी है। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने की।



**28 जून, 2006 को दर्ज हुई थी प्राथमिकी**

अभियुक्तों के खिलाफ 28 जून 2006 को अंचल कार्यालय में घुसकर लाठी, चाकू, फरसा, तीर-धनुष से लैस होकर मारपीट करने का आरोप लगा था। इसमें सीओ बाल-बाल बचे थे। साथ ही सीओ की गाड़ी और कार्यालय को भी क्षति पहुंचाया गया था। तत्कालीन सीओ आलोक कुमार ने अमित महतो सहित अन्य के खिलाफ सोनाहातू थाना कांड संख्या 42/2006 के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी थी। दरअसल, सोनाहातू के तत्कालीन सीओ आलोक कुमार के साथ मारपीट एवं उन पर हमला करने मामले में रांची की निचली अदालत ने सिल्ली के झामुमो के विधायक अमित महतो सहित आठ दोषियों को दो-दो वर्ष की सश्रम कैद की सजा दी थी। साथ ही उन पर 45-45 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया था। अदालत ने सोनाहातू के तत्कालीन अंचलाधिकारी के साथ मारपीट व गाली-गलौज करने, सरकारी काम-काज में बाधा डालने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित अन्य धाराओं में दोषी पाकर सजा सुनायी थी।

### अब 16 को सीएम लीज आवंटन मामले की सुनवाई

**रांची।** खान विभाग में मंत्री रहते हुए हेमंत सोरेन द्वारा खुद एवं अपने रिश्तेदारों को लीज आवंटन करने से संबंधित आरटीआई कार्यकर्ता एवं हाईकोर्ट के अधिवक्ता सुनील कुमार महतो की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार का जवाब दाखिल नहीं हो सका, जिस पर सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अगली सुनवाई 16 मई निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विशाल कुमार ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मामले के राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने को कहा था। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को पिछली सुनवाई में बताया था कि सीएम ने खान विभाग के मंत्री पद पर रहते हुए संवैधानिक पद का दुरुपयोग किया है।

सब रजिस्ट्रार वैभव मणि त्रिपाठी से मिले थे कई सबूत

# कोलकाता के एडिशनल रजिस्ट्रार से इडी की पूछताछ

**लैंड स्कैम**

- जगत बंधु एस्टेट के चार लोगों को इडी का समन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सेना जमीन घोटाला मामले में इडी ने एडिशनल रजिस्ट्रार ऑफ इंश्योरेंस कोलकाता के त्रिदीप मिश्रा से पूछताछ की। इडी के समन पर त्रिदीप मिश्रा मंगलवार को एजेंसी के दफ्तर पहुंचे। उनसे देर शाम तक पूछताछ हुई। फर्जी तरीके से तैयार किये गये कागजात पर रजिस्ट्री के मामले में उनसे इडी ने पूछताछ की। एक मई को इडी ने रांची सदर के सब रजिस्ट्रार वैभव मणि त्रिपाठी से लगभग दस घंटे तक पूछताछ की थी। घोटाले का तार कोलकाता से जुड़े होने के कारण इडी ने एडिशनल रजिस्ट्रार ऑफ इंश्योरेंस कोलकाता के त्रिदीप मिश्रा को पूछताछ के लिए समन जारी किया था। वह जरूरी कागजातों के साथ एजेंसी के दफ्तर पहुंचे। (शेष पेज 11 पर)

**कोलकाता में बने थे फर्जी कागजात**

अफसर अली ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि सेना की 4.83 एकड़ जमीन के फर्जी कागजात बनाने में उसकी भूमिका रही। जिसके बाद प्रदीप बागची ने जमीन की रजिस्ट्री जगत बंधु टी एस्टेट के नाम पर कर दी थी। अफसर अली ने चेशायर होम रोड के एक एकड़ जमीन में भी फर्जी कागजात जगदीश राय के नाम पर बनाया। इसके बाद इस जमीन की बिक्री राजेश राय ने पुनीत अग्रवाल को की। इसके बाद इस जमीन की खरीद विष्णु अग्रवाल ने की।

# निजी खाते में नहीं रखें सरकारी राशि : हाइकोर्ट

- प्रोजेक्ट के नाम से बने खाते में जमा करायें पैसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला दिया कि किसी भी सरकारी प्रोजेक्ट का पैसा किसी व्यक्ति के निजी खाते में जमा नहीं होगा। विभाग संबंधित प्रोजेक्ट के नाम से एक अकाउंट बनायेगा, उसी खाते में वह पैसा रहेगा। उसमें रखे पैसे से जो ब्याज आयेगा वह उसी प्रोजेक्ट के काम में लगेगा। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सोमवार को राज्य में 38 प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने को लेकर दायर अरुण कुमार की जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। अगली सुनवाई 19 जून को होगी।

**सूद की राशि वसूलें, स्टेटस रिपोर्ट दें :** कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार को अगली सुनवाई में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। जिस अभियंता ने सरकार के पैसे को अपने अकाउंट में रखा था और उसके सूद का पैसा खुद लिया, उसके खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज किया जाये। साथ ही इस संबंध में राज्य सरकार अगली सुनवाई में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करें। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की।

# टेरर फंडिंग मामले में छापा एनआइए को मिले कई सबूत

- बच्चा सिंह के घर समेत तीन ठिकानों पर रेड कर लौटी टीम
- नक्सली कमांडर का बयान बना छापे का आधार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के बोकारो में एनआइए की टीम ने बोकारो थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित संगठन एमएसएस (एमएसएस) के महासचिव बच्चा सिंह के निशानहाट स्थित आवास सहित एनआइए ने तीन जगहों पर मंगलवार को ताबड़तोड़ छापेमारी की। जानकारी के अनुसार, छापेमारी में एनआइए को इस संगठन के नक्सलियों से जुड़े होने के कई अहम सुराग व दस्तावेज मिले। सुबह से चल रही छापेमारी देर शाम खत्म हो गयी। एनआइए ने बच्चा सिंह के साथ ही संगठन के नागेश्वर महतो, संजय तुरी के भी आवास पर भी छापेमारी की।



**प्रतिबंधित है एमएसएस :** एमएसएस (मजदूर संगठन समिति) पर झारखंड की तत्कालीन भाजपा सरकार ने 2017 में प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया था। दरअसल, एमएसएस को नक्सली संगठनों का अग्रज संगठन बताते हुए प्रतिबंधित किया गया था। (शेष पेज 11 पर)

# एके 47 के साथ इनामी नक्सली रोडे गिरफ्तार

- दिनेश गोप का जर्मन हथियार भी बरामद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** खूंटी जिले में सुरक्षा बलों ने एक अभियान के दौरान प्रतिबंधित माओवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई)जोनल कमांडर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उसके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं। बरामद हथियारों में एक एके- 47, एक अमेरिकी राइफल, दो कारतूस भी है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार किये गये पीएलएफआई के सक्रिय सदस्य सुखराम गुड़िया उर्फ रोडे पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने गुप्त सूचना के आधार पर रांची से करीब 67 किमी दूर तपकरा थाना क्षेत्र से रोडे को गिरफ्तार किया। खूंटी के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने कहा कि रोडे खूंटी, चाईबासा और सिमडेगा के थानों से 27 मामलों में वांछित था। पीएलएफआई झारखंड में सक्रिय है।

# क्षेत्र का दौरा करें अफसर, तभी होगा गांवों का विकास : आलम

›› 26 बीडीओ को सौंपा नया वाहन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि सरकार हमेशा अधिकारियों के साथ है। ऐसे में उन्हें साधन व सुविधा उपलब्ध कराना सरकार जिम्मेदारी भी है। इस स्थिति में अधिकारियों का दायित्व भी है कि जनता तक विभाग की योजनाएं पहुंचाये। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अधिकारी फील्ड में जायें और योजनाओं का निरीक्षण करें क्योंकि गांवों के विकास से ही राज्य व देश का विकास संभव है। वे फील्ड का ब्रमण करेंगे, तभी गांवों का विकास होगा। श्री आलम ने मंगलवार को एक समारोह में 26 प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पुराने एवं जर्जर हो चुके वाहनों की जगह नयी बोलेरो गाड़ी की चाबी सौंपी। मौके पर ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव अरूण कुमार, अवर सचिव अरूण कुमार सिन्हा सहित बड़ी संख्या में विभाग के पदाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे। (शेष पेज 11 पर)

**पीएम आवास की अधूरी स्थिति चिंताजनक**




आलमगीर आलम ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से बड़ी संख्या में अब तक आवास निर्माण कार्य अधूरा रहने पर भी चिता जतायी और प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कहा कि वे लगातार इसके कारणों की समीक्षा कर हर हाल में आवास निर्माण कार्य पूर्ण करें। मनरेगा, दीदी बाड़ी,जेएसएलपीएस सहित विभाग की अन्य योजनाओं पर विशेष रूप से फोकस करने को कहा ताकि योजनाओं का ससमय लाभ मिल सके।

**ग्रामीणों के विकास के लिए कार्य करें :** कार्यक्रम में ग्रामीण विकास सचिव चंद्रशेखर ने कहा कि अधिकारियों को हमेशा दूसरे लोगों व ग्रामीणों के विकास के लिए प्रयास करते रहना चाहिए। अधिकारियों को साधन से ज्यादा लक्ष्य को महत्वपूर्ण बनाना चाहिए जिससे जनता तक सरकार की योजना आसानी से पहुंच सकें। मनरेगा, पीएम आवास सहित अन्य योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारने के लिए बीडीओ को लगतार कार्य करने की जरूरत पर सचिव ने बल दिया।

# ट्रेन चालक की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया

**टूटी पटरी से गुजरनेवाली थी उत्कल मेल**

**चाईबासा।** झारखंड से गुजरने वाली उत्कल एक्सप्रेस हावड़ा-मुंबई मुख्य मार्ग पर एक बड़ी दुर्घटना की शिकार होते होते बच गयी। समय रहते हुए ट्रेन के चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए रेल गाड़ी को रोक दिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। इस रूट पर एक्सप्रेस ट्रेनों की रफ्तार काफी तेज रहती है, ऐसे में टूटी पटरी के कारण बड़ा हादसा संभव था।

मंगलवार की सुबह लगभग 8:15 बजे उत्कल एक्सप्रेस हावड़ा मुंबई मुख्य मार्ग पर राउरकेला जा रही थी। इसी बीच चक्रधरपुर रेल मंडल के सोनुआ टुनीया रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक क्षतिग्रस्त स्थिति में देखा गया। इसी रेलवे ट्रैक से उत्कल एक्सप्रेस को गुजरना था लेकिन ऐन वक्त पर ट्रैकमैन ने पटरी के डैमेज होने की सूचना रेल पदाधिकारियों मिली। इसके रेलवे प्रशासन की ओर से उत्कल एक्सप्रेस के चालक को फौरन इसकी जानकारी दी। उत्कल एक्सप्रेस के चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए रेल गाड़ी को रोक दी। ट्रेन के अचानक रूकने से यात्रियों में कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया।

# संजीव विजयवर्गीय चुने गये विजयवर्गीय सभा के अध्यक्ष




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विजयवर्गीय वैश्य सभा का वार्षिकोत्सव, चुनाव एवं स्मारिका विमोचन का कार्यक्रम हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। सर्वप्रथम 1008 श्री श्री रामचरण जी महाराज एवं भक्त शिरोमणि मीराबाई के चित्र के समक्ष पूजा अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद संजय सेठ एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया थे। मौके पर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत मित्तल, सुरेश अग्रवाल, मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक नासरिया, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष एनके पाटोदिया, महेश्वरी सभा के अध्यक्ष कृष्ण साबू के साथ मारवाड़ी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बसंत मित्तल ने कहा कि समाज कठिन से कठिन समय में भी राष्ट्र की सेवा करता रहा है।

विजयवर्गीय सभा रांची के अगले सत्र का चुनाव भी किया गया। विजयवर्गीय सभा के चुनाव पदाधिकारी पूर्वांचल के पूर्व सचिव गोविंद प्रसाद विजयवर्गीय एवं महिला सभा की पूर्व अध्यक्ष सुशीला विजयवर्गीय को प्रभार दिया गया। उन्होंने विधिवत चुनाव की प्रक्रिया अपनाई एवं सर्वसम्मति से संजीव विजयवर्गीय को अध्यक्ष एवं सचिव पद के लिये पृथ्वीराज चौधरी एवं बीके विजयवर्गीय का चयन किया।

विजयवर्गीय महिला सभा के अध्यक्ष पद के लिये सर्वसम्मति से सुशीला विजयवर्गीय चुनी गयीं। चुनाव अधिकारी ने इन्हें मई माह तक कार्यकारिणी एवं पदाधिकारी का चुनाव करने का आग्रह किया। समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को स्वर्गीय राजीव विजयवर्गीय सुपुत्र प्रभु प्रसाद विजयवर्गीय, स्वर्गीय रोमित विजय सुपुत्र पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, स्वर्गीय रामस्वरूप लाल विजय एवं स्वर्गीय शांति देवी विजय की स्मृति में उनके पुत्र प्रेम विजय द्वारा पुरस्कार प्रदान किये गये। कार्यक्रम का संचालन बीके विजय एवं धन्यवाद ज्ञापन पुरुषोत्तम विजयवर्गीय ने की। इसमें प्रमुख रूप से प्रभु प्रसाद विजय, हरखचंद विजय, सुशीला विजय, कमला विजयवर्गीय , श्यामलाल विजय, हरिप्रसाद विजय के साथ दर्जनों की संख्या में विजयवर्गीय परिवार के लोग उपस्थित थे।

## एक्सआइएसएस का दीक्षांत समारोह 6 को

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआइएसएस), रांची 6 मई को संस्थान के कैंपस में अपना 62वां दीक्षांत समारोह शाम 4 बजे से मनाएगा। इस दीक्षांत समारोह में बैच 2021-2023 के एचआरएम, आरएम, फायनेंशियल व मार्केटिंग मैनेजमेंट के सफल कुल 253 स्नातक छात्रों को पीजीडीएम प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। एक्सआइएसएस के 62वें दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया एंड साउथ एशिया के चेयरमैन मनीष शर्मा होंगे। वे एक्सआइएसएस से देश की विभिन्न कंपनियों में अपनी सेवा देने के लिए तैयार एचआरएम के 69, आरएम के 65, फाइनेंशियल मैनेजमेंट के 59 व और मार्केटिंग मैनेजमेंट के 60 स्नातकों को संबोधित करेंगे। समारोह में इस वर्ष का फादर माइकल वैन डेन बोगार्ट एसजे मेमोरियल अवार्ड प्रतिष्ठित एलुमनाईअवार्ड, सौम्य मुखर्जी, डायरेक्टर, एशिया पैसिफिक लीडर,ग्लोबल ट्रांसफर प्राइसिंग सेंटर, डेलोइट हैस्किन्स एण्ड सेल्स एलएलपी, फाइनेंशियलमैनेजमेंट प्रोग्राम के 2005-07 बैच को प्रदान किया जायेगा। समारोह में शीर्ष रैंक होल्डर 22 स्टूडेंट्स में से 11 को गोल्ड, 7 को सिल्वर व 4 को ब्रांज मेडल से सम्मानित किया जाएगा।

## इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा ने मजदूरों के बीच बांटे टिफिन, थैला और छाता



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची डिस्ट्रिक्ट 325 की ओर से मंगलवार को मजदूरों के बीच टिफिन, थैला और छाता बांटे गये। मजदूर दिवस के अवसर पर क्लब की अध्यक्ष नम्रता कुमार के नेतृत्व में महिला मजदूरों को क्लब की सदस्य संगीता सिन्हा के कैंपस में उन्हें टिफिन बॉक्स , थैला एवं छाता दिया गया।

इस कार्यक्रम के पश्चात इनरव्हील क्लब क्षितिज की अध्यक्ष कविता तिवारी एवं पिंकी पॉल के सहयोग से धुर्वा बस्ती की महिला मजदूरों को पोस्ट ऑफिस की लघु बचत की लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। अंत में मजदूरों को भोजन उपरांत उपहार प्रदान कर ससम्मान विदा किया गया। इन कार्यक्रमों में उपाध्यक्ष माला श्रीवास्तव, सचिव सुप्रीता लाल, नीता शेखर,अर्चना त्रिवेदी, सुषमा सिन्हा, नुपुर शशांक, अनिता जायसवाल,शालिनी सिन्हा, मीना सहाय, सुषमा पांडेय, निशी श्रीवास्तव,प्रिया राय, सोनल श्रीवास्तव, रागिनी सिंह एवं अनुपमा चौधरी शामिल हुईं।

# रिसालदार शाह बाबा दरगाह कमिटी ने किया चुनाव समिति का एलान

### वक्फ बोर्ड के बाइलॉज के अनुसार चुनाव कराने का हुआ निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा दरगाह कमेटी की एक अहम बैठक सोमवार को दरगाह कार्यालय में हुई। इसका मुख्य एजेंडा दरगाह कमेटी का चुनाव रहा।

इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वक्फ बोर्ड द्वारा भेजे गये लेटर के अनुसार एक महीना के अंदर दरगाह कमेटी के बाइलॉज के अनुसार चुनाव कराना है। इस पर उपस्थित सभी लोगों ने अपनी अपनी राय रखी। सर्वसम्मति से दरगाह कमेटी के चुनाव संयोजक (कन्वेनर) दरगाह के मुजावर मोहम्मद इरफान को बनाया गया। संयोजक के सहयोग के लिए एग्जीक्यूटिव बॉडी के 21 लोगों में से 6 लोगों को चुनाव कमेटी के लिए चुना गया। इसमें शाहीन अहमद, मोहम्मद इकबाल, इरफान खान पप्पू, मोहम्मद वसीम, शराफत हुसैन और सरफराज कुरेशी का नाम शामिल है।



इसके साथ ही, यह भी निर्णय हुआ कि चुनाव कमेटी को निर्धारित समय पर वक्फ बोर्ड के बाइलॉज के अनुसार चुनाव कराना है। उपस्थित लोगो में हाजी जाकिर, मोहम्मद फारुक, मो गब्बर, नसीम उर्फ पप्पू गद्दी, शाहिद जब्बार, मुन्ना गद्दी, शाहिद आलम, साजिद अली, अली अहमद, शोएब अंसारी, हाजी मुख्तार, शाहीन अहमद, सरफराज कुरैशी, शराफत हुसैन, गुलाम ख्वाजा, छोटू खान, आरिफ जमाल, रिजवान हुसैन, मोहम्मद कलाम, बबलू, राजा, मो बेलाल, मो अतीक, मो महफूज आदि थे।

## खबर एक नजर में

### धूमधाम से मना श्री श्याम मंदिर का सप्तम स्थापना दिवस



**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर का सप्तम स्थापना दिवस समारोह वैशाख शुक्ल एकादशी सोमवार (1 मई 2023) को विविध कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह में कोलकाता से विशेष रूप से कारीगरों को बुलाकर मंदिर परिसर को सजाया गया था। विभिन्न प्रकार के फूलों से बाबा श्याम का मनोहरी श्रृंगार किया गया। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस समारोह का प्रारंभ प्रात: 5:30 बजे मंगल आरती के साथ हुआ। मुख्य समारोह रात्रि 9:30 बजे प्रारंभ हुआ। ज्ञात हो कि 2017 में मई माह में श्री श्याम मंदिर का उद्घाटन हुआ था। मंगलवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में 48वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ किया गया।

### कैंब्रिज ग्रुप के विद्यार्थियों ने किया इंडस्ट्रीयल विजिट

**रांची।** कैंब्रिज ग्रुप के विद्यार्थियों ने मंगलवार को इंडस्ट्रियल विजिट किया। ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड ( बीआईएस) जमशेदपुर शाखा के तत्वाधान में उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं कैंब्रिज पॉलीटेक्निक के इंजीनियरिंग ब्रांच कुल के 151 विद्यार्थियों को टाटीसिलवई औधोगिक क्षेत्र स्थित गैस सिलेंडर का निर्माण करने वाले संयंत्र गिन्नी इंस्डस्ट्री का इंडस्ट्रियल विजिट कराया गया। इस दौरान इंडस्ट्री के क्वालिटी कंट्रोल इंचार्ज निलेश कुमार व संदीप कुमार ने विद्यार्थियों को बारीकी से सिलेंडर निर्माण से जुड़ी तकनीकी जानकारी और निर्माण के दौरान बरती जाने वाली सुरक्षा के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।

### सिख स्टुडेंट्स फेडरेशन का बैसाखी मेला आयोजित

**रांची।** बीते शाम गुरुनानक स्कूल में आल इंडिया सिख स्टुडेंट्स फेडरेशन ने बैसाखी मेला का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत गुरूद्वारा साहिब के ग्रंथी ने अरदास कर की। अध्यक्ष तजेंद्र सिंह , उपाध्यक्ष सनी सिंह किंग इवेंट्स एवं मनप्रीत सिंह, मनदीप सिंह अरदास में शामिल हुए। अध्यक्ष तजेंद्र सिंह ने कहा कि 6साल बच्चे से लेकर 55साल के बुजुर्ग ने पंजाबी लोक नृत्य एवम कई सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से 400 दर्शकों का मन मोह लिया सभी को सम्मानित किया गया। मौके पर देश के पावरलिफ्टिंग किंग इंदरजीत सभरवाल को सम्मानित किया गया। रांची टेंट हाउस ने स्टेज की सेवा दी।

### कांग्रेस नेता नगर आयुक्त से मिले

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेता अजय सिंह ने रांची नगर निगम आयुक्त के कार्यालय में जाकर क्षेत्र के जन समस्याओं को लेकर एक आवेदन दिया। आवेदन के माध्यम से उन्होंने मांग किया है कि वार्ड नंबर 27, 28, 29 में क्षेत्र के सभी मुख्य सड़क की नालिया में कूड़ा भरा हुआ है जिससे नाली जाम है। पेयजल की समस्या का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सप्लाई का पानी सभी घरों को तक नहीं पहुंच पाता, क्योंकि बहुत जगह पाइपलाइन फटा हुआ है। इसे देखते हुए कैलाश नगर, संत ज्ञानोदय स्कूल के समीप, हरी नगर, गोपाल मंदिर, राजा हाता में टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जाए।

### गौ परिक्रमा मंदिर में हुए कई अनुष्ठान

**रांची।** गोमाता सेवा समिति रांची द्वारा रांची गोशाला न्यास के सानिध्य में सुकरहुटू कांके गोशाला में नवनिर्मित गौ परिक्रमा मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के तीसरे व चौथे दिन कई अनुष्ठान संपन्न हुए। तीसरे दिन प्रभु श्री गोपाल को धृताधिवास, गंधाधिवास, पुष्पाधिवास, वस्त्राधिवास, फलाधिवास, मिष्टानाधिवास, आचार्यों के मंत्रोचार एवं पूरे विधि- विधान से समर्पित किया गया। मंगलवार को चौथे दिन श्री प्रभु का देव स्वप्न विधान, महा स्नान, नेत्रों मिलन, नगर भ्रमण, शय्याधिवास हवन, प्रसाद वितरण आदि के अनुष्ठान हुए। श्री प्रभु कृष्ण के मनमोहक झांकी अलौकिक श्रृंगार के साथ शोभायात्रा निकाल सुकूरहुटू के कांके क्षेत्र में नगर भ्रमण कराया गया।

### मई दिवस पर सीसीएल में श्रमिक सम्मान समारोह आयोजित



**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर सीसीएल मुख्यालय में श्रमिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम सीसीएल के सीएमडी, पीएम. प्रसाद, निदेशक, राम बाबू प्रसाद, हर्ष नाथ मिश्र, बी. साईराम, पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ, पंकज कुमार तथा मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण सहित सीसीएल कर्मियों द्वारा दरभंगा हाउस प्रागंण में स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत शहीद सीसीएल कर्मियों, कर्मवीर दिवंगत सीसीएल सपूतों को शत-शत नमन किया।

### एब्सोल्यूट ने लांच किया इनेरा क्रॉप साइंसेज

**रांची।** बायोसाइंस कंपनी, एब्सोल्यूट ने अपना जैविक कृषि इनपुट व्यवसाय- इनेरा क्रॉप साइंसेज लांच किया है। इनेरा एब्सोल्यूट की अनुसंधान एवं विकास शाखा जेनेसिस द्वारा समर्थित है। कंपनी ने भारत में निर्मित बायोफर्टिलाइजर्स, बायोस्टिमुलेंट्स, बायोकंट्रोल और सीड कोटिंग उत्पादों की एक फसल-अज्ञेय रेंज लांच की है। मुख्य रूप से, इनेरा के जैविक इनपुट उत्पादकों को मिट्टी की गुणवत्ता, पौधे प्रतिरोध, रोग प्रतिरोध, कीट संरक्षण और सुधार में सुधार के अनुकूल उपाय प्रदान करते हैं।

### राणीसती सुपर किंग्स का ट्रॉफी पर कब्जा

**रांची।** दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आइसीएआइ) रांची शाखा की ओर से रांची जिमखाना जिमखाना क्लब ग्राउंड में आयोजित चार्टर्ड एकाउंटेंट्स प्रीमियर लीग - सीजन - 06 के फाइनल में सीए सोनित अग्रवाल और सीए निखिल केडिया की टीम राणीसती किंग्स ने सीए अनिल जैन की टीम रांची चैलेंजर्स को 6 विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया।

## स्वास्थ्य जागरूकता पर सेमिनार का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार के लिए केवा काइपो इंडस्ट्रीज के कोहिनूर ग्रुप द्वारा विगत 30 अप्रैल को रांची के खेलगांव स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित डॉ करण गोयल ने देश की दो बड़ी समस्या बीमारी और बेरोजगारी को दूर कैसे किया जाये, पर चर्चा की। आयुर्वेद के जरिये कैसे एक स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है, उसके बारे में बताया। उन्होंने अगले वर्ष 2024 में कंपनी का ऑफिस झारखंड के रांची में भी स्थापित करने का भी लक्ष्य रखा। इस सेमिनार में पूरे देश से हजारों की संख्या में आयुर्वेद के जरिये स्वास्थ्य लाभ ले चुके लोग सम्मिलित हुए। इस सेमिनार को सफल करने में कंपनी के नेशनल प्रमोटर सहादत अंसारी, चेयरमैन अशोक झा, एमएम आलम, अविनाश कुमार, संतोष कुमार, सुरेंद्र भारती, शंकर कुमार, तुलसी साव और कंपनी के नेशनल ट्रेनर प्रदीप सिंह राठौर की मुख्य भूमिका रही।

## डीएसपीएमयू में बना नया छात्र संगठन झारखंड छात्र दल

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में एक नए छात्र संगठन झारखंड छात्र दल का शुभारंभ एवं संगठन पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। मौके पर विश्विद्यालय में नवगठित संगठन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता सह झारखंड आंदोलनकारी डॉ प्रणव कुमार बब्बू ,विशिष्ट अतिथि इंडियन जर्नलिस्ट एसोशिएशसन झारखंड के प्रदेश महामंत्री देवानंद सिन्हा, महिला उपाध्यक्ष मधु सिन्हा, प्रदेश सचिव विजय दत्त पिंटू एवं रांची जिला अध्यक्ष सौरभ रॉय, रोहित

## धार्मिक संगठनों ने समलैंगिक विवाह को लेकर जतायी नाराजगी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** समलैंगिक विवाह यानी पुरुष से पुरुष और स्त्री से स्त्री के विवाह को कानूनी मान्यता देने वाले मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इसके खिलाफ कई सामाजिक संगठनों ने आवाज उठानी भी शुरू कर दी है।

झारखंड में भी समलैंगिक विवाह का विरोध हो रहा है। इसे लेकर झारखंड सिविल सोसाइटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राज्यपाल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम से एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उन्होंने समलैंगिक विवाह को लेकर अपनी चिंता और नाराजगी जाहिर की है। इस दौरान नेशनल फोरम फॉर विकर सेक्शन ऑफ द सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कर्मचारी परिसंघ के नेता डॉ सहदेव राम, धार्मिक नेता स्वामी दिव्यज्ञान महराज, रूनाद फाउंडेशन की प्रबंध निदेशक डॉ अर्पिता सूत्रधार, आईआईटीयन एवं ग्रामीण पुनर्निर्माण संस्थान के प्रबंध निदेशक अमलेंदु सरकार और मुस्लिम समाज के प्रतिनिधिमंडल मौजूद थे। राज्यपाल से मुलाकात के बाद धार्मिक नेता स्वामी दिव्यज्ञान महराज ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह कदम भारत की संस्कृति और भारतीय पारिवारिक व्यवस्था के लिए घातक है। भारतीय पारिवारिक व्यवस्था को सर्वोत्तम माना गया है। इसी परंपरा पर चलते हुए विश्व भर में महिला-पुरुषों के विवाह को ही मान्यता दी गयी है। कहा कि कोई भी धर्म संप्रदाय, विचार के लोग पुरुष को पुरुष से और महिला को महिला से विवाह करने की अनुमति नहीं देते हैं।

**राष्ट्रपति के नाम राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन**

## शारदा ग्लोबल के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल में अप्रैल महीने में संपन्न हुए विभिन्न कार्यक्रमों में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विद्यालय के प्राचार्य जसमीत कौर ने सर्टिफिकेट एवं मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिताएं जो अप्रैल माह में आयोजित हुई थीं, उसमें इंटर क्लास क्विज कंपटीशन में तन्मय लोहिया, अरुण पांडे, अभय सिंह क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे थे। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में गौरी कुमारी, आयशा, वान्या दुबे क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही थीं। इंटर क्लास एड मैड शो में प्रज्ञा शुक्ला, अरमान मयंक क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहे थे। जनरल राइटिंग कंपटीशन फ्यूचर मी विषय पर आयोजित हुई, जिसमें किंजल कनिका, सिद्धानी, शौर्य वर्मा क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे थे। इसके अतिरिक्त, कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्रों के लिए आयोजित हुई इंटर हाउस बैडमिंटन कंपटीशन में बालिका वर्ग में इशिता वर्मा और बालक वर्ग में बलदेव सिंह नामधारी प्रथम स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में हर्षा लाल और बालक वर्ग में अरमान मयंक द्वितीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में मेहर, साइना सिंह तथा बालक वर्ग में शाम देव सुमन, अनिकेत तृतीय एवं चतुर्थ स्थान पर रहे थे। विद्यालय की डायरेक्टर (एकेडमिक) रंजना स्वरूप एवं प्राचार्य जसमीत कौर ने छात्रों को विभिन्न गतिविधियों के महत्व को समझाया एवं उन्हें पुरस्कृत कर जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र दिया।

# कम संसाधन और सरलता से हो गतिविधियों का आयोजन : लाठकर

### आइआइटी एलुमनी एसोसिएशन रांची चैप्टर की कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आइआइटी एलुमनी एसोसिएशन रांची चैप्टर की कार्यकारिणी बैठक श्री संजय आनंद राव लाठकर (अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड) की अध्यक्षता में मेकॉन गेस्ट हाउस में संपन्न हुई। बैठक में डॉ राजीव कुमार ने एनजीओ प्रतिनिधि के तौर पर आशा संस्था (एसोसिएशन ऑफ सोशल एंड ह्यूमन अवेयरनेस) के संस्थापक अजय जायसवाल एवं अध्यक्षा पूनम टोप्पो को आमंत्रित किया।

दोनों ने आशा संस्था के उल्लेखनीय कार्य जैसे डायन प्रथा पर रोक, पीड़ितों का सामाजिक पुनर्वास, बालिकाओं की तस्करी पर रोकथाम सहित महिला एवं बच्चों की विभिन्न प्रकार के उत्पीड़न से बचाव एवं दीर्घकालिक पुनर्वास संबंधी कार्यों पर प्रकाश डाला। एसोसिएशन रांची के सदस्यों ने विभिन्न दृष्टिकोण से आशा संस्था की समस्याओं को समझने की चेष्टा की और उसके संभावित निदान के लिये विभिन्न योजनाओं पर अपने विचार प्रकट किये। इसके बाद आईआईटी एलुमनी एसोसिएशन रांची के एक संस्था के तौर पर औपचारिक निबंधन, वेबसाइट निर्माण, एवं समय-समय पर सामाजिक गतिविधियों के आयोजन पर चर्चा हुई। डॉ अनुपम घोष ने एसोसिएशन की इस कार्यकारिणी बैठक का प्रबंधन किया। संजय आनंद राव लाठकर ने अल्प अंतराल पर ऐसी गतिविधियों के आयोजन पर जोर दिया, जिनमे कम संसाधन का प्रयोग हो ताकि नवीनता, रचनात्मकता और सरलता से यह आयोजित की जा सके। डॉ जीत मुखर्जी ने वेब साइट निर्माण पर अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर संजय आनंद राव लाठकर, डॉ अनुपम घोष, डॉ जीत मुखर्जी, डॉ रंधीर कुमार, सुधांशु, चन्द्रमोहन चुग, डॉ राजीव कुमार, रुपाली मनी, डॉ अनल सिन्हा, डॉ स्वागत पायरा, आशीष गुप्ता, आर के वर्मा, नर्गिससहित एसोसिएशन के कई सदस्य उपस्थित थे।

## सरकारी स्तर पर फैलाये जा रहे फेक न्यूज : सुबोधकांत



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा है कि अब सरकारी स्तर पर फेक न्यूज फैलाया जा रहा है। श्री सहाय मजदूर दिवस पर आयोजित परिचर्चा में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इसका आयोजन झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स की ओर से प्रेस क्लब में किया गया था। उन्होंने कहा कि देश का माहौल बहुत खतरनाक है। मीडिया की स्थिति में काफी बदलाव आया है। पहले किसी पत्रकार का सम्मान देश के प्रधानमंत्री तक किया करते थे। आज असली खबर ही दबा दी जाती है। यह बदलाव देश के लोकतंत्र के लिये शुभ संकेत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सामान्य पत्रकार ही नहीं बल्कि संपादक भी प्रबंधन के दबाव में है। प्रबंधन भी सरकार के विज्ञापन के भयादोहन का शिकार है। ऐसी स्थिति में आम पत्रकारों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

इस परिचर्चा में प्रेस काउंसिल के सदस्य प्रज्ञानंद चौधरी ने अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के इतिहास की जानकारी दी और कई महत्वपूर्ण विषयों पर लोगों का ध्यान आकृष्ट किया। श्री चौधरी ने कहा कि भारत में पत्रकारिता और चुनौतीपूर्ण हो गयी है। उन्होंने कहा कि फर्जी खबरों के प्रति असली पत्रकारों को और जागरूक एवं एकजुट होना होगा। वरिष्ठ पत्रकार प्रो प्रकाश सहाय ने पत्रकारों को हर स्तर पर मजबूत होने की बात कही। संपादक अनुज सिन्हा ने कहा कि इस स्थिति को दूसरे नजरिये से देखने की जरूरत है। आज इसमें बेईमानी है, तभी ईमानदारों की अलग पहचान है। यूनियन के अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल ने कहा कि यह अजीब दौर है, जहां केंद्र और राज्य सरकार दोनों की भूमिका पत्रकारों के मामले में एक जैसी नजर आ रही है। सभी को अपने लिये चाटूकारिता करने वालों की जरूरत है। लेकिन यूनियन के सदस्य अपनी ईमानदारी के साथ जिस तरीके से आज भी उसी तेवर के साथ खड़े हैं। समारोह में राजेश सिंह, अखिलेश सिंह, प्रताप सिंह, अरविंद प्रताप, जावेद अंसारी आदि उपस्थित थे।

# राजेंद्र चौक में उपद्रव मामला: प्रार्थी को जवाब दाखिल करने का निर्देश

**तबरेज अंसारी की मॉब लिंचिंग के बाद रांची के राजेंद्र चौक के पास हुआ था हंगामा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरायकेला में तबरेज अंसारी की भीड़ द्वारा मौत के बाद राजधानी रांची में 5 जुलाई 2019 को राजेंद्र चौक के पास हंगामा और इकरा मस्जिद के पास चाकूबाजी की हुई घटना मामले में पंकज यादव की जनहित याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर बताया गया कि मामले में कई लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया गया है। इस पर प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि डोरंडा के राजेंद्र चौक पर में उपद्रव करने वाले लोग और 10 जून 2022 में मेन रोड में हिंसा करने वाले लोगों मे से कई लोग कॉमन है। अगर वर्ष 2019 में ही अशांति फैलाने वाले ऐसे गैंग के खिलाफ एक्शन ले लिया जाता तो साल 2022 में मेन रोड में 10 जून को हुई घटना से बचा जा सकता था। इस पर कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार के जवाब पर प्रार्थी को प्रतिउत्तर देने एवं पूरक शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया।

# रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन 10 मई से हो सकती है शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची-पटना के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को लेकर नयी जानकारी सामने आयी है। झारखंड को 10 मई को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिलने वाली है। इस ट्रेन का परिचालन 10 मई से होगा। रेलवे के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। बता दें कि अबतक विलंब होने के पीछे कुछ तकनीकि कारण थे। रेलवे के अधिकारियों ने कहा कि इस बार कोई तकनीकि समस्या नहीं आई तो निश्चित ही 10 मई से इसे चलाने की तैयारी है।

**पटना और रांची में क्या होगा ट्रेन का समय** : जानकारी के मुताबिक, रेलवे की ओर से भेजी गई पहली समय सारिणी में पटना से ट्रेन सुबह 6:35 बजे रवाना होगी और दोपहर 1:20 बजे हटिया पहुंच जाएगी। वहीं, हटिया से ट्रेन दोपहर 2:00 बजे खुलेगी और रात 8:25 बजे पटना पहुंचेगी। दूसरी समय सारिणी पर नजर डालें तो हटिया से यह ट्रेन सुबह 7:55 बजे रवाना होगी और दोपहर 2:20 बजे पटना पहुंचेगी। वहीं, पटना से ट्रेन दोपहर 3:25 रवाना होगी और रात 9:50 बजे हटिया पहुंच जाएगी।

**नए रूट पर चलेगी ट्रेन** : झारखंड की राजधानी रांची और पटना के बीच वंदे भारत ट्रेन का परिचालन नये रूट से किया जाएगा। वर्तमान में चल रही जनशताब्दी गया से हजारीबाग रोड से होते हुए बोकारो मूरी के रास्ते रांची पहुंचती है। वंदे भारत एक्सप्रेस रांची से पटना तक का सफर 6 घंटे में ही पूरा करेगी।

## 36वें दीक्षांत समारोह का सोशल मीडिया पर किया गया लाइव प्रसारण

# गोल्ड मेडल हासिल करने वालों में 62% गोल्डन गर्ल्स, यूजी-पीजी के 2859 छात्रों को मिली डिग्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्थान रांची यूनिवर्सिटी के मोरहाबादी कैंपस स्थित दीक्षांत मंडप। समय सुबह के 10.30 बजे हैं। अवसर रांची विवि के 36वें दीक्षांत समारोह का। यूजी-पीजी, पीएचडी, डी-लिट समेत प्रोफेशनल कोर्सों के पास आउट 2859 युवा परंपरागत परिधान में निर्धारित स्थान पर बैठे रहे। टॉपरों के चेहरे पर स्वर्णिम चमक साफ झलक रही थी। सैकड़ों स्टूडेंट्स सेल्फी ले रहे थे। 11.33 बजे दीक्षांत मंडप में रजिस्ट्रार डॉ. मुकुंद मेहता के नेतृत्व में कनवोकेशन परेड प्रवेश करता है, जिसमें मुख्य अतिथि गवर्नर सह चांसलर सीपी राधाकृष्णण, वीसी प्रो. अजीत कुमार सिन्हा, प्रोवीसी प्रो. अरुण कुमार सिन्हा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष कुमार झा, डीन, एचओडी, सीनेट, सिंडिकेट के सदस्य शामिल हैं। सबसे पहले पीजी के ओवर ऑल टॉपर को गोल्ड मेडल के लिए आमंत्रित किया गया। इसके साथ ही दीक्षांत मंडप तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। गवर्नर ने दीक्षांत समारोह में यूजी-पीजी और वोकेशनल कोर्सों के 65 टॉपरों के बीच 81 गोल्ड मेडल दिए, जिसमें 50 छात्राएं थीं। यानि स्वर्ण पदक पाने वालों में 62 प्रतिशत छात्राएं थीं। वहीं समारोह में आवेदन देने वाले कुल 2859 पास आउट छात्रों को उपाधि प्रदान की गई।



**राज्यपाल के हाथों मेडल लेने का सपना नहीं हुआ पूरा**



**रांची।** केसीबी कॉलेज बेड़ो के अनिल उरांव राज्यपाल के हाथों गोल्ड मेडल नहीं ले सके। एक फर्जी लड़के ने अनिल उरांव के नाम का मेडल राज्यपाल के हाथों ले लिया और उसे स्टेज पर जाने से रोक दिया गया। जब इसकी शिकायत वीसी से की गयी तो वीसी ने अनिल को गोल्ड मेडल दिया।

**मंच पर सास के हाथों नहीं मिला मेडल तो नीचे ले लिया**



बुढ़मू के सुदूर गांव चैनगढ़ा की सुमन को अपनी सास के हाथों राज्यपाल के सामने मेडल लेने की इच्छा थी। मेडल लेने के सुमन की सास मीना को मंच पर जाने से रोक दिया गया। मंच से नीचे आते ही सुमन ने सास के हाथों गोल्ड मेडल लिया।

**विभा को भूगोल में फर्स्ट क्लास के लिए मिली डिग्री**



विभाग कुमारी डोरंडा कॉलेज से पीजी भूगोल में फर्स्ट क्लास लाने पर दीक्षांत मंडप में वीसी अजीत कुमार सिन्हा ने डिग्री दी। वीसी ने उनके उज्वल भविष्य की उन्हें बधाई दी है। अपनी इस सफलता का श्रेय विभा ने विभाग ने शिक्षकों के साथ-साथ मां-पिता और परिवार को सदस्यों को दिया है।

**चांदनी ठाकुर को सोशल साइंस में पीएचडी की डिग्री**



शाहदेव नगर की चांदनी ठाकुर को साशल साइंस में पीएचडी की डिग्री दी गयी। रांची विवि के वीसी अजीत कुमार सिन्हा ने चांदनी को डिग्री देते हुए उन्के उज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विभाग के निदेशक डॉ मो परवेज हसन ने भी उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

**अभिभावक और शिक्षकों की बहुत आभारी हूं : गगनदीप**



अर्थशास्त्र विषय में गोल्ड मेडल हासिल करने वाली गगनदीप कौर ने कहा कि मैंने एमएसएम थर्ड में ही यूजीसी नेट जेआरएफ जेआरएफ क्वालीफाई कर लिया था। मैं अपने अभिभावक और शिक्षकों की बहुत आभारी हूं। अगर आपने पूरी लगन से मेहनत की विषयों को अच्छे समझा है, तो सफलता जरूर आपके कदम चूमेगी।

*खबर मन्त्र से खास बातचीत : रांची विवि के गोल्ड मेडलिस्टों ने खबर मन्त्र से बातचीत में इस मुकाम पर पहुंचने का श्रेय माता-पिता, अभिभावक और अपने गुरुजनों को दिया। कई छात्रों ने कहा कि कड़ी मेहनत के बल पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। सभी अनुज विद्यार्थियों से आग्रह होगा कि निष्ठा से मन लगाकर पढ़ाई करें।*

## जानिए किसने क्या कहा

डिग्री पाकर काफी खुशी हो रही है। जब दाखिला लिया तो लगा ही नहीं कि इतनी जल्दी कोर्स पूरा होगा। बस मेहनत पर विश्वास रखा, श्रेणी के बारे में नहीं सोचा। आगे जूलॉजी के क्षेत्र में नया रिसर्च करने की इच्छा रखती हूं। रिसर्चर के साथ कार्य करते हुए अपने ज्ञान को बांटना चाहती हूं। एक प्रोफेसर के रूप में खुद को देखना चाहती हूं - **माधवी कुमारी, जुलॉजी**

देश में कानून का हिसस् बनकर लोगों की मदद की जा सकती है, इस सोच ने मुझे लॉ की पढ़ाई के लिए मदद की। मैंने अपना शत प्रतिशत अपनी पढ़ाई में दिया है, ताकि एक अच्छी अधिवक्ता बन सकूं। अभी झारखंड हाईकोर्ट में प्रैक्टस कर रही हूं। आगे चलकर एक अच्छी अधिवक्ता बनना चाहती हूं, ताकि लोगों की मदद कर सकूं - **तेजस्वी, एलएलएम**

एक शिक्षक में समाज को दिशा देने की ताकत सबसे अधिक होती है। उसका प्रभाव आनेवाली जेनरेशन पर होता है, इसलिए मैं एक शिक्षक के तौर पर काम करना चाहती हूं। वोकेशनल कोर्स के माध्यम से करियर की संभावनाएं भी अधिक हैं- **सोनम मिश्रा, बायोटेक्नोलॉजी**

गणित विषय चैलेंजिंग जरूर है, लेकिन रोचक भी है। अब मेरा लक्ष्य प्रशासनिक सेवा में जाने का है। मैं काफी दिनों से तैयारी कर रही हूं। राज्य और देश की सेवा के लिए जिम्मेदारी लेने का समय है और यह सेवा प्रसासनिक पद पर रहकर की जा सकती है - **सोनी कुमारी, गणित**

काफी मेहनत के बाद डिग्री मिली तो काफी खुशी और सुकून मिला। यह मेनहत का फल काफी खुशी देता है। मैं एक शिक्षक के रूप में खुद को स्थापित करना चाहती हूं। मुझे लगता है एक शिक्षक बेहतर समाज के निर्माण की नींव रख सकता है। शिक्षण पद्धति बदल रही है, ऐसे में मुझे मेरी पढ़ाई से काफी मदद मिलेगी - **जेनिस श्वेता टोपनो, एमएड**

भारत सभ्यता और संस्कृति वाला देश है। यहां के रहस्यों को जानना और उसकी खासियत लोगों तक पहुंचाना काफी रोचक हो सकता है। मेरी भी शुरू से अतिहास को लेकर रूचि रही है, इसलिए मैंन पुरातत्व एवं संग्रहालय विज्ञान की पढ़ाई की। एक पुरातत्ववेदा के रूप में खुद को स्थापित करना चाहती हूं - **बैजंती रानी, पुरातत्व एवं संग्रहालय विज्ञान**

# पति पर मारपीट का आरोप, शिकायत दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के बरियातू में पंचवटी गार्डन अपार्टमेंट में रहने वाले मिशन ब्लू फाउंडेशन के संचालक पंकज सोनी पर दूसरी लड़की से अवैध संबंध रखने और देर रात पत्नी स्वाति सोनी और उसके बेटे से मारपीट का मामला सामने आया है। घटना सोमवार रात करीब 10 बजे की है। यह आरोप पंकज सोनी की पत्नी स्वाति सोनी ने लगाया है। पंकज सोनी द्वारा जान मारने की नीयत से मारपीट की घटना के बाद पत्नी स्वाति सोनी किसी तरह जान बचा कर घर से निकल बरियातू थाना पहुंची। पीड़ित पत्नी स्वाति सोनी ने मामले की जानकारी पहले परिजनों को दी फिर, परिजनों के साथ स्वाति सोनी पुलिस थाना पहुंची। इसके बाद आरोपी पति पंकज सोनी के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है।

पंकज सोनी ने बेटे को घर में बंद कर रखा है। जबकि, बेटी परिधि सोनी को लेकर स्वाति सोनी घर से निकल गयी है।

**दूसरी लड़की से मिलने भुवनेश्वर गया था पंकज**

आरोपी पंकज सोनी काम के सिलसिले में बाहर आता-जाता था तो दूसरी लड़की से मिलता-जुलता था। यह सिलसिला बंद होने का नाम नहीं ले रहा था। फिर 1 मई 2023 को जब पत्नी स्वाति सोनी और उसके बेटे ने विरोध किया, तो पंकज सोनी ने दोनों को मारा। फिर, जब हवा भरने वाली मशीन उठाकर मारने का प्रयास किया तो पत्नी दरवाजा खोलकर घर से भागी और अपनी जान बचायी।

# सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल में नवजात शिशुओं के लिए नेत्ररोग शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल में रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमेच्योरिटी स्क्रीनिंग कैंप लगाया गया। शिविर में रेटिनल कैमरा की मदद से विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 20 शिशुओं की स्क्रीनिंग की गई तथा रोग के खतरे के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। ज्ञात हो कि **आरओपी** समय से पहले पैदा होने वाले और कम वजन वाले बच्चों को प्रभावित करती है और अगर इसका समय रहते निदान और उपचार नहीं किया जाता है तो इस बीमारी से ग्रस्त बच्चे स्थायी रूप से दृष्टिहीन हो सकते हैं। इसकी गंभीरता को देखते हुए सीसीएल अपने हितधारकों एवं समाज के लोगों की स्वास्थ्य के प्रति सजगता दिखाते हुए इस शिविर का आयोजन किया ताकि जरूरतमंद नवजात शिशुओं को इसका लाभ मिल सके। इस शिविर के सफल आयोजन में डॉ उत्पला चक्रवर्ती एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

# लड़ कर लिया जायेगा मजदूरों का अधिकार : ललित ओझा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड जनशक्ति मधुर यूनियन के नेतृत्व में विशाल मजदूर अधिकार मार्च निकाला गया। केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ओझा के नेतृत्व में पिस्का मोड़ विश्वनाथ मंदिर मैदान से अधिकार मार्च निकाला गया। यह मार्च रातू रोड से शहीद चौक, कचहरी रोड होते हुये राज भवन पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। इस अवसर पर भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ आशा लकड़ा भी मार्च में शामिल हुईं। उन्होंने मजदूर दिवस पर श्रमिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यूनियन की पांच सूत्री मांगों को पूरा करना होगा। ललित नारायण ओझा ने कहा कि राज्य में जंगल राज की स्थापना हो गई है। श्रमिको के केंद्रीय योजनाओं का अनुपालन राज्य में नही ही रहा है। मजदूरों को न आवास की सुविधा और न ही पीने का पानी मिल रहा है। उन्होंने राज्यपाल से पांच सूत्री मांगों पर संज्ञान लेने का आग्रह किया गया। अधिकार मार्च को संजय कुमार जयसवाल, बिंदूल वर्मा, चंद्र शेखर ओझा, प्रवीण दुबे, संतोष सिंह, नागो महतो, रजनी तिर्की, सुषमा उरांव सहित अन्य ने संबोधित किया। इसमें महेंद्र यादव, बली राय, संजय यादव, राममाया, गौरी शंकर राय, परमानंद राय, मथुरा यादव, शंकर चौधरी आदि शामिल थे।

रांची शहर की खबरें पेज 9 पर भी देखें

# सीएमपीडीआई के 2 सदस्य हुए सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीएमपीडीआई परिवार के सेवानिवृत्त हो चुके 2 सदस्यों को आयोजित विदाई-सह-सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। इनमें अभिजीत सिन्हा- भूतपूर्व महाप्रबंधक (पर्यावरण) एवं शैलेन्द्र कुमार तिवारी-भूतपूर्व खेल पर्यवेक्षक शामिल हैं। इस मौके पर सीएमपीडीआई के वरीय सलाहकार (माइनिंग) एके राणा ने सेवानिवृत्त कर्मियों को पुष्पगुच्छ, मान-पत्र, पेंशन पे-ऑडर, प्रतीक चिह्न व शॉल देकर सम्मानित किया एवं उत्तम स्वास्थ्य, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्षगण ने भी सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए मंगल कामना की। मौके पर प्रलय भट्टाचार्या, मनोज कुर्रे, सुनील कुमार, सौविक मुखर्जी अभिषेक कुमार आदि मौजूद थे।

## बंगाल के बीजेपी लीडर की हत्या करनेवाला दो शूटर रांची में गिरफ्तार

**रांची।** बंगाल में भाजपा नेता राजू झा की हत्या करने के बाद नगड़ी इलाके में छिप कर रहे दो शूटर पकड़े गए हैं। पकड़े गए शूटर का नाम इंद्रजीत गिरी (बनारस) और लाल बाबू कुमार (बिहार) का है। बता दें कि 1 अप्रैल को आसनसोल में कोयला कारोबारी सह भाजपा नेता राजू झा की हत्या कर दी थी गयी। बंगाल पुलिस को मोबाइल लोकेशन रांची का लालगुटवा मिला। रांची पुलिस के सहयोग से दोनों शूटर को गिरफ्तार किया गया।

E-mail-mdjscb@gmail.com / mdjscb@jscb.gov.in Ph.No. 0651-2913111
JHARKHAND STATE COOPERATIVE BANK LIMITED, RANCHI
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi-834001 Website:- jscb.gov.in

अति आवश्यक सूचना

आज दिनांक 29.04.2023 को श्रीमती विभा सिंह, माननीय, अध्यक्ष महोदया, झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के नेतृत्व में निदेशक पर्षद के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वर्ष 2018 एवं वर्ष 2019 हेतु बैंक के द्वारा बीमित लाभुक कृषकों, जिनकी क्षतिपूर्ति राशि उनके खातों में हस्तांतरित होने में कठिनाई आ रही है, वे अपना आवेदन झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक के सम्बंधित शाखा में समर्पित करेंगे।

उक्त के आलोक में बैंक के सभी सम्मानित ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि वे अपना आवेदन सम्बंधित नजदीकी शाखा में यथाशीघ्र समर्पित करें। सम्बंधित शाखा आवेदन प्राप्त कर निर्दिष्ट कमियों (IFSC Code, Account Number, Land Survey Number, Sub-division Number आदि) में सुधार करते हुए, इन्हें सम्बंधित बीमा कंपनियों को बैंक मुख्यालय को सूचित करते हुए प्रेषित करेंगे, जिससे कि बीमा कंपनियों के द्वारा क्षतिपूर्ति राशि बैंक के सभी सम्मानित ग्राहकों / कृषकों के खाते में तत्काल हस्तांतरित की जा सके।

(डॉ मनोज कुमार)
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लि.

## सचिवालय समेत अन्य जगहों पर नौकरी लगाने के नाम पर ठगे 14 लाख

# ऐशो-आराम के लिए बने बंटी-बबली! शौक को पूरा करने के लिए कपल चुन रहे हैं क्राइम का रास्ता

**पैसे की कमी को पूरा करने के लिए कपल बन रहे हैं चोर**

**बंटी-बबली के अंदाज में दे रहे हैं ठगी को अंजाम**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** अपराध की दुनिया से जो लोग जुड़ते हैं या तो मजबूरी में या फिर किसी बड़ी वजह की वजह से वो इस तरह के कदम उठाते हैं, लेकिन हैरानी तब होती है जब अपने शौक पूरे करने के लिए कोई अपराध का रास्ता चुन ले। अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए नौकरी, बिजनेस या कोई दूसरा काम करने की जगह क्राइम के रास्ते पर चल पड़े। पिछले कुछ समय में कई ऐसे मामले सामने आए जिनको कपल ने मिल कर अंजाम दिया।

आपको बता दें कि पैसे कमाने के लिए पढ़े-लिखे गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड और पति-पत्नी बन गए रियल लाइफ बंटी बबली। रांची में एक बंटी- बबली ऐसे हैं, जो युवक- युवतियों को सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर लगभग 14 लाख रूपए ठग लिए। इस बाबत पीड़ित युवकों ने रांची डीआइजी अनूप बिरथरे से मौखिक शिकायत दर्ज कराई है। डीआइजी ने आरोपियों के खिलाफ अरगोड़ा थाने में जालसाजी की प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश दिया है।

**20 लोगों से ठगे हैं नौकरी के नाम पर पैसे**

अभी तक अर्चना और उसके पति अरविंद ने लगभग 20 लोगों से लगभग 14 लाख रूपए ठग लिये हैं। जिन युवक-युवतियों के साथ ठगी का काम किया गया है, वे बिहार के रहनेवाले हैं। पीड़ित ने इस बाबत पुलिस अधिकारियों से शिकायत की है। पुलिस अधिकरियो ने पूरे मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। आरोपी अरगोड़ा इलाके का रहनेवाला है।

**शौक पूरे करने को कपल चुन रहे क्राइम की राह**

रांची की रहनेवाली अर्चना और उसके पति अरविंद दोनों ही पढ़े लिखे हैं। अरविंद स्नातक है जबकि अर्चना ने अच्छी शिक्षा हासिल की है। शादी के बाद इन दोनों ने प्लानिंग की लूट के पैसे से जिंदगी को चलाने की और बना ली बंटी-बबली की जोड़ी। ये दोनों फेसबुक के जरिए अमिर लोगों की तलाश करते हैं। उसके बाद उन्हें फ्रेंड रिकवेस्ट भेजती और उनसे दोस्ती करती। इसके बाद मिलने के लिए बुलाती। फिर मुलाकात के समय अपने रौब का धौंस दिखाती और नौकरी दिलाने के नाम पर अपने एकांउट में पैसे मंगवाती।

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED
(Jharkhand Govt. Undertaking)
Line Tank Road, Ranchi, Contact Tel. No. 0651-2214712
(CIN: U45200JH2002SGC012154)

e-Procurement Notice No. 03 / 2023-24

Letter No.- CE/3362/533 Date: 02.05.2023

JPHCL, Ranchi invites Percentage rate / item rate bids on approved Bill of Quantity from contractors registered before the publication date of this NIT (For F2)/ interested in registration with JPHCL (For SBD) in appropriate class for the works mentioned below:

| Sl. No. | Tender Reference No. | Name of Work | Approximate value of work (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Earnest Money Deposit (in Rs.) | Period of Completion | For | Type of Bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | JPHCL/ GR01/ NIT03/ 2023-24 | Construction of SSP Office Building at Jamshedpur in the district of East Singhbhum | 85093065.00 | 10000.00 | 851000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 2 | JPHCL/ GR02/ NIT03/ 2023-24 | Residual work of Electrical Control Room for (Campus A, B, C) at Jamtara Police Line in the district of Jamtara | 13001669.00 | 10000.00 | 261000.00 | 240 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 3 | JPHCL/ GR03/ NIT03/ 2023-24 | Construction of 225 Bedded Barrack at SIRB-01, Dumka in the district of Dumka | 53793616.00 | 10000.00 | 538000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 4 | JPHCL/ GR04/ NIT03/ 2023-24 | Construction of Boundary Wall (2075 Mtr.), Gate (2 Nos.) with Guard Room and Watch Tower (2 Nos.) at SIRB- 01, Dumka in the district of Dumka | 36251082.00 | 10000.00 | 363000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 5 | JPHCL/ GR05/ NIT03/ 2023-24 | Repair work of CIAT School, Padma in the district of Hazaribag | 13430363.00 | 10000.00 | 269000.00 | 240 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |

2. Bid document with detailed terms and conditions will be available online on e-tendering portal http://jharkhandtenders.gov.in from 10.05.2023 at 11:00 AM to 22.05.2023 up to 5:00 PM. Bids must be submitted online only at the e-tendering portal http://jharkhandtenders.gov.in on or before 5:00 PM on 22.05.2023. Hard copy of Earnest Money, Cost of BOQ and Affidavit must be submitted in the office of undersigned on or before 4:00 PM on 23.05.2023. Technical Bids received online will be opened at 11:00 AM on 24.05.2023.
3. Estimated Cost may vary.
4. Corrigendum/ Addendum, if any, will be published only on the above mentioned Website.

Sd/- Chief Engineer, JPHCL, Ranchi

# बढ़ती आबादी : वरदान भी और मुसीबत भी




**संयुक्त** राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट के मुताबिक भारत अब चीन को पछाड़ कर दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन गया है। यूएनएफपीए की इस रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में भारत की जनसंख्या में करीब डेढ़ प्रतिशत की वृद्धि हुई है और भारत की आबादी अब चीन की कुल 142.5 करोड़ आबादी की तुलना में 142.8 करोड़ हो गई है। दुनिया की कुल आबादी अब 8.045 अरब हो चुकी है और विश्व की कुल जनसंख्या में चीन की हिस्सेदारी 1.425 अरब जबकि भारत की 1.428 अरब है और दुनिया की एक तिहाई आबादी केवल भारत और चीन इन दो देशों में ही है। कुछ महीने पहले ही यूएन द्वारा जारी किए गए वैश्विक आंकड़ों के अनुसार दुनिया की कुल आबादी 8 अरब के आंकड़े को पार कर गई थी और तभी यह अनुमान लगाया गया था कि सर्वाधिक आबादी वाले देश के मामले में भारत 2023 तक चीन को पछाड़ देगा। दुनिया की आबादी 8 अरब होने पर यूएनएफपीए ने इसकी व्याख्या करते हुए कहा था, ह्य8 अरब उम्मीदें, 8 अरब स्वप्न और 8 अरब संभावनाएं।

यूएनएफपीए के मुताबिक दुनिया की आबादी सात से आठ अरब होने में केवल 12 वर्ष का समय लगा जबकि दुनिया की आबादी को 1 से 2 अरब होने में 100 साल से भी ज्यादा लगे थे। हालांकि दुनिया की आबादी तेजी से बढ़ने को संयुक्त राष्ट्र मानवता की उपलब्धियों के प्रमाण के रूप में देख रहा है और यह सही भी है कि इसमें सबसे बड़ा योगदान शिक्षा तक पहुंच का विस्तार, स्वास्थ्य देखभाल में प्रगति, लैंगिक असमानता में कमी इत्यादि कारकों का है लेकिन भारत जैसे विकासशील देशों के लिए बढ़ती आबादी के खतरे भी कम नहीं हैं। विश्व की कुल आबादी में से करीब 18 फीसदी लोग अब भारत में रहते हैं और दुनिया के हर 6 नागरिकों में से एक से ज्यादा भारतीय है। अगर भारत में जनसंख्या की सघनता का स्वरूप देखें तो जहां 1991 में देश में जनसंख्या की सघनता 77 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर थी, 1991 में बढ़कर वह 267 और 2011 में 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर हो गई।

हालांकि भारत के दुनिया का सर्वाधिक आबादी वाला देश बनने को अपार संभावनाओं के साथ जोड़कर देखा जा रहा है लेकिन संभावनाओं के साथ-साथ बढ़ती आबादी की चुनौतियां ज्यादा हैं। दुनिया की कुल आबादी का करीब छठा हिस्सा विश्व के महज ढाई फीसदी भूभाग पर ही रहने को अभिशप्त है। जाहिर है कि किसी भी देश की जनसंख्या तेज गति से बढ़ेगी तो वहां उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव भी उसी के अनुरूप बढ़ता जाएगा। आंकड़ों पर नजर डालें तो आज दुनियाभर में करीब एक अरब लोग भुखमरी के शिकार हैं और अगर वैश्विक आबादी बढ़ती रही तो भुखमरी की समस्या बहुत बड़ी वैश्विक समस्या बन जाएगी, जिससे निपटना इतना आसान नहीं होगा। बढ़ती आबादी के कारण ही दुनियाभर में तेल, प्राकृतिक गैसों, कोयला इत्यादि ऊर्जा के संसाधनों पर दबाव अत्यधिक बढ़ गया है, जो भविष्य के लिए बड़े खतरे का संकेत है। जिस अनुपात में भारत में आबादी बढ़ रही है, उस अनुपात में उसके लिए भोजन, पानी, स्वास्थ्य, चिकित्सा इत्यादि सुविधाओं की व्यवस्था करना किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं है। इस समय भारत की आबादी दुनिया में सर्वाधिक 1.428 अरब है और उसके बाद चीन की आबादी 1.425 अरब है। संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि 2050 तक भारत की आबादी 1.668 अरब हो जाएगी जबकि चीन की आबादी उस समय 1.317 अरब रहने का अनुमान है। हालांकि हम इस बात पर थोड़ा संतोष व्यक्त कर सकते हैं कि जनसंख्या वृद्धि दर के वर्तमान आंकड़ों की देश की आजादी के बाद के शुरूआती दो दशकों से तुलना करें तो 1970 के दशक से जनसंख्या वृद्धि दर में निरन्तर गिरावट दर्ज की गई है लेकिन यह गिरावट दर काफी धीमी रही है। आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक भारत में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या वृद्धि की गति धीमी हुई है। वर्ष 1971-81 के मध्य वार्षिक वृद्धि दर 2.5 प्रतिशत थी, जो 2011-16 में घटकर 1.3 प्रतिशत रह गई। जनसंख्या वृद्धि की रफ्तार को नियंत्रित रखने के लिए औसत प्रजनन दर 2.1 होनी चाहिए और कुछ समय पूर्व राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण द्वारा जारी आंकड़ों से पता चला था कि देश में यह दर 2.2 से घटकर 2 हो गई है तथा राहत की बात यह भी है कि मुस्लिम समुदाय में भी औसत प्रजनन दर तेज गिरावट के साथ 2.36 हो गई है।

पिछले कुछ दशकों में देश में शिक्षा और स्वास्थ्य के स्तर में निरंतर सुधार हुआ है, उसी का असर माना जा सकता है कि धीरे-धीरे जनसंख्या वृद्धि दर में गिरावट आई है लेकिन यह इतनी भी नहीं है, जिस पर जश्न मनाया जा सके। बेरोजगारी और गरीबी ऐसी समस्याएं हैं, जिनके कारण भ्रष्टाचार, चोरी, अनैतिकता, अराजकता और आतंकवाद जैसे अपराध पनपते हैं और जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण किए बिना इन समस्याओं का समाधान संभव नहीं है। विगत दशकों में यातायात, चिकित्सा, आवास इत्यादि सुविधाओं में व्यापक सुधार हुए हैं लेकिन तेजी से बढ़ती आबादी के कारण ये सभी सुविधाएं भी बहुत कम पड़ रही हैं। जनसंख्या वृद्धि की वर्तमान स्थिति की भयावहता के मद्देनजर पर्यावरण विशेषज्ञों की इस चेतावनी को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि यदि जनसंख्या वृद्धि की रफ्तार में अपेक्षित कमी लाने में सफलता नहीं मिली तो निकट भविष्य में एक दिन ऐसा आएगा, जब रहने के लिए धरती कम पड़ जाएगी और बढ़ती आबादी जरूरी संसाधनों को निगल जाएगी। विश्वभर में अभी भी डेढ़ अरब से ज्यादा लोग ढलानों पर, दलदल के करीब, जंगलों में तथा ज्वालामुखी के क्षेत्रों जैसी खतरनाक जगहों पर रह रहे हैं। इसका सीधा प्रभाव पर्यावरण पर पड़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार प्राकृतिक संसाधनों से जितनी भी आमदनी हो रही है, वह किसी भी तरह पूरी नहीं पड़ रही, दशकों से यही स्थिति बनी है और इसे लाख प्रयासों के बावजूद सुधारा नहीं जा पा रहा। 2050 तक विश्व की दो तिहाई आबादी नगरों में रहने लगेगी और तब ऊर्जा, पानी तथा आवास की मांग और बढ़ेगी।



-योगेश गोयल

> जिस अनुपात में भारत में आबादी बढ़ रही है, उस अनुपात में उसके लिए भोजन, पानी, स्वास्थ्य, चिकित्सा इत्यादि सुविधाओं की व्यवस्था करना किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं है। इस समय भारत की आबादी दुनिया में सर्वाधिक 1.428 अरब है और उसके बाद चीन की आबादी 1.425 अरब है। संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि 2050 तक भारत की आबादी 1.668 अरब हो जाएगी जबकि चीन की आबादी उस समय 1.317 अरब रहने का अनुमान है।

# जारी है तीन तलाक

**भा**रतीय संसद ने मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम 2019 बनाया है। इसके तहत एक बार में तीन तलाक देना जुर्म है। सुप्रीम कोर्ट में दायर एक हलफनामे में केंद्र सरकार ने तीन तलाक देने वाले पुरुषों को तीन साल की सजा के प्रावधान को सही बताया है, साथ ही कहा है कि सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने 2017 में फैसला सुनाया कि यह प्रथा असंवैधानिक थी, केंद्र ने कहा यह अब भी बेरोकटोक बनी हुई है। केंद्र की दलील है कि इसलिए इस प्रथा को रोकने के लिए एक निवारक कानून बनाना आवश्यक है। केंद्र सरकार का 177 पन्नों का हलफनामा हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में दायर किया गया है. यह उन याचिकाओं के जवाब में दाखिल किया गया है जिसमें मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम 2019 की संवैधानिकता को चुनौती दी गई है। इस अधिनियम के तहत तीन तलाक दंडनीय अपराध है और इसमें अधिकतम तीन साल कैद की सजा का प्रावधान है। तीन तलाक कानून को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दाखिल की गईं हैं। सरकार ने इन याचिकाओं पर की जाने वाली सुनवाई का विरोध करते हुए दायर हलफनामे में कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के तीन तलाक को असंवैधानिक करार दिए जाने के बावजूद रिपोर्टें बताती हैं कि तीन तलाक की प्रथा अब भी मौजूद है। हलफनामे में कहा गया है शायरा बानो मामले में फैसले से तीन तलाक की घटनाओं में कमी नहीं आई है। ऐसे तलाक के पीड़ितों की मदद के लिए राज्य के हस्तक्षेप की जरूरत है। केंद्र का कहना है कि भले ही शायरा बानो मामले में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड तीन तलाक की प्रथा को नियंत्रित करने के लिए दिशानिर्देश निर्धारित करने पर सहमत हो गया था, लेकिन मीडिया में आ रही रिपोर्टों से पता चलता है कि यह अब भी जारी है।

# गांव पर फोकस

**भा**रत को उस समय सोने की चिड़िया कहा जाता था। वैश्विक व्यापार एवं निर्यात में भारत का वर्चस्व था। पिछले लगभग 5000 सालों के बीच में ज्यादातर समय भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था रहा है। उस समय भारत में कृषि क्षेत्र में उत्पादकता अपने चरम पर थी एवं कृषि उत्पाद विशेष रूप से मसाले आदि भारत से लगभग पूरे विश्व में पहुंचाए जाते थे। भारत में ब्रिटिश एंपायर के आने के बाद (ईस्ट इंडिया कम्पनी- 1764 से 1857 तक एवं उसके बाद ब्रिटिश राज- 1858 से 1947 तक) विदेशी व्यापार में भारत का पराभव का दौर शुरू हुआ एवं स्वतंत्रता प्राप्ति तक एवं कुछ हद तक इसके बाद भी यह दौर जारी रहा है। आज भी देश में 60 प्रतिशत से अधिक आबादी ग्रामों में निवास करती है और अपने रोजगार के लिए मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र पर ही निर्भर है। भारत अभी भी कृषि प्रधान देश ही कहा जाता है परंतु फिर भी भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का हिस्सा लगभग मात्र 16-18 प्रतिशत ही है। कृषि जनगणना 2015-16 के अनुसार, भारत में लघु एवं सीमांत किसानों की संख्या 12.563 करोड़ है। देश में 35 प्रतिशत किसानों के पास 0.4 हेक्टेयर से कम जमीन है। जबकि, 69 प्रतिशत किसानों के पास 1 हेक्टेयर से कम जमीन है और 87 प्रतिशत किसानों के पास 2 हेक्टेयर से कम जमीन है। आमदनी के लिहाज से 0.4 हेक्टेयर से कम जमीन वाले किसान औसतन सालाना रुपए 8,000 कमाते हैं और 1 से 2 हेक्टेयर के बीच जमीन वाले किसान औसतन सालाना रुपए 50,000 कमाते हैं। देश मे लघु और सीमांत किसानों की न केवल आय कम है, बल्कि इनके लिए कृषि एक जोखिम भरा कार्य भी है। इसके चलते ग्रामों में प्रति व्यक्ति आय बहुत ही कम है इस कारण गरीबी की मात्रा भी शहरों की तुलना में ग्रामों में अधिक दिखाई देती है।

## खास बात

# एक युग का अंत

**आदिति फडणीस**

**पंजाब** के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन के बाद राजनीति के एक युग का अंत हो गया है। शिरोमणि अकाली दल में बादल की टक्कर का कोई नेता नहीं था। उनमें सिखों के धार्मिक नेताओं के साथ संवाद करने का राजनीतिक एवं नैतिक सामर्थ्य था। वह मुख्यधारा के राजनीतिक दलों के साथ भी संतुलन स्थापित करने और राजनीतिक गठबंधन तैयार करने में भी सिद्धहस्त थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को बादल को अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए चंडीगढ़ में शिरोमणि अकाली दल के कार्यालय पहुंचे। मगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और अकाली दल के बीच पर्दे के पीछे सुलह के लिए बातचीत शुरू हो चुकी है। वर्ष 2020 में किसान आंदोलन के बाद दोनों दलों के बीच लंबे समय से चला आ रहा गठबंधन समाप्त हो गया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक वरिष्ठ प्रतिनिधि ने अकाली दल के शीर्ष नेताओं से बातचीत की जिसमें दोनों दलों के बीच बैठक आयोजित करने की गुंजाइश पर चर्चा की हुई थी। दोनों दलों के बीच समझौते से इनकार नहीं किया जा सकता है।

हालांकि, फिलहाल ऐसा होना मुमकिन नहीं लग रहा है। इसका कारण यह है कि अकाली दल और भाजपा 10 मई को जालंधर लोकसभा सीट के उप-चुनाव में एक दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की ह्यभारत जोड़ो यात्राह्ण के दौरान इस सीट से सांसद संतोख सिंह चौधरी के आकस्मिक निधन के बाद यह सीट रिक्त हो गई थी। अकाली दल के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, जालंधर सीट के लिए होने वाला उप-चुनाव काफी अहम है क्योंकि यह सुखबीर सिंह बादल की नेतृत्व क्षमता के लिए अग्नि परीक्षा होगी। अगर हम यह चुनाव जीत गए तो एस एस ढींढसा और बीबी जागिर कौर दोबारा पार्टी में लौटने पर विचार कर सकते हैं।

जालंधर में हिंदू और सिख मतों का पूर्ण रूप से ध्रुवीकरण हो चुका है। भाजपा ने जालंधर सीट पर अपना प्रत्याशी खड़ा किया है। अगर भाजपा का प्रदर्शन खराब रहा तो इससे यह साबित होगा कि उसे राज्य में अकाली दल के साथ की सख्त जरूरत है।

# श्रेष्ठ शरीर

## विचार-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**यह** सर्वश्रेष्ठ मनुष्य शरीर परमात्मा की कृपा से बड़े सौभाग्य से मिलता है। परमात्मा ने इंसान का शरीर भी गजब का बनाया है। अनमोल स्वांस के भीतर इतनी शक्ति है कि जीते-जी इस शरीर में इतनी संभावनाएं छोड़ी हैं कि भोगने उतर जाओ तो जानवर से भी ज्यादा भोग सकते हो। यदि इस शरीर का सही उपयोग करके अभ्यास से इसके भीतर हृदय में विराजमान परमानंद का साक्षात्कार कर लिया जाए तो इसी शरीर में ब्रह्मांड का सम्राट भी बना जा सकता है।


असीम संभावना वाली यह देह जाते-जाते, खत्म होने के बाद भी जिंदगी को लेकर गजब के संदेश दे जाती है। मरने के बाद मनुष्य शरीर जला दिया जाता है, दफना दिया जाता है या बहा दिया जाता है। तीनों ही स्थितियों में इसकी राख, मिट्टी बड़ा संदेश दे जाती है। चिता की राख में जो संदेश है वह उसकी आग में नहीं है। पांच-छह फीट का शरीर कुछ मुट्ठी राख में बदल जाता है।

अब आप सभी गहराई से चिंतन किजिए, यही तो सबसे बड़ा संदेश है कि आखिर में रह क्या जाएगा? जिंदगी भर जिस बात के लिए सारा तमाशा करते हैं, यदि उसके समापन पर नजर डाल लें तो इस स्वांस के भीतर की शक्ति को पहचान कर स्वयं को जानने के लिए तीव्र जिज्ञासा पैदा होती है। वो चंद मुट्ठी राख, वो कब्र की जरा-सी मिट्टी बताती है कि मेरे रूप में तब्दील होने से पहले तुम्हारे पास जो था उसका सदुपयोग कर लेना। निश्चित तौर पर जीवन को समझ लेना और वैसा आचरण ही संतमय जीवन है।

**दिल्ली** पीडब्लूडी के नियमों का वो क्लॉज बताएं जिसके तहत विदेशी मार्बल और महँगी चीज लगाने का अधिकार है वो भी बगैर किसी अनुमति के। ये कौनसी हवा आपको लगी कि आपको लाखों रुपये के पंखे की हवा चाहिए थी? नई राजनीति का ये चकाचौंध चेहरा देख कर दिल्ली की जनता स्तब्ध है ठगा हुआ और छला हुआ महसूस कर रही है। **- सुधांशु द्विवेदी**

## आपके ट्वीट

**तत्व** की दृष्टि से मनुष्य और समष्टि के अन्य प्राणियों में कोई विभेद नही है,एतदर्थ हमें समवेत होकर समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करना चाहिए।सनातन हिन्दू वैदिक संस्कृति में चिरकाल से ही वैश्विक शान्ति और सद्भावना के सूत्र समाहित हैं ! **-अवधेशानंद गिरी**





**पीएम**-स्वनिधि योजना की लाभार्थी भोपाल की नाजमीन जी ने बातचीत के दौरान दिखाया कि वो किस प्रकार डिजिटल ट्रांजैक्शन करती हैं।

**-नरेन्द्र मोदी, पीएम**

# प्यू रिसर्च सेंटर के सर्वे परिणाम की रोचकता

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**कुछ** की मान्यता थी कि सच्चा भारतीय वही हो सकता है, जो हिंदू है या हिंदीभाषी हैं इस तरह की बात कहने वाले कौन लोग हो सकते हैं ? यह सर्वेक्षण इस प्रश्न का जवाब नहीं देता है लेकिन हम अंदाजा लगा सकते हैं। ये लोग वे हो सकते हैं, जिन्हें हम बुद्धिजीवी नहीं कह सकते हैं।

अमेरिका के प्यू रिसर्च सेंटर ने भारत की जनता के बारे में एक बड़ा रोचक सर्वेक्षण उपस्थित किया है। उसने भारत के लगभग तीस हजार लोगों से पूछताछ करके कुछ निष्कर्ष दुनिया के सामने रखे हैं। उसने भारत के विभिन्न धर्मों के प्रति लोगों की राय इकट्ठी की है। उस राय को पढ़कर लगता है कि धर्म-निरपेक्षता या पंथ-निरपेक्षता की दृष्टि से भारत दुनिया का शायद सर्वश्रेष्ठ देश है। इस सर्वेक्षण में भारत के हिंदू, मुसलमान, सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई और आदिवासियों से भी सवाल पूछे गए थे। 84 प्रतिशत लोगों ने कहा कि किसी भी सच्चे भारतीय के लिए यह जरूरी है कि वह सभी धर्मों का सम्मान करे। 80 प्रतिशत लोगों ने कहा कि भारत में उनको उनके धर्म के पालन की पूर्ण स्वतंत्रता है।

लेकिन उनमें से ज्यादातर लोगों ने कहा कि उनका गहरा संबंध और व्यवहार प्रायः अपने ही धर्म के लोगों के साथ ही होता है। उनका यह भी मानना था कि अंतरधार्मिक विवाह अनुचित हैं।

## सामयिक

कुछ हिंदुओं की मान्यता यह भी थी कि सच्चा भारतीय वही हो सकता है, जो हिंदू है या हिंदीभाषी हैं इस तरह की बात कहने वाले कौन लोग हो सकते हैं ? यह सर्वेक्षण इस प्रश्न का जवाब नहीं देता है लेकिन हम अंदाजा लगा सकते हैं।

ये लोग वे हो सकते हैं, जिन्हें हम बुद्धिजीवी नहीं कह सकते हैं। ये साधारण समझ वाले लोग हैं। यह जरूरी नहीं कि इनके दिलों में अहिंदुओं या अहिंदीभाषियों के लिए कोई कटुता या दुर्भावना ही हो। अपनी मोटी समझ और उथले अनुभव के आधार पर उन्होंने अपनी उक्त राय जाहिर की होगी लेकिन खान-पान को लेकर तो लगभग सभी लोगों की राय साफ और लगभग एक-जैसी है। याने जो गोमांस खाए, वह हिंदू नहीं हो सकता और जो सूअर का मांस खाए, वह मुसलमान नहीं हो सकता।

इसी प्रकार जातीय समीकरणों के बारे में ज्यादातर लोगों की राय (64 प्रतिशत) यह है कि अंतरजातीय विवाह नहीं होने चाहिए। अंतरधार्मिक विवाहों के बारे में भी ज्यादातर लोगों (64 प्रतिशत) की राय यही है। मेरी समझ में भारत की एकता और समरसता के लिहाज से यह राय ठीक नहीं है, हालांकि इन धार्मिक और जातीय बंधनों का टूटना आसान नहीं है। इन बंधनों को चूर-चूर होते हुए अपनी आंखों से मैंने अंडमान-निकोबार और सूरिनाम में देखा है। एक ही परिवार में विभिन्न धर्मों के पति-पत्नी को मैंने बहुत प्रेम से रहते हुए देखा है। मॉरिशस में अंतरजातीय परिवारों की भरमार है। मेरे अपने मित्रों के ऐसे सैंकड़ों परिवार देश-विदेश में हैं, जो अंतरधार्मिक और अंतरजातीय हैं। यह कितनी विचित्र बात है कि लोग मुसलमान और ईसाई तो बन जाते हैं लेकिन वे अपनी जात नहीं भूल पाते हैं। इसे मेरे कुछ पाकिस्तानी मित्र ह्य हिंदुआना हरकत कहते रहे हैं। भारत के इस जातिवाद के आगे इस्लाम और ईसाइयत भी पस्त है। लेकिन मैं अपने पाकिस्तानी मित्रों से पूछता रहता हूं कि सब धर्मों के प्रति सहनशीलता की यह हिंदुआना आदत क्या अन्य कभी अपने में पैदा कर पाएंगे ?

## कार्टून वर्ल्ड

प्रदूषित होती वायु से पीड़ा



साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### सतर्क प्रतिक्रिया

**सूडान** गृहयुद्ध की चपेट में है। अब तक हिंसक झड़पों में लगभग 413 लोगों की मौत हो चुकी है। भारत भी अन्य देशों के साथ संघर्ष प्रभावित सूडान से अपने नागरिकों को निकालने की कोशिश कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को सूडान में युद्धरत पक्षों को युद्धविराम के लिए सहमत कराने के लिए हर संभव प्रयास करने चाहिए। यह प्रयास ऑपरेशन कॉवेरी में जारी है।


**-राणा प्रताप, रांची**

### सार्वजनिक हो रिपोर्ट

**पहलवानों** ने एक बार फिर से यौन दुर्व्यवहार के आरोपों को लेकर जंतर-मंतर पर धरना शुरू कर दिया है। हैरानी इस बात की है कि इन पहलवानों को मामले की जांच-पड़ताल के बाद उचित कार्रवाई का जो आश्वासन दिया गया था, वह किसी अंजाम तक पहुंचता नहीं दिख रहा है। कुछ महीने पूर्व भी इन पहलवानों द्वारा उक्त आरोपों को लेकर धरना दिया था।

**- सुभाष सिंह, जमशेदपुर**

# आखिर आज के युवा इतने उदंड क्यों हो रहे हैं?



**प्रिया राज**

## चिंतन

**मेरी** सोसायटी के पास, पड़ोस की सोसायटी में एक हृष्ट-पुष्ट व्यक्ति रहते थे। अक्सर जाते-आते दिखते थे, बिना मास्क के। अचानक उनकी सोसायटी के गेट पर उनकी मृत्यु की सूचना दिखाई दी। इन दिनों अरसे से घर के अंदर हूं तो कोई दुखद खबर भी जल्दी पता नहीं चलती। उनके मित्रों ने कहा कि उनसे बार-बार कहा जाता था कि मास्क लगाएं। मगर वह हंसकर कहते थे कि इस इतने लम्बे-चौड़े शरीर का कोरोना क्या बिगाड़ लेगा। लेकिन उन्हें कोरोना ही हुआ और वह नहीं बच सके।

आजकल ऐसी खबरें भी बहुतायत में दिखाई देती हैं, जब दूर खड़े होने की कहने पर या मास्क लगाने के अनुरोध भर से, लोग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। जिसने कहा है, उसका मास्क उतारकर तार-तार कर देते हैं। सब जगह जब महामारी के कारण लोग परेशान हैं, अकेले हैं, तरह-तरह की चिंताओं से ग्रस्त हैं तो एक तरफ उनका गुस्सा बढ़ा है, तो दूसरी तरफ अहंकार भी। वरना मास्क लगाना या दूर खड़े होने की कहना तो उनकी सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। मगर न जाने क्यों सोच में यह बात बैठी है कि कोरोना यदि कुछ बिगाड़ेगा तो दूसरे का, हमारा कुछ नहीं। हमें कुछ नहीं होगा। जबकि ऊपर लिखा प्रसंग इस बात की गवाही दे रहा है कि यह सच नहीं है। दुनिया भर में इस महामारी से हाहाकार मचा है। दूसरी, तीसरी, चौथी लहर आ रही हैं। अमेरिका, आस्ट्रेलिया आदि देशों में तो सरकारों के खिलाफ प्रदर्शन भी हुए हैं। जिनमें लोगों ने मांग की थी कि अब वे घरों में रह-रहकर थक चुके हैं और बाहर निकलना चाहते हैं। वहां भी लोगों में अवसाद और गुस्सा बढ़ रहा है। अपने देश में न केवल बुजुर्ग और प्रौढ़ बल्कि बीस झ्रतीस साल के युवा भी गुस्से से नहीं बच पा रहे हैं। पिछले दिनों मैं अपने होम्योपैथ डाक्टर के पास गई थी। वह इस इलाके में बहुत मशहूर हैं। इतनी भीड़ रहती है कि बिना अपॉइंटमेंट के समय नहीं मिलता। शाम का समय था। उनके क्लीनिक पर पहुंची। डाक्टर साहब अभी आए नहीं थे। अंदर जाकर बैठी थी कि एक बीस-बाइस साल की लड़की आई। डाक्टर के सहायक ने पूछा कि समय लिया है। लड़की ने कहा-हां। लेकिन आठ बजे नहीं आ सकती। मेरे इलाके में छेड़खानी की घटनाएं बहुत होती हैं। घर वाले उस समय अकेली नहीं आने देते। साथ में आने वाला कोई नहीं। डाक्टर के सहायक ने कहा-कोई बात नहीं। आप दिखा लीजिएगा। वह लड़की बैठ गई। इसके कुछ देर बाद ही, एक बहुत बुजुर्ग महिला आई। सहायक ने नाम पूछा तो बताया-सायरा। उन्होंने समय लिया हुआ था। लेकिन समस्या यह थी कि वह बैठे कैसे। क्योंकि डाक्टर के यहां अंदर सिर्फ दो लोग ही बैठ सकते हैं। जिससे कि दूरी बनी रह सके। तब उस सहायक ने लड़की से अनुरोध किया कि इन माता जी को बैठने दें। आप बाहर खड़ी हो जाएं। उसकी बात सुनकर लड़की बोली- मैं क्यों बाहर खड़ी हो जाऊं। यह बाद में आई हैं तो ये बाहर खड़ी हों। लड़के ने कहा-आप तो खड़ी हो सकती हैं न।-क्यों ये खड़ी नहीं हो सकतीं।-आप जरा इनकी उम्र तो देखिए। -उम्र मैं क्यों देखूं। मैं पहले आई हूं, मुझे तो बस ये मालूम है।सहायक ने उसे समझाना चाहा। यह भी कहा कि जैसे ही डाक्टर साहब आएंगे, इन दोनों के बाद मैं आपको भेज दूंगा। लेकिन लड़की नहीं मानी।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### डीसी ने सुनी जनता की समस्याएं



**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मंगलवार को कार्यालय में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, विकास कार्यों, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया । जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### सुदेश महतो का मुरपा में स्वागत

**कुजू।** आजसू कार्यकर्ताओं ने मुरपा स्थित पार्टी कार्यालय में मंगलवार को आजसू सुप्रीमो सह सिल्ली विधायक सुदेश महतो का भव्य स्वागत किया। श्री महतो रांची से चरही जाने के दौरान कुछ देर के लिए यहां रुके थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मांडू प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो के नेतृत्व में उनका फूल माला व बूके देकर स्वागत किया। सुदेश महतो के साथ शामिल केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी का भी कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहना कर स्वागत किया।

### कुजू : सड़क हादसे में दो युवक घायल

**कुजू।** ओपी क्षेत्र के लोहागेट फोरलेन चौराहे पर बाइक सवार दो युवक डिवाईडर से टकराकर घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही कुजू ओपी के अनि हीरालाल मुंडू व कमल भगत सहित पुलिस जवान उक्त स्थल पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जहां एक की हालत को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। कि संतोष उरांव पिता तेतरा उरांव हत्यारी व प्रियांशु कुजूर पिता रामा कुजूर हजारीबाग निवासी अपने सुपर स्प्लेंडर बाईक संख्या जेएच02 एपी 5841 पर सवार रांची से हजारीबाग आ रहे थे। इसी बीच तेजगति से बाईक चलाने के दौरान अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर दोनों घायल हो गये। जिसमें गंभीर रूप से घायल संतोष को रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं, प्रियांशु का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### वाहन की चपेट में आकर एक की मौत

**दारू।** हरली में एनएच 522 पर एक व्यक्ति अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृत व्यक्ति विजय महतो पिता भुनेश्वर महतो काली झरना मोहलनिया झरपो का निवासी था और पेटो निवासी खेदू महतो का दामाद था। वह पेटो के एक होटल में खाना बनाने का मिस्त्री का काम करता था और पिछले दो दिनों से हरली में एक विवाह समारोह में खाना बना रहा था। रविवार को रात्रि 9 बजे वह पेटो से खाना खाकर हरली की तरफ जा रहा था तभी इंडियन लर्निंग स्कूल के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर वह घायल हो गया है। एक राहगीर ने उसे घायल अवस्था मे सड़क पर पड़े देखा वह तुरंत पेटो चौक जाकर कुछ लोगों को सूचना देने गया तभी सड़क में पड़े घायल पर तेज गति से आ रहा दूसरा वाहन ने फिर से उसे बुरी तरह से कुचल दिया जिस कारण उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई।

### महायज्ञ में उमड़ी भक्तों की भीड़

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रीश्री प्राचीन मां पंच बहिनी मंदिर विकास समिति लबगा के तत्वाधान में चल रहे श्रीश्री 1008 पंचमुखी हनुमत प्राण-प्रतिष्ठा सह नवापरायन 11 दिवसीय महायज्ञ के नौवे दिन मंगलवार को पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कई धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। महायज्ञ में यज्ञाचार्य श्रीश्री 1008 प्रचेतश जी महाराज की देखरेख में आचार्य शशि मिश्रा, आचार्य धनंजय शरण, अमरेंद्र पांडेय, राजेश पाठक, विकास पाठक, सोनू पांडेय, ध्रुवेश मिश्रा, दीपक शास्त्री, नर्वोत्तम पांडेय, ध्रुवेश मिश्रा, भारतेन्दु द्विवेदी, रूद्र प्रकाश शुक्ला, श्याम किशोर मिश्रा, बिन्दु मिश्रा, ज्ञान मिश्रा, आशीष मिश्रा द्वारा महायज्ञ के नौवे दिन वेदी पूजन, सुन्दरकाण्ड पाठ, दसवें दिन मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा और अंतिम दिन 4 मई को पूर्णाहूति एवं भण्डारा के साथ 11 दिवसीय महायज्ञ का समापन होगा। पूजा के दौरान भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा।

### स्कूल के कर्मचारी हुए सम्मानित




**कुजू।** कुंदरियाबांध स्थित परवरिश एजुकेयर स्कूल कुजू में मजदूर दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान प्राचार्या नेहा राज बनर्जी ने विद्यालय के कर्मचारियों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। वहीं निदेशक शैलेंद्र सिंह सहित प्रबंध निदेशक विकास सिंह एवं छात्रों ने कार्यकताओं को उपहार देकर सम्मानित किया और उनकी मेहनत और लगन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। मौके पर स्कूल प्रबंधन द्वारा कहा गया कि हमारे समाज में श्रमिकों के महत्व और देश के विकास में उनके योगदान बहुत बड़ा है। उन्होंने छात्रों से सभी श्रमिकों का सम्मान करने और उनकी सेवाओं के लिए आभारी होने का आग्रह किया। इसके बाद छात्रों ने गीत, नृत्य और स्किट सहित कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें श्रमिकों के दैनिक जीवन और उनके सामने आने वाली चुनौतियों को दर्शाया गया।

### महायज्ञ में परिक्रमा के लिए उमड़े श्रद्धालु



**कुजू।** श्री श्री 108 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा पांच दिवसीय महायज्ञ को लेकर छोटकी डूंडी पंचायत के लोहसिंघना में परिक्रमा को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु दूर - दराज से पहुंचकर यज्ञ में बह रही भक्ति की बयार का आनंद ले रहे हैं। वहीं यज्ञाचार्य गंगा तिवारी, उपाचार्य पंकज शास्त्री, पुरोहित नितेश तिवारी एवं पंडित विक्की शास्त्री, उदय शास्त्री, पवन शास्त्री ने यज्ञ के दूसरे दिन मंडप पूजन, वेदी पूजन, आरती जबकि तीसरे दिन वेदी पूजन, अधिवास, महासन्ना, नगर भ्रमण, आरती आदि धार्मिक अनुष्ठान कार्य संपन्न कराया। इधर प्रयागराज यूपी झूसी से आई कथा वाचिका अंजनी गोस्वामी ने अपने कथा में कहा कि इस कलयुग में मानव जाति - धर्म, द्वेष -क्लेश, लड़ाई -झगड़ा से उबर नहीं पा रहे हैं, लोग आपस में बंटे हुए हैं. लेकिन यह हमारा चरित्र नहीं है. इससे हमारे गांव- समाज तथा देश का उत्थान नहीं हो सकता। इसलिए मानव जाति को सबसे पहले अपने जीवन में चरित्रवान बनने की आवश्यकता है और यही वह मार्ग है जिसके मार्फत हम ईश्वर को भी प्राप्त कर सकते हैं। यज्ञ को सफल बनाने में समिति के लोग लगे हुए है।

# बरही में हक के लिए जनसंवाद यात्रा शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- 600 नुक्कड़ सभा व 400 मीटिंग तीन माह में होंगे
- प्रतिनिधियों को है स्थानीय दर्द का अहसास : भुवनेश्वर यादव
- राजनीतिक चेतना जगाने हर गांव जायेंगे : संजय मेहता



**बरही।** मजदूर दिवस पर सोमवार को बरही विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी संजय मेहता एवं भुनेश्वर यादव के नेतृत्व में बरही चौक से जनसंवाद यात्रा की शुरूआ की गयी।यात्रा का मुख्य उद्देश्य झारखंड के राजनीतिक प्रतिनिधित्व में बाहरी तत्वों के हस्तक्षेप के खिलाफ आवाज बुलंद करना है। इस यात्रा के माध्यम से 600 नुक्कड़ सभा का आयोजन अगले तीन माह में आयोजित किया जाएगा। साथ ही 400 छोटे छोटे पॉकेट मीटिंग किए जाएंगे। यह यात्रा हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा, चतरा जिले तक जाएगी। इस यात्रा के माध्यम से यह भाव जगाया जाएगा कि झारखंड के राजनीतिक प्रतिनिधित्व में झारखंड के बाहर से लोग आकर राजनीतिक प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस चालाकी को समझना होगा। जिससे झारखंड के लोगों का राजनीतिक प्रतिनिधित्व का हक छिना जा रहा है। यात्रा के माध्यम से उत्तरी छोटानागपुर के चतरा और हजारीबाग लोकसभा, बरही विधानसभा समेत झारखंड के सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों एवं 81 विधानसभा क्षेत्रों में स्थानीय प्रत्याशियों की मांग तेज की जाएगी। यात्रा को संबोधित करते हुए भुवनेश्वर यादव ने कहा कि क्षेत्र में समस्याएं अनेक है जिसका दर्द स्थानीय प्रतिनिधियों को बराबर रहता है इसलिए माटी के लोग जब नेतृत्व करते हैं तो उनमें एक भावनात्मक लगाव होता है। इसका प्रभाव उनके कार्यशैली में दिखाई पड़ता है। संजय मेहता ने कहा कि पूरे झारखंड को दो दशकों के दौर में छला गया है। जब जब यहाँ स्थानीय हक अधिकारों की आवाज तेज होती है बाहरी तत्व इन आवाज को दबा देते हैं। झारखंड के 14 लोकसभा और 81 विधानसभा क्षेत्रों में कई सीटों पर वैसे लोगों कब्जा जमा लिया है जिनका इस माटी से लगाव नहीं है। यही कारण है की झारखंड में स्थानीय और नियोजन नीति के सवाल पर वैसे लोग चुप हैं जो इस माटी के नहीं है, झारखंड के कई इलाकों में यह विषय मुद्दा नहीं बन पाया। कार्यक्रम में मुखिया राजेंद्र प्रसाद, वासुदेव यादव, परमेश्वर गोप, परमेश्वर यादव, अशोक यादव, रामचंद्र साहु, पंचायत समिति सदस्य अशोक यादव, प्रभु राणा, सहदेव प्रसाद यादव, विकास सिंह, आदित्य कुमार, मंगलम कुमार सिंह, सुनील यादव समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# पतरातू में रेलवे लाइन निर्माण स्थल पर फायरिंग, दहशत

**एक खोखा बरामद, अमन गिरोह का आ रहा है नाम**
**पहले भी हरदेव कंस्ट्रक्शन के साइट पर हुई थी गोलीबारी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पतरातू।** बाइक सवार अपराधियों ने मंगलवार को दिनदहाड़े पतरातू थाना अंतर्गत जयनगर गांव के निकट रेलवे निर्माण कार्य करा रहे हरदेव कंस्ट्रक्शन के निर्माण स्थल पर हवाई फायरिंग कर दहशत फैला दी। पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया। बताया गया कि बाइक सवार अपराधियों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया। बाइक से अपराधी पतरातू रेलवे स्टेशन से पीवीयूएनएल कंपनी तक रेलवे लाइन बिछा रही हरदेव कंस्ट्रक्शन के जयनगर स्थित कार्यस्थल पर पहुंचे और कर्मियों को पिस्टल दिखाते हुए काम बंद करने की धमकी देते हुए निमार्णाधीन अंडरग्राउंड पुल की ओर चल गए। जब अपराधी वापस लौटे तो धमकी के बावजूद पोकलेन चलते रहने पर हवाई फायरिंग कर दी और फरार हो गए। इसके बाद दहशत में आए कर्मियों ने काम को बंद कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पतरातू एसडीपीओ डॉ वीरेंद्र चौधरी, थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह, एसआई सोनू कुमार, एसआई निर्मल उरांव सशस्त्र बलों के साथ मौके पर पहुंचे और मौके से एक खोखा बरामद किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा को भी खंगाला। फिलहाल पुलिस इस मामले पर कुछ भी बोलने से बच रही है। मालूम हो कि इसके पूर्व 6 दिसंबर 2022 को भी हरदेव कंस्ट्रक्शन के पतरातू वीणा टॉकीज के पास स्थित साइट पर अपराधियों ने दिनदहाड़े अंधाधुंध फायरिंग की थी। इस मामले में पुलिस ने पांडेय गिरोह के अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुनः हरदेव कंस्ट्रक्शन के निर्माण स्थल पर अपराधियों ने दिनदहाड़े गोलीबारी कर पुलिस को खुली चुनौती दिया है। अब देखना है कि पुलिस मामले की उद्भेदन कब तक कर पाती है।



गोलीबारी की घटना में अमन गिरोह का हाथ बताया जा रहा है। अपराधियों ने गोलीबारी के पूर्व निर्माण स्थल पर अमन बॉस का नाम लिया था। लेकिन मौके पर मौजूद कर्मियों द्वारा यह स्पष्ट नहीं बताया जा रहा है कि अपराधियों ने किसका नाम लिया। पुलिस सभी बिंदुओं पर बारीकी से जांच कर रही है।

### गोला : दो बाइक में टक्कर, दो की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

**गोला।** रामगढ़ बोकारो एनएच 23 अंतर्गत झिंझरीटांड़ से बेटुलकला जानेवाली ग्रामीण मार्ग पर चोकाद गांव के समीप मंगलवार को दो बाईक की सीधी टक्कर हो गई। जिससे दोनो बाईक चालक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं, तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा गोला पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची गोला पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में कर गंभीर रूप से घायल तीनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में भर्ती कराया। जहां घायल युवकों को डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। बेटुलकला गांव निवासी शनि मुंडा उम्र 18 वर्ष पिता धर्मेन्द्र मुंडा ,रामगढ़ निवासी दो युवक लक्की मुंडा उम्र 16 वर्ष पिता चरका मुंडा व शिवा मुंडा उम्र 15 वर्ष पिता रतन मुंडा को अपनी सीडी डिलक्स बाईक पर लेकर गोला जा रहा था। इस दौरान बेटुलखूर्द निवासी अरुण मुंडा पिता काली मुंडा बोकारो थर्मल कंजकिरो निवासी एक युवक विकास मुंडा पिता कृष्णा मुंडा को अपनी हीरो बाईक पर बिठाकर झिंझरीटांड़ से अपने घर जा रहा था। इसी क्रम में चोकाद गांव के समीप दोनो बाईक की सीधी टक्कर हो गई। जिससे शनि मुंडा व बेटुलखूर्द निवासी अरुण मुंडा की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जानकारी के अनुसार रामगढ़ निवासी घायल लक्की मुंडा व शिवा मुंडा पिछले 25 अप्रैल को ननिहाल बेटुलकला गांव मंडा पर्व पर आयोजित छऊ नृत्य देखने आये हुए थे। मृतक शनि मुंडा के पिता धर्मेंद्र मुंडा घायल दोनों युवकों के मामा लगते हैं। ेटुलखूर्द निवासी मृतक अरुण मुंडा के साथ घायल विकास मुंडा बोकारो थर्मल के कंजकिरो गांव का रहने वाला है।

### यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन कार्यालय में मना मजदूर दिवस

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अंतरराष्ट्रीय मई दिवस के अवसर पर सोमवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन कार्यालय रिवर साईड भुरकुंडा में पूरे धूमधाम से मजदूर दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जावेद अस्लम खान द्वारा ध्वजा रोहण (झण्डातोलन) कर किया गया। तत्पश्चात शहीद और दिवंगत साथियों के निधन पर शहीद बेदी पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। साथ ही एक मिनट का मौन धारण कर श्रधांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित एटक नेता सह केंद्रीय सचिव नरेश मंडल ने उपस्थित लोगों को मजदूरों और एटक के संघर्षों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के कारण मजदूरों का भविष्य खतरे में है। उन्होंने जो नया कानून आने वाला है उसमें काम के घंटे को 8 से बढ़ाकर 12 घंटा करने, सामाजिक सुरक्षा आदि विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि देश का मजदूर वर्ग वर्ष 2024 की तैयारी करें और इस मजदूर विरोधी सरकार एवं पूंजीपति पक्षी सरकार को बदलने का प्रयास करें। 1 मई ऐतिहासिक दिन का ले पूरे कार्यालय को सजाया गया था। मौके पर अनुज कुमार, अशोक राम, प्रेम सिह, अनिल सिह, रंजीत कुमार, अनूप कुमार, फारूक, दिवाकर पटेल, अशोक राम, बैजू साव, कन्हैया लाल, सुनील मिश्रा, सुनील सिंह, कर्मा मांझी, रमेश लाल केवट, परदेशी, शम्भू कुमार, सुरेन्द्र महतो, सुदामा राम, अनेक ठाकुर आदि मौजूद थे।

# दारू में पत्नी ने पति की गला घोंट कर की हत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दारू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हरली में रविवार रात एक कलयुगी पत्नी ने अपने पति की गला घोंट कर की हत्या और आत्महत्या का रूप देने के लिए फांसी पर लटका दिया ।मृतक की माँ रामकली ने अपनी बहू पर लगाया अपने बेटे की हत्या का आरोप । आसपास के लोग दारू थाना एवं मृतक के रिश्तेदारों को फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना पाते ही दारू थाना दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेजा । मृतक हरली सुंदर नगर निवासी राम भुइयां उम्र लगभग 40 वर्ष पिता मोहन भुइयां के प्रति ग्रामीणों ने भी हत्या का संदेह जताया है। मृतक दिल्ली में प्लंबर का काम करता था और कुछ ही दिन पहले गांव आया था। मृतक की बहन खुशबू देवी ने बताया कि मेरे भाई ने दो शादी की थी जिसमें से पहली बीवी संगीता देवी के 3 बच्चे भी है, जिसमे दो बच्चा अपने नानीघर जोहनियां में और एक बच्चा अपने मां के पास रहती है। मृतक की बहन का आरोप है कि जब से मेरे भाई का दूसरा शादी हुआ है तब से दोनों के बीच लड़ाई झगड़ा बराबर होते रहता था। रविवार रात्रि को दोनों के बीच झगड़ा हुआ आसपास के लोग जब इसकी जानकारी मुझे दी तो वहां पहुंचकर अपने भाई को मृत पाया यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या है। मृतक की मां रामकली देवी पति मोहन राम ने दारू थाना में आवेदन दिया जिसमेंआरोप लगाया की बहू परस्सी से गला घोट कर मेरे बेटे की हत्या की है। मृतक की बूढ़ी मां की रोने की चीत्कार सुनकर पूरा माहौल गमगीन हो गया था । मृतक की पत्नी प्रभा देवी को दारू थाना ले जाया गया । मंगलवार को आरोपित महिला को न्यायिक हिरासत में भेजा गया ।

### आसपास के क्षेत्र को साफ रखना सभी का दायित्व : प्रो. तिवारी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-2 के स्वयंसेवकों ने मजदूर दिवस के अवसर सोमवार को स्वच्छता अभियान चलाया। डॉ. महेंद्र पांडेय एवं कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में फैली गंद्गी व कुडे-कचरे की साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। मोके पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने स्वयंसेवकों द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की सराहना करते हुए सबों से महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने में सहयोग करने की अपील की। साथ ही उन्होंनें कहा कि अपने घर व आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखना हमसबों का दायित्व है।

# एकता का प्रतीक है राष्ट्रीय ध्वज : नवीन जिंदल

- फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने एएफएमसी पुणे में फहराया तिरंगा



**बासल (रामगढ़)।** फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया गर्व व सम्मान के साथ प्रतिदिन राष्ट्रीय ध्वज फहराने व देश भक्ति जगाने के लिए नागरिकों को जागरूक करने का निरंतर अभियान चला रहा है।

इसी मिशन के तहत पुणे के सशस्त्र बल मेडिकल कलेज (एएफएमसी) के प्लेटिनम जुबली समारोह में फाउंडेशन के अध्यक्ष नवीन जिन्दल ने 108 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहरा राष्ट्र को समर्पित किया। ज्ञात हो कि एएफएमसी चिकित्सा व नर्सिंग छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा और प्रशिक्षण देता है। मौके पर नवीन जिंदल ने कहा कि एएफएमसी की राष्ट्र की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय ध्वज देश के नागरिकों के बीच एकता व समानता का प्रतीक है। मौके पर राज्यसभा सांसद सह एएफएमसी के पूर्व निदेशक सेवानिवृत लेफ्टीनेंट जनरल डॉ.वीपी वत्स ने कहा कि स्कूलों के पाठ्यक्रमों में भी राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के बारे में एक चैप्टर हो। ताकि आने वाली पीढ़ियां तिरंगा के महत्व को समझ सकें। उन्होंने कहा कि नवीन जिंदल के लंबी कानूनी लड़ाई के बाद प्रतिदिन राष्ट्रीय ध्वज का सम्मानपूर्वक प्रदर्शन प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार बन गया है। समारोह में लेफ्टीनेंट जनरल दलजीत सिंह, मेजर जनरल असीम कोहली सहित कई लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### कलश यात्रा में शामिल हुए किशुन यादव



**बरही।** जीप उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव अपने क्षेत्र के विभिन्न कलश यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के ग्राम बलहारा में आयोजित श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के कलश यात्रा में जिसके आयोजनकर्ता शिव सहाय यादव पिता जानकी यादव है। वे मलकोको पंचायत के बुंडू में शंकर यादव पिता बैजनाथ यादव के घर के गृह प्रवेश में शामिल हुए। डपोक पंचायत में राजेंद्र यादव एवं संतोष यादव के घर के गृह प्रवेश के भव्य कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष सह मुखिया विजय कुमार यादव, मुखिया प्रतिनिधि मंसूर अंसारी, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, उप मुखिया राजदेव यादव, युवा समाजसेवी विकास यादव, रामसेवक यादव, राजनाथ यादव, मनोज यादव, राजेश यादव, मनोज यादव,पंचायत समिति रोहित यादव, बाबूलाल यादव, रामलखन यादव, राजेंद्र यादव, संतोष यादव, रोहित यादव, प्रकाश, रामदेव, अर्जुन, अनुज, सुनील, विरेंदर, सुजीत, उपेंद्र पांडे, महादेव आदि उपस्थित थे ।

### जल संरक्षण व प्रबंधन को लेकर कार्यशाला



**बरही।** रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज में एनएसएस व वाणिज्य संकाय के संयुक्त तत्वाधान में जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में जल संरक्षण एवं प्रबन्धन को लेकर कार्यशाला हुआ। कार्यशाला में जलगुरु के नाम से प्रसिद्ध सेवानिवृत्त आईपीएस महेंद्र मोदी शामिल हुए। सेवानिवृत्त आईपीएस (डीजीपी यूपी) महेंद्र मोदी ने ने कहा कि जल संरक्षण की जागरूकता हेतु कोडरमा वह हजारीबाग जिला के कुछ प्रखंड को हमने जागरूकता लाने के लिए गोद लिया है और जल संरक्षण योजना पर बल दिया। कहा कि जगह जगह छोटे छोटे तालाब खोदाई कराकर व बरसाती पानी का जल संरक्षण कर इस समस्या का समाधान हो सकता है। कहा कि वर्षा का जल संरक्षण बेहद जरूरी है। लंबे समय से जल संरक्षण कार्यक्रम से जुडे रहने वाले जल गुरू महेंद्र मोदी ने कहा कि बहुमंजिला इमारतों के पूरे पानी की निकासी एक जगह से कर ऐसे पार्कों या सामूहिक जगहों में बने सोख्तों से लिंक करना चहिए। इस विधि से जल का स्तर आसानी बढ़ जाएगा। मौके पर महाविद्यालय के सचिव परमेश्वर यादव, प्राचार्य डॉ विमल किशोर, डॉ अरुणा रानी, डॉ संजय कुमार बरनवाल, डॉ संगीता चौधरी, डॉ ब्रह्मदेव मोदी, प्रो डॉ बद्री साव, प्रो हीरामन साव, अजय प्रताप सिंह, अजय रंजन सहित कॉलेज के कई शिक्षक, शिक्षिकाए सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव हुए सम्मानित



**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव को बीते दिनों अप्वाइंटमेंटस कमिटी ऑफ दी कैबिनेट ने निदेशक (इंधन) एनटीपीसी लिमिटेड नियुक्त किया है। इस मौके पर एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के द्वारा निदेशक (इंधन) के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन सिकरी में किया गया। निदेशक इंधन ने कहा कि टीम पकरी बरवाडीह लगातार पुराने रिकॉर्ड को तोड़कर हर क्षेत्र में नया रिकॉर्ड बना रही है। हम सुरक्षा की मापदंडों का पूर्ण रुप से पालन करते हुए माइनिंग,डिस्पैच के साथ-साथ अन्य विभागों में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम में चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक अनिमेष जैन, केरेडारी कोयला खनन परियोजना के प्रमुख फैज तैयब, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं एनटीपीसी के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### दारू में बंदोबस्तधारी को ग्रामीणों ने रोका



**दारू।** अंचल अंतर्गत हरली गांव में पूर्व में संचालित सागर होटल की भूमि विवादित चल रहा है। इस भूमि का खाता संख्या 124 ,प्लाट नम्बर 3934 व कुल रखवा 1.52 एकड़ है। इस जमीन का सदर अंचल के द्वारा रामदेव खरिका पंचायत के तिलैया निवासी पोखन नारायण कुशवाहा के नाम कई वर्ष पूर्व से बन्दोबस्त किया गया था। सीओ के आदेश जारी होने के पश्चात भी मंगरा भुइयां ने मुंसफ कोर्ट हजारीबाग में मामला दर्ज किया। जिसका केश नंबर 26/2015 व मुंसफ कोर्ट का नया केस नंबर 52 /2020 के आलोक में आदेश जारी किया कि आपस मे सुलहनामा के आधार मामला को निष्पादित किया जाय। उक्त पदाधिकारियों के निर्देश के आधार पर पोखन नारायण कुशवाहा के वंशज के द्वारा 1 मई को उक्त भूमि पर कब्जा कायम करने के लिए जेसीबी के द्वारा झाड़ी साफ कराया जा रहा था। इसकी भनक लगते ही हरली के ग्रामीण कार्य को रोकने आए। वहीं बन्दोबस्तधारी के वंशज ने कार्य नही रोकने की बात कही। इस बात हरली के पूर्व मुखिया दिलीप कुमार व वर्तमान मुखिया पति मो फारूक व कई अन्य हरली ग्रामीणों ने कहा कि अभी काम को रोक दिया जाय।

### चरही में सुरक्षा कर्मी का शव बरामद

**चरही।** सोमवार को चरही थाना क्षेत्र के 15 माइल स्थित जोजोबेडा के रेलवे ट्रैक से एक सीसीएल सुरक्षाकर्मी का शव चरही पुलिस ने बरामद किया ।जानकारी के अनुसार सीसीएल सुरक्षाकर्मी मांडू थाना के गरगाली निवासी बालेश्वर महतो ( 45 वर्ष ) चरही रेलवे साइडिंग में कार्यरत था। 30 अप्रैल को डियूटी समाप्त कर रात्रि 10 बजे पसेंजर ट्रेन पर सवार होकर चरही रेलवे स्टेशन से मांडू जा रहा था ।उसी दौरान 15 माइल स्थित जोजोबेडा रेलवे ट्रैक के पास पैर फिसल जाने से गिर पड़ा ।जिस कारण दोनों पैर कट गए। जिस कारण उसकी मौत घटना स्थल पर हो गई।

### कोयला क्षेत्र में मनाया गया मजदूर दिवस

**चरही।** सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के सभी परियोजनाओं और भारतीय मजदूर संघ के कार्यालय में 100 वें अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया ।हजारीबाग कोयला क्षेत्र के महाप्रबंधक नीरज कुमार सिन्हा ने कहा कि मजदूर कंपनी के एक रीढ़ हैं ।इनके बिना कोई कार्य संभव नहीं है। कहा कि मजदूरों के साथ भेदभाव बर्दाशत के बाहर है। मजदूर और पदाधिकारी सामंजस्य बनाकर चलें। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नीरज सिंह ने कहा कि मजदूर पूरे विश्व के स्तम्भ हैं ।इनके बिना कोई कार्य संभव नहीं है ।जगह-जगह मजदूरी कर अपने परिजनों को लालन-पालन करते हैं। कड़ी मेहनत करने के बावजूद भी आज भी हिन भावनाओं से देखा जाता है ।इनके बिना कोई कार्य हो पाना मुश्किल है।

### बिष्णुगढ़ थाने का नया भवन बनवाने की मांग

**बिष्णुगढ़।** कांग्रेस नेता विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार ने झारखंड के मुखिया हेमंत सोरेन को खत लिखकर बिष्णुगढ़ थाना नया भवन बनवाने की मांग की है। थाना में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों का कोई आवास नहीं है, अगर है भी तो काफी जर्जर अवस्था में बिष्णुगढ़ पुलिसकमीर्यों द्वारा काफी दिनों पूर्व बने आवास जर्जर की हालात ठीक नहीं है। जर्जर भवन में पुलिसकर्मी रहने को विवश है और दुर्घटना होने की संभावना है।

### रेलवे लाइन बिछाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**विष्णुगढ़।** हजारीबाग रेलवे स्टेशन से हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन तक रेलवे लाइन बिछाने की मांग को लेकर कांग्रेस नेता विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा को पत्र सौंपा है। पत्र में कहा गया है कि बिष्णुगढ़ में 1910 ईस्वी में रेलवे लाइन का आधारशिला हजारीबाग से होते हुए बिष्णुगढ़ चैनपुर दनिया से जोड़े जाने का रखा गया था.। परंतु अभी तक इस कार्य को पूरा नहीं किया जा सका है। हजारीबाग से गिरिडीह रेलवे स्टेशन तक के रेलवे लाइन का परिचालन शुरू की गई है।

स्पीड न्यूज

## नगड़ी : धुर्वा डैम से मिला बुजुर्ग का शव

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के धुर्वा डैम में सोमवार को लगभग 60 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। सुचना मिलने पर नगड़ी थाना प्रभारी ओम प्रकाश टोप्पो पुलिस बल के साथ धुर्वा डैम पहुंचे नगड़ी पुलिस मृतक बुजुर्ग को डैम से बाहर निकल कर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। अज्ञात बुजुर्ग ब्लू सर्ट और सफेद धोती पहने हुए था साथ में लाल रंग का गमछा लिए हुए था। इसका शव को मछली मारने वाला एक ब्यक्ति द्वारा देखा गया। इन्होंने इसकी जानकारी कुडलोंग मुखिया जीतू लिंडा को दिया और इसके द्वारा नगड़ी पुलिस को जानकारी दी गयी। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नही हुई।

## काटमकुली के पूर्व मुखिया का निधन

**ठाकुरगांव।** कांके प्रखंड के काटमकुली पंचायत के पूर्व मुखिया श्रवण लोहरा का आकस्मिक निधन इलाज के क्रम में सोमवार की रात्रि हो गई। जानकारी के अनुसार उनका इलाज इरबा स्थित मेदांता अस्पताल में चल रहा था। श्रवण लोहरा के आकस्मिक निधन पर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश बैठा, उपमुखिया अख्तर अंसारी, पप्पू अंसारी, फुलेश्वर महतो आदि ने गहरा दु:ख प्रकट किया है।

## सिल्ली में खुला फाइलेरिया क्लीनिक

**सिल्ली।** सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को फाइलेरिया क्लीनिक का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन चिकित्सा प्रभारी डॉ जितेंद्र महली एवं महिला चिकित्सक डॉ जुडीथ टोप्पो ने संयुक्त रूप से किया। यह क्लीनिक अस्पताल परिसर के एक कमरा में शुरू किया गया है। इस मौके पर चिकित्सा प्रभारी ने कहा कि अब मरीजों को आसानी के साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा। यह क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। क्लिनिक में समुचित चिकित्सकीय प्रबंधन की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। मरीजों को इलाज कराने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। मौके पर डॉ विवेक, छोटेलाल पटेल, संजीव कुमार महतो, सुरेंद्र नाथ महतो, सभी एएनएम एवं स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## मांडर : सड़क हादसे में युवक घायल

**मांडर।** मांडर-टांगरबसली मुख्य पथ पर स्थित पेट्रोल पंप के निकट बिसाही मोड़ पर हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सुबह 10 बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेड़ो थाना क्षेत्र के चचकपी निवासी 35 वर्षीय मुंतजीर मलिक अपनी बाइक से पिठोरिया थाना क्षेत्र के बूढ़ीबागी अपने ससुराल जा रहा थाए जाने के क्रम में उक्त स्थान पर अनियंत्रित होकर वह गिर पड़ा, जिससे उसके माथे पर अंदरूनी चोट लगने से बेहोस हो गया था।

## अलग-अलग सड़क हादसे में चार जख्मी

**मांडर।** दो अलग-अलग स्थानों पर सोमवार शाम हुए सड़क हादसे में एक बुजुर्ग व्यक्ति सहित चार लोग घायल हो गये। घायलों में महुआजाड़ी के साठ वर्षीय सुकरा उरांवए नीरज सिंह, डरिया हातमा के आदित्य मुंडाए ठाकुरगांव अडरा के सूरज उरांव, नीरज सिंह शामिल हैं। इनमें से सुकरा उरांव, आदित्य मुंडा व सूरज उरांव को रेफरल अस्पताल मांडर से प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर किया गया है।

# तेंदुआ धर्मेंद्र और करण को भेजा गया बोकारो

### ओरमांझी जैविक उद्यान से हुआ तेंदुआ का आदान-प्रदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** सेंट्रल जू ऑथरिटी के अनुमति से बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी में तेंदुआ का आदान-प्रदान किया गया। जवाहरलाल नेहरू जैविक उद्यान बोकारो से दो मादा तेंदुआ लाया गया। जवाहरलाल जैविक उद्यान बोकारो के प्रभारी एपी लकड़ा, डॉ गौतम चक्रवर्ती, पशु चिकित्सा पदाधिकारी एम बैग, पशुपालक राजेश महतो द्वारा दोनो मादा देंतुआ को बिरसा जैविक उद्यान प्रशासन को सौंपा गया। वहीं बिरसा जैविक उद्यान प्रषासन द्वारा दो नर तेंदुआ सौंपा गया। बिरसा जैविक उद्यान के मुख्य वन संरक्षक सह निदेशक जबर सिंह ने बताया कि जैविक उद्यान में वर्तमान में कूल पांच नर व तीन मादा तेदुआ थे। अब मादा तेंदुआ की संख्या पांच व नर तेंदुआ की संख्या तीन हो गई है।



जैविक उद्यान लायी गयीं दो मादा तेंदुआ।

### प्रजनन को बढ़ाने के लिए हुआ आदान-प्रदान

सेंट्रल जू अथॉरिटी के दिशा-निर्देश व तेंदुआ के प्रजन्न क्रिया को बढ़ाने के उद्देश्य से तेंदुओं का आदान प्रदान कार्य किया गया है। वहीं जैविक उद्यान के पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ओमप्रकाश साहू ने कहा बोकारो से आए दोनों मादा तेदुआ को उद्यान के पशु चिकित्सालय के कोरंटिन वार्ड में रखा गया है। 21 दिन के बाद दोनों को तेंदुआ केज में छोड़ा जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से जैविक उद्यान के सहायक वन संरक्षक (एसीएफ) अशोक कुमार, वनक्षेत्र पदाधिकारी रामलखन पासवान, बाबूनंद प्रसाद, वनरक्षी व पशुपालकों सहित कई वन्य कर्मी उपस्थित थे।

# 200 ग्रामीणों को मिला कोर कार्बन लकड़ी का चूल्हा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ठाकुरगांव।** हेमंत सरकार झारखंड के युवाओं के सपनों को चकनाचूर करने का काम कर रही है। उक्त बातें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने ठाकुरगांव स्थित आदिवासी बाल विद्यालय में सोमवार को कोर कार्बन लकड़ी चूल्हा वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आगामी चुनाव में राज्य की जनता झामुमो सरकार को सबक सिखायेगी। वहीं विधायक समरीलाल ने स्कूल के विकास में हरसंभव सहयोग करने की बात कही। विदित हो कि 200 धुंआ रहित कोर कार्बन लकड़ी चूल्हा ग्रामीणों के बीच भाजपा के एसी मोर्चा के जिला मंत्री सह सांसद प्रतिनिधि अशोक नायक द्वारा किया गया। साथ ही अतिथियों ने 400 फीट पीसीसी सड़क का भी उद्घाटन किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष उतपल शाहदेव, रामकुमार दुबे, कमल मोदी, बिंटू शाहदेव, जयकुमार कुशवाहा, आनंद चौधरी मौजूद थे।

# श्रमवीरों की बदौलत देश की अर्थव्यवस्था टिकी है : संजय

### मजदूर दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** कोयला श्रमिक देश हित के लिये एक योद्धा की तरह डट कर सालों भर कार्य करते हैंण हम सभी को सुरक्षा को सर्वोपरि मानकर सुरक्षित तरीके से कोयला उत्पादन में लगे रहना होगा तभी हमें कुशल कामगार दर्जा मिल सकती है उक्त बातें एनके एरिया के जीएम संजय कुमार ने कहीण एनके जीएम अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस सह सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी देश व समाज के निर्माण में श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान होता हैण इन्ही श्रमवीरो के बदौलत देश की अर्थव्यवस्था टिकी हुई रहती हैण एनके एरिया कोयला उत्पादन के क्षेत्र में अच्छा काम कर रहाण सुरक्षित तरीके से कार्य कर अपने श्रमवीरोए ग्रामीणोंए यूनियन प्रतिनिधियों के सहयोग से हम उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करेंगेण इस अवसर पर एरिया के 22 सर्वश्रेष्ठ कामगारो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिसमें डकरा परियोजना से कंचन महतोए जयनंदन ठाकुरए प्रदीप कुमारए कमल गंझूए पूणार्डीह से सलाउद्दीन मियांए ज्ञान उरांवए रविंद्र गंझूए रोहिणी से बलरामए जनेश्वर रामए सोहराई महतोए अर्जुन साहूए सुधीर सिंहए केडीएच से आरके महलीए मनोज गंझूए विलियम उरांवए परवेज आलमए बीफा महतोए चुरी से टुकना महतोए साधु करमालीए बिगन महतोए बिरज प्रधानए जितेन्द्र महतोए जीएम यूनिट से प्रमिला देवीए मकुंन्द गंझूए रुक्मणी देवीए संजय गंझूए तिहारु रामए धनेश्वर गंझूए जोगेंद्र गंझू का नाम शामिल है।

# एएनएम से छेड़छाड़ का मामला : सीएचसी ओरमांझी पहुंची जांच टीम, होगी कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** सीएचसी ओरमांझी के एएनएम के साथ बीपीएम प्रमोद कुमार के द्वारा छेड़छाड़ व वितीय अनियमितता में संलिप्ता का आरोपी चिकित्सा प्रभारी डॉ रेनू बाखला के खिलाफ जांच करने मंगलवार को एक तीन सदस्यी जांच टीम सीएचसी ओरमांझी पहुंची। जांच टीम में शामिल अपर मुख्य चिकित्सा प्रभारी रांची (एसीएम) डॉ शशिभूषण खलखो, जिला मलेरिया पदाधिकारी रांची (डीएसओ) डॉ एसके शाबीर व सदर अस्पताल रांची की प्रबंधक जीरेन एस कुंडुलना ने पहले चिकित्सा प्रभारी डॉ रेणू बाखला से कार्यालय में बातें की, फिर एएनएम से पूछताछ करने के लिए एक-एक कर बुलवाया गया। जिसपर एएनएम द्वारा नाराजगी जताते हुए एक-एक कर जाने से इनकार कर दिया। आषंका जताते हुए एएनएम द्वारा कहा गया कि एक ओर एएनएम छेड़छाड़ की शिकार हुई हैं। वहीं आरोपितों को बचाने व एएनएम पर दबाब बनाने के लिए एक-एक कर बुलाया जा रहा है। चिकित्सा प्रभारी का कार्यालय का दरवाजा भी बंद कर लिया गया था। वहीं सभी एएनएम कार्यालय गेट के बाहर बैठ गए थे। बाद में एनएनएम का नारजगी देखते हुए सभी एएनएम को एक साथ बुलवाया गया। जांच टीम द्वारा समझाया गया कि मामला गंभीर है और एक-एक कर बात करना जरूरी है। जिसके बाद सभी एएनएम एक-एक कर गए और जांच टीम के सामने खुलकार अपनी पीड़ा बताई और कहा बीपीएम छेड़छाड़ करने के साथ दुष्कर्म की भी धमकी देता है।



### एक नजर में

## ओरमांझी में सुदरकांड के पाठ का आयोजन

**ओरमांझी।** किसान कंप्लेक्स ओरमांझी में तीन दो दिवसीय सुंदरकांड पाठ व प्रवचन का आयोजन किया गया है। अयोध्या से आए कथावाचक पंडित बीके बिहारी शास्त्री ने सुंदरकांड पाठ के प्रथम दिन श्रीराम भक्त हनुमान की भक्ति का प्रसंग सुनाया और कहा भक्तों के हृदय में भगवान बसते हैं। अपने अच्छे कर्मो के द्वारा ही मनुष्य अपने मोक्ष की प्राप्ति कर सकता है। इससे पूर्व दिन में पूजा व आरती हुई। मौके पर समाज सेवी उमाशंकर साहू, शिवनारायण साहू, आमप्रकाश राव, प्रमेश्वर साहू, कुनाल गोस्वामी, विजय पंडित, श्यामकिशोर महतो सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## दीप इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रॉनिक का उद्घाटन



उद्घाटन करते अतिथि व अन्य।

**ओरमांझी।** किसान कंप्लेक्स ओरमांझी में नये दीप इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रोनिक का उद्घाटन क्षेत्र के प्रगतिषिल किसान शिवनारायण साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू ने कहा क्षेत्र के युवा स्वयं का व्यवसाय शुरू कर राजगार से जुड़ रहे हैं। ऐसे युवाओं को उत्साहित करने की जरूरत हैं। वहीं दुकान संचालक सहबाज अंसारी ने कहा इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रॉनिक की सभी समान उचति मुल्य पर उपलब्ध रहेगी। मौके पर मुख्य रूप से प्रमेष्वर साहू, शंभू तिवारी हमीद अंसारी, मुन्ना तिवारी, साबीर अली सहित आसपास के कई दुकान संचलक व ग्रामीण उपस्थित थें।

## छह वर्षीय बालक के पालनहार बने बाबूलाल

**खलारी।** छोटी सी उम्र में मां का साया उठ गया हो और पिता मानशिक रूप से विक्षिप्त हो और घर में इकलौता छः वर्ष का बच्चा, जिसे पता भी नही है संसार का हालण्तभी समाज के प्रबुद्ध जनों ने सूचना पाकर एक एक कर हाथों हाथ सहयोग करने के लिये पहुँचने लगे। मामला खलारी पंचायत का बताया जाता हैएजहाँ पर छः वर्ष का बच्चा पीताम्बर गंझू जिसके पालन पोषण के समय में शरुआत में मां साया उठ गयाण उसके बाद पिता गणेश गंझू है भी तो मानशिक रूप से विक्षिप्त हैण तभी बच्चा का घर का अस्तित्व देख कर सहयोग करने अथवा पालन पोषण के लिए किसान विकास फल उत्पादक खलारी प्रखंड के सेक्रेटरी बाबुलाल गंझू के द्वारा छः वर्ष के बच्चे को पालन व शिक्षा के लिये तैयार हो गये।

## श्रमिक संघ की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा

**खलारी।** अखिल झारखण्ड कोयला श्रमिक संघ का एक आवश्यक बैठक डकरा भीआईपी में किया गयाण बैठक की अध्यक्षता एरिया के सचिव श्री हरेन्द्र सिंह ने कियाण बैठक में संगठन विस्तार व संगठन की मजबूतीएअथवा श्रमिकों की मूलभूत सुविधा को लेकर चर्चा किया गयाण वही इस बैठक में 14 नए सदस्यों को फूल माला पहनाकर स्वागत शामिल किया गयाण बैठक में कन्हाई पासीए राहुल कुमार सिंहए गिरेन्द्र कुमार सिंह सहजाद अंसारीए जगदीश चौहानए संदीप कुमार आदि मौजूद थे।

# आइएचएम के चतुर्थवर्गीय कर्मचारी सम्मानित

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मांडर।** विश्व मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट राँची के द्वारा कार्यरत हाउसकीपिंग ए सुरक्षाकर्मी एवम सभी चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। श्रमिकों ने संस्थान के प्रति अथक एवम बेहतरीन कार्यसमर्पण के लिए संस्थान को धन्यवाद प्रस्तुती किया। समरोह की शुरूवात केक काट कर किया गयाए तथा अयोजित म्यूजिकल चेयर गेम के विजेताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात स्वादिष्ट व्यंजनों को संस्थान के रेस्टोरेंट पाही मोखना में सभी कर्मियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। संस्थान द्वारा आयोजित इस भावपूर्ण आयोजन के दौरान सभी कर्मी भावुक हो गए। संस्थान के प्राचार्य डॉण भुपेश कुमार ने विश्व मजदूर दिवस की बधाई देते हुए सभी निम्नवर्गीय कर्मियों द्वारा किए गए अथक कार्योंए संस्थान के कार्य को महत्ता देने के साथ साथ संस्थान के प्रति हमेशा तत्पर रहने हेतु सभी की सराहना एवम प्रशंसा की। और उन्होंने कहा समय बदल रहा है अब दुनिया के लोगों को निम्नवर्गीय कर्मियों के प्रति अपने सोच के साथ साथ देखने के नजरिए को बदलना होगा जिससे सामूहिक विकास संभव हो सकेगा।



# भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन के कर्मचारियों को मिला पुरस्कार

### संघर्ष के लिए जाने जाते हैं मजदूर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मांडर।** कंदरी स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन के तत्वावधान विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर इंस्टीच्यूशन के सभी विभागों के चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को संस्थान के शैक्षणिक सचिव के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान की शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर ने कहा कि मजदूर दिवस एक विशेष दिन है, जो श्रमिक को समर्पित है। उनकी कड़ी मेहनत, संघर्ष और प्रयासों के लिए जाना जाता है। आज भले ही तकनीक अपनी चरम सीमा पर है फिर भी मजदूरों की भूमिका को कम करके आंका नही जा सकता। राष्ट्र निर्माण में जीवन समर्पित करने वाले हमारे श्रमिक समाज का वह हिस्सा है। बीएड विभाग के प्रो उपेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि कर्म ही पूजा है और ये एक सेवाधिकार है। दुनिया को सजाने-सवारने वाला आज खूद बेघर और असहाय है। आज इनकी जींदगी को संवारने की हमें जरूरत है। इस मौके पर बीएडए डीएलएडए डी फार्मा, बीएससी नर्सिंग एवं जीएनएम के प्राचार्य तथा सभी व्याख्याता एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

# लोक अदालत में मामलों के निष्पादन को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक

### डालसा का कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/बुढ़मू।** माननीय झालसा के निर्देश पर माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के मार्गदर्शन में बुढ़मू प्रखंड के बाढ़े पंचायत के रांझीटोला गांव में डोर-टू-डोर जाकर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। लोगों को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी गई। साथ ही लोगों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन एवं दिव्याग पेंशन योजना, राशन कार्ड, मनरेगा, किसान सम्मान निधी योजना, फसल राहत योजना, बाल विवाह, बाल मजदूर, डायन प्रथा, एवं स्पॉनसरसीप के वारे लोगों को बतायी गई। इस कार्यक्रम में पीएलवी एलएडीसी के सहायक, शिवानी सिंह, प्रभाकरण मुण्डा, पीएलवी भारती देवी, बरखा तिर्की, संगीता देवी एवं राजा उपस्थित थे। इसमें डालसा के पीएलवी ने डालसा रांची से मिलने वाली सुविधाओं तथा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, लेबर कार्ड एवं लोक अदालत के बारे में बताया। भारती देवी ने नालसा एवं झालसा द्वारा संचालित योजनाओं के बारे जानकारी दी। संगीता देवी ने उपस्थित लोगों को पीड़ित मुआवजा तथा लोक अदालत के बारे बताया। बताते चलें कि 13 मई को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे लोगों को जागरूक किया गया, ताकि लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को सुलझाया जा सके। पीएलवी ने बताया कि यदि कोई वाद न्यायालय में लंबित है, तो उसे मध्यस्थता के माध्यम से निपटा सकते हैं।

# योग शिक्षक श्याम सुंदर महतो को श्रद्धांजलि

### पतंजलि केंद्र में हवन के साथ कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिल्ली।** सिल्ली के सिल्ली डीह स्थित पतंजलि आरोग्य केंद्र में सोमवार को समाजसेवी कृष्ण कुमार महतो के अध्यक्षता में पूर्व प्रधानाध्यापक एवं योग शिक्षक स्व श्याम सुंदर महतो की दूसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। पतंजलि के परमेश्वर कोइरी के द्वारा हवन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने स्व श्याम सुंदर महतो के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर राजेंद्र नाथ महतो, निरंजन महतो, पतित पावन साहू, शत्रुघ्न गुप्ता, रघुनाथ महतो, गयाराम महतो, नंदलाल महतो, बैद्यनाथ मिस्त्री, दिलीप डे, राजू केडिया, शशि रंजन महतो, राकेश दुबे आदि वक्ताओं ने उन्हें पतंजलि योग के एक कुशल योग शिक्षक और चिकित्सक, समाजसेवी, कर्तव्यपरायण, विद्वान, छात्रों के प्रति स्नेह रखने वाले शिक्षक के रूप में याद करते हुए कहा कि वे मृदुभाषी, शांत, सौम्य, मिलनसार एवं कुशल व्यवहार वाले व्यक्ति थे। उनके असामयिक निधन से शिक्षा एवं योग के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।



### श्रद्धांजलि सभा में हुए शामिल

श्रद्धांजलि सभा में स्व महतो के पत्नी पानो देवी, पुत्र मदन कुमार, हितेश कुमार, पुत्रवधू अनुराधा देवी, शिवांश, संगीता रानी, लंबोदर प्रसाद, तरुणा रानी, रतन चंद्र महतो प्रियंका, मोनिका, पूजा, अन्वी, उत्कर्ष, हर्ष एवं समस्त परिजन एवं उपस्थित लोगों ने सामूहिक प्रसाद ग्रहण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# नैक पियर टीम ने की समर्पणदीप बीएड कॉलेज के रिकार्ड की जांच

### प्रबंधन को दिये गये जरूरी निर्देश




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** समर्पणदीप बीएड कॉलेज में नैक पियर टीम का दो दिनी पुनर्निरीक्षण समाप्त हो गया। चेयरमैन डॉ इलियास हुसैन और सदस्य ललिता चंदात्रे व दिनेश रामपूर्ती ने एकेडमिकए एलुमनीए प्लेसमेंट व स्कुल प्रैक्टिस आदि रिकाड्र्स की बारीकी से जांच की और प्रबंधन को कई जरूरी निर्देश दिये। व्याख्याता, ननटीचिंग स्टॉफ, एलुमिनाई व अभिभवकों के साथ बैठक कर विभिन्न विंदुओं पर चर्चा की। इससे पूर्व टीम समेत कॉलेज के चेयरमैन अभिषेक सिंह, सचिव नवल किशोर गुप्ता, प्राचार्य और नैक के को-ऑडिनेटर डॉ रजनीश पांडेय, विभागाध्यक्ष दशरथ महतो, प्रबंध कमेटी के सदस्य विकास पोद्दार, विशाल सिंह, जितेंद्र प्रसाद व शैलेंद्र सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। छात्र-छात्राओं ने गीत.नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का मनमोह लिया।

### इन्होंने निभायी भूमिका

दशरथ महतो, लीना सिंह, चंदन कुमार मिश्र, आनंद भगत, आशिफ, कन्हैया केशरी, शशि तिर्की, सुजीत महतो, ए मिश्र, पुष्पा सिंह, हरजीत कौर, शालिनी सिन्हा, रितु केरकेट्टा, विजय कुमार, अनिल, कन्हाई, दिनेश, श्रेयसी, अनिशा, रश्मि, स्मृति, शालु, रानू, प्रज्ञा, अस्मिता, दिनेश व आशीष आदि।

# देश के नवनिर्माण में मजदूरों का विशेष योगदान : शाहदेव

### अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि देश के नवनिर्माण और सामाजिक विकास में मजदूरों का विशेष योगदान है। उन्होंने कामगारों के खिलाफ हो रहे हमले की आलोचना करते हुये उनके अधिकारों की रक्षा व बच्चों के लिये समान उच्च शिक्षा पर जोर दिया। श्री शाहदेव 123वें अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन लेबर यूनियन की ओर से फन कैशल पार्क के समीप आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व पद्मश्री मधु मंसुरी व झामुमो नेता पृथ्वीनाथ शाहदेव ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान शिकागो के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। पूर्व जिप सदस्य अक्लिमा खातून ने महिला मजदूरों के बीच साड़ी का वितरण किया। इससे पूर्व यूनियन के सदस्यों ने महावीर विश्वकर्मा व महावीर महतो की अगुआई में तिलता चौक से जुलूस निकाला। अध्यक्षता शेख शहदुल ने कीए जबकि संचालन सुकरा उरांव व चारे भगत ने किया। इधर दलादिली चौक स्थित माकपा राज्य कार्यालय में भी मजदूर दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में शिवपूजन साहू, बिनोद साहू, रमेश बेक, मोबारक अंसारी, भुलन महतो, तवरेज आलम, सिद्दीक अंसारी, लक्ष्मण सांडिल, इलियास अंसारी, गोविंद उरांव, मोबिन अंसारी, हुसैन अंसारी, तबारक अंसारी, कुदुश अंसारी, आशिक अंसारी, अमृत साहू, हजरत अंसारी, अनवर खानए असलम अंसारीए फिरदोश आलम ने अहम भूमिका निभाई।



### इन्होंने रखी अपनी बातें

जोहार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष विजय महतो, शंकर कुशवाहा, एक्टू नेता भुवनेश्वर केवट, जिप सदस्य निर्मला भगतए आजसू के हटिया विधान सभा प्रभारी भरत कांसी, राजीव रंजन मिश्र उर्फ चिंटू, कांग्रेस के मंसुर आलम, मुखिया ज्योति भगत, सुषमा तिर्की, जयश्री कुमारी, सरपंच सलगी उरांव, सेवानिवृत्त आर्मी अंजुम खान, एफएससीएस के निदेशक गोयंदा उरांव व झारखंड आंदोलनकारी शमीम मंसुरी आदि।

### कलाकारों ने बिखेरी छटा

छोटानागपुर के प्रसिद्ध लोक गायक पद्मश्री मधु मंसुरी हंसमुख ने अभियान गीत गाया। महावीर साहू, केशो देवी व ईदुल अंसारी आदि ने गायन कला की छटा बिखेरी। मजदूरों ने इसका जमकर लुत्फ उठाया। घंटों गीत-नृत्य का दौर चला। संगीत की धुन पर लोग थिरक उठे। हास्य कलाकार मजबुल खान ने श्रोताओं को खूब हंसाया।

स्पीड न्यूज

## गिरफ्तार नक्सली कमांडर की निशानदेही पर भारी मात्रा में हथियार बरामद

**चक्रधरपुर।** खूंटी से गिरफ्तार नक्सली कमांडर की निशानदेही पर पश्चिमी सिंहभूम जिला सुरक्षा बल को बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में हथियार बरामद किया है। 30 अप्रैल की रात्रि में खूंटी जिला अंतर्गत प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर सुखराम गुड़िया उर्फ रोडे उर्फ भदवा उर्फ भीम उम्र लगभग 25 वर्ष, ग्राम तपकरा जोजो टोली, थाना तपकरा जिला खूंटी की गिरफ्तारी हुई। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने कहा कि उससे मिली जानकारी के बाद गुदड़ी थाना व बंदगांव व थाना क्षेत्र में छापेमारी कर हुए पश्चिमी सिंहभूम व खूंटी जिला बल के साथ सीआरपीएफ 94 बटालियन का एक संयुक्त अभियान दल ने गुदड़ी थाना अंतर्गत तेनतारी पहाड़ व जंगली क्षेत्र से एक एचके 33 राइफल मैगजीन, 245 गोली, दो चितकबरा पाउच, एक देसी पिस्तौल और एक दूरबीन और बंदगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सोगा से दो 315 बोर का देसी राइफल व मैगजीन समेत अन्य सामान बरामद किया गया। उक्त नक्सली के विरुद्ध पश्चिमी सिंहभूम व खूंटी जिला में 27 कांड दर्ज हैं।

## नाबालिग से यौन शोषण के आरोप में मामला दर्ज

**रानेश्वर।** नाबालिग ने आसनबनी के एक युवक पर शादी का प्रलोभन देकर योन शोषण करने का आरोप लगाते हुए रानेश्वर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। लिखित शिकायत में युवती ने आरोप लगाया है कि आसनबनी के निजामुद्दीन अंसारी वर्ष 2020 से प्रेमजाल में फंसा कर शादी का प्रलोभन देकर योन शोषण करता आ रहा है। जब शादी को लेकर दबाव बनाया तो युवक शादी से इंकार कर दिया। युवती ने यह भी आरोप लगाया है कि निजामुद्दीन के भाई मोईनुद्दीन अंसारी एवं उनके पिता सिराजुद्दीन अंसारी ने युवक को शादी नहीं करने को लेकर दबाब बनाया जा रहा है। थाना प्रभारी छटन महतो ने बताया कि पोक्सो एक्ट एवं धारा 376, 66 ई आईटीएक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर दबिश बनाये हुए है। जल्द ही आरोपी कानून के गिरफ्त में होंगे।

## पर्यावरण संरक्षण को थाना परिसर में लगाये गये फलदार वृक्ष के पौधे

**जामा।** निफा संस्था के सहयोग से जामा थाना क्षेत्र में फलदार समेत कई पौधे लगाये गये। निफा सचिव जतीन कुमार एवं थाना प्रभारी जितेंद्र साहू के संयुक्त रूप में आम, जामुन, पीपल सहित अन्य फलदार वृक्ष लगाए गए। मौके पर जामा थाना प्रभारी जितेंद्र साहू ने कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए एवं अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। इस दौरान राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित संस्था सचिव जतिन कुमार ने कहा कि पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। संस्था मीडिया प्रभारी सह सामाजिक कार्यकर्ता रमेश मंडल ने कहा कि आजकल पेड़ पौधों का कटाई बहुत हो रही है। उस हिसाब से उतने पेड़ पौधे लगाए नहीं जा रहे है।

## जाति विशेष आपत्तिजनक बयान पर भाजपा विधायक एवं कांग्रेस नेताओं ने जताया विरोध

**सहरसा (हि.स.)।** राजद नेता के जाति विशेष बयान पर पूर्व मंत्री और सहरसा विधायक डॉ आलोक रंजन एवं कांग्रेस के युवा प्रदेश सचिव सुदीप कुमार सुमन ने इसे आपत्तिजनक बताया है। दोनों ने इसपर विरोध जताते हुए अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। डॉ रंजन ने मंगलवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राजद के राष्ट्रीय सचिव यदुवंश यादव का ब्राह्मणों को लेकर दिये गए आपत्तिजनक बयान किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। हम उस बयान की भर्त्सना करते हैं और उन्हें इस बयान के लिए सभी ब्राह्मणों से सार्वजनिक माफी मांगनी होगी।जाति के आधार पर भड़काऊ बयान देकर द्वेष फैलाना और हिंसा को बढ़ावा देना राष्ट्रीय जनता दल की परंपरा रही है।

# चाईबासा के तीन युवकों ने चक्रधरपुर में ट्रक चालक से की लूटपाट, गिरफ्तार

## चक्रधरपुर थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार किये जायेंगे पुरस्कृत : एसडीपीओ

### पुलिस ने 12 घंटे में किया लूटकांड का खुलासा, सीसीटीवी के सहारे अपराधियों तक पहुंची पुलिस



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** चाईबासा सदर थाना क्षेत्र के तीन युवकों ने एक मई को चक्रधरपुर में ट्रक चालक से लूटपाट की थी। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए कांड में शामिल तीन युवकों को लूट के रुपए के साथ गिरफ्तार कर लिया है। कांड के उद्भेदन में सीसीटीवी कैमरा पुलिस के लिए मददगार साबित हुआ। सीसीटीवी फूटेज के सहारे पुलिस अपराधियों तक पहुंचने में कामयाब रही। वहीं कांड के उद्भेदन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पुलिस इंस्पेक्टर सह चक्रधरपुर थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार को पुलिस अधीक्षक के हाथों पुरस्कृत करने के लिए एसडीपीओ अनुशंसा करेंगे। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कपिल चौधरी ने मंगलवार को चक्रधरपुर थाने में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि एक मई को सूचना मिली थी कि चाईबासा-चक्रधरपुर मुख्य मार्ग में ऑक्सफोर्ड अस्पताल के पास एक मोटरसाईकिल पर सवार तीन अपराधकर्मियों द्वारा एक ट्रक को रोक कर चालक से 23,050 रुपया छिन लिया गया है। इस संबंध में चक्रधरपुर थाना कांड संख्या-79/23 धारा 392 भादवि के अंतर्गत तीन अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया था। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चक्रधरपुर के निर्देश पर एक छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य के आधार पर छापामारी करते हुए कांड में शामिल तीन अभियुक्तों को 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से कांड में प्रयुक्त मोटरसाईकिल एवं छिना हुआ रुपया भी बरामद कर लिया गया है। मामले में आदिल रशीद, उम्र करीब 29 वर्ष, पिता- शाहजान आलम,- बड़ी बाजार, बरकंदाज टोली,मोहम्मद शाहिद अनवर, उम्र करीब 45 वर्ष, पिता- मोहम्मद अनवर, बरकंदाज टोली, बड़ी बाजार एवं मुर्तवीर हुसैन, उम्र करीब 28 वर्ष, बड़ी बाजार, हिन्द चौक चाईबासा निवासी को गिरफ्तार किया है।

छापामारी टीम में चक्रधरपुर थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार, सदर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार, मुफ्फसिल थाना प्रभारी पवन चंद्र पाठक के अलावा चक्रधरपुर व चाईबास थाना के सशस्त्र बल व पदाधिकारी शामिल थे।

## चक्रधरपुर में छऊ कला केंद्र की स्थापना की जाये : विजय सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड के ईटीहासा गांव में बैसाखी पर्व के अवसर पर हर वर्ष की भांति तीन दिवसीय छऊ नृत्य सह मेला का आयोजन किया गया। मेले के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डाक्टर विजय सिंह गागराई शामिल हुए। कार्यक्रम का प्रारंभ गणेश वंदना से की गई। छउ नृत्य समिति ईटीहासा ऊपर टोला एवं नीचे टोला छऊ नृत्य समिति ने पौराणिक कथाओं पर आधारित गणेश वंदना, महिषासुर बध, रूपमणि हरण, कृष्ण लीला, वीर हनुमान, बाली और सुग्रीव की लड़ाई, प्रतिनिधि संजीत मोदी, शरत नायक, कान्दरू नायक, भगवानो नायक, सुधीर नायक, सुकरू नायक, गणेश नायक, अभिमन्यु नायक, सहदेव नायक, कोकिल नायक, घासीराम नायक सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## व्यंग्यकार संपत सरल ने जमशेदपुरवासियों को गुदगुदाया



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील अर्बन सर्विसज द्वारा काशीडीह कम्यूनिटी ग्राउंड में गत 30 अप्रैल की शाम भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में काव्य पाठ करती नैनिताल की मशहूर कवयित्री गौरी मिश्रा। मंचस्थ हैं व्यंग्यकार संपत सरल व अन्य कवि। कवि सम्मेलन के आकर्षण थे व्यंग्यकार संपत सरल जिन्होंने अपने संक्षिप्त व्यंग्यों से उपस्थित साहित्यप्रेमियों को खूब गुदगुदाया। कवि सम्मेलन में संपत सरल, राजस्थान, विष्णु सक्सेना, उत्तर प्रदेश, मनोज कुमार मनोज, मेरठ-उप्र, प्रियांशु गजेंद्र-उप्र, कृति काले-नयी दिल्ली, गौरी मिश्रा-उत्तराखंड और जमशेदपुर से श्यामल सुमन, नवीन अग्रवाल, डा संध्या सिन्हा सूफीव शोभा किरण इनायत ने भी अपनी कविताओं का पाठ किया।

# अवैध संबंध में रोड़ा बनने पर हुई थी रामस्वरूप की हत्या

### 72 घंटे में खुलासा, दो आरोपी गये जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के अकौनी गांव के 55 वर्षीय रामस्वरूप यादव की हत्या होने के 72 घंटों में पुलिस ने तीव्र गति से तफ्तीश करते हुए मामले का पदार्फाश कर दिया है। साथ ही घटना में शामिल अकौनी गांव के ही दो आरोपियों महेंद्र यादव का पुत्र संजय यादव तथा लखन यादव का पुत्र उमेश यादव को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दी है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि अवैध संबंध में रोड़ा जानकर उक्त दोनों आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया है। इनके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लाठी तथा पत्थर बरामद कर लिया गया है। मालूम हो कि 27 अप्रैल को अकौनी गांव के समीप हड़ही नदी के किनारे से रामस्वरूप यादव का पत्थर से कूचा हुआ शव बरामद हुआ था। मामला दर्ज होने के साथ ही पुलिस तेजी से अनुसंधान शुरू कर दी। दो दिनों में करीब दो दर्जन से अधिक लोगों से पुछताछ की गई। उक्त दोनों आरोपियों के इकबाल ए जुर्म के अनुसार अकौनी गांव से सटे भुइंया टोली में आरोपी संजय यादव का किराना दुकान है। वहीं संजय तथा उमेश यादव का इस इलाके की कुछ महिलाओं के साथ अवैध संबंध था। उधर रामस्वरूप यादव अक्सर देर रात तक उसी इलाके में बैठा रहता था। जो दोनों आरोपियों को नागवार गुजरता था। उन्हें अवैध संबंध में परेशानी होती थी। कई बार रामस्वरूप यादव को मार डालने की धमकी भी दी थी। 26 अप्रैल की रात शराब पीने के बाद संजय तथा उमेश ने रामस्वरूप यादव को अकेले पाकर पकड़ लिया। साथ ही नदी किनारे ले जाकर पहले लाठी से पिटा । फिर पत्थर से कूच कर हत्या कर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों को छापामारी कर उसके घर से गिरफ्तार किया गया । छापामारी दल में थाना प्रभारी के अलावे पथरा ओपी प्रभारी नीतीश कुमार, एसआई निर्भय कुमार, शिवशंकर उरांव, निरंजन कुमार सिंह के अलावे सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## कोयला लदे हाईवा की चपेट में आने से किशोर की मौत, जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** कोयला लदे हाईवा के चपेट में आने से सड़क हादसे में एक और जान गई। सोमवार की सुबह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हेठ कोरिया गांव के समीप सुबह छह बजे कोयला लदे हाईवे के चपेट में आने से बाइक सवार किशोर की मौत हो गई। मृतक किशोर थाना क्षेत्र के मकरो गांव निवासी 16 वर्षीय उलीन मरांडी है। हादसे से नाराज लोगों ने 10 लाख रुपए मुआवजे की मांग करते हुए दुमका पाकुड़ मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। ग्रामीणों के विरोध के कारण पुलिस को शव को कब्जे में लेने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। जानकारी के अनुसार मकरो गांव का उलीन मरांडी सुबह किसी काम से हेठ कोरैया आया था। वापस जाने के क्रम में अमड़ापाड़ा की ओर से कोयला लेकर आ रहे हाईवा ने बाइक में सीधी टक्कर मार दी। जिससे किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक हाईवा छोड़कर भाग गया। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने मार्ग को जाम कर दिया। ग्रामीण कंपनी की ओर से स्थल पर आकर मुआवजे के लिए दस लाख रूपया देने की मांग पर अड़े रहे। ग्रामीणों का कहना था कि कई बार पुलिस हादसे के बाद मुआवजा दिलाने का आश्वासन देती है। लेकिन बाद में पैसे कम पैसा दिया जाता है। इस कारण कंपनी मालिक को मौके पर ही आकर सारा पैसा देना होगा।

## वोट डालने से रोकने के मामले में पांच दोषी करार, दो को एक माह की सजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** वोट डालने से रोकने के मामले में पांच अभियुक्तों को न्यायालय ने दोषी करार दिया है। दोषी करार न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी परिधि शर्मा की अदालत ने सुनाया। न्यायालय ने सभी पांच अभियुक्तों में से दो अभियुक्तों को पांच सौ रुपए जुमार्ना अदा करने के साथ एक महीने के कारावास की सजा सुनायी है। तीन अन्य दोषियों को डांट फटकार कर भविष्य में पुनः ऐसी गलती नहीं करने की चेतावनी देकर छोड़ दिया। अदालत में सोमवार को सरैयाहाट थाना कांड संख्या 246/2015 में सजा के बिंदु पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद न्यायालय ने भादवि की धारा 341 के तहत दोषी पाकर नामजद अभियुक्त जयंत सिंह और पंचम सिंह को एक माह के कारावास और पांच सौ रुपया जुमार्ना अदा करने की सजा सुनायी।

जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर दोनों को सात दिन के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। न्यायालय ने इसी मामले में दोषी तीन अन्य अभियुक्त पुरूषोत्तम सिंह, टिपु सिंह और बप्पी उर्फ ज्वाला सिंह को प्रोवेशन आफ आफेंडर एक्ट का लाभ देते हुए डांट फटकार कर भविष्य में ऐसी गलती नहीं करने की चेतावनी देकर छोड़ा। इस मामले में सरकार की ओर से सहायक लोक अभियोजक खुशबुद्दीन अली पैरवी कर रहे थे। अभियोजन पक्ष की ओर से न्यायालय में छह गवाह पेश हुए। जानकारी के अनुसार जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के मटिहानी गांव निवासी शिव शंकर गुप्ता द्वारा 5 दिसंबर 2015 को लिखित आवेदन पर सरैयाहाट थाना में भादवि की धारा 143, 147, 149, 504, 341, 323,379 के तहत कांड संख्या 246/2015 दर्ज करायी गई थी। जिसमें जयंत सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, पंचम सिंह, टिपु सिंह और बप्पी उर्फ ज्वाला सिंह को नामजद आरोपी बनाया गया था।

# आये थे नाबालिग से शादी रचाने, भेजे गये जेल

### दूल्हा, पंडित व वर-वधू के पिता को भी गये जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत जामू के 15 वर्षीय नाबालिग लडकी से शादी रचाने के मामले में दूल्हा, पंडित जी, 5 महिलाओं और वर वधू के पिता को मंगलवार को जेल भेज दिया गया। मरकच्चो पुलिस ने सोमवार को दुल्हा राजू यादव समेत शादी कराने वाले गिरोह को गिरफ्तार किया था, इनमें दूल्हा पक्ष से सात लोगों को तथा वधू पक्ष के पिता दिलीप साव व शादी कराने आए पंडित बिक्रम पांडेय को मंगलवार को कोडरमा जेल भेज दिया गया।

बताया गया कि दूल्हा 39 वर्षीय राजू यादव पिता सियाराम यादव, साकिन पालम बिहार गुडगांव, हरियाणा का निवासी है। इनके साथ शादी रचाने बिचौलिए के रुप में हरियाणा गुडगांव 38 वर्षीय निवासी रेखा देवी पति रामदेव साव, 20 वर्षीय रूबी कुमारी पिता रामदेव साव, 18 वर्षीय सुमित साव पिता रामदेव साव, 21 वर्षीय बिनीता कुमारी पति पप्पू साव, 25 वर्षीय अजय साव पिता सियाराम साव सभी साकीन चौमा थाना पालम बिहार जिला गुड़गांव हरियाणा निवासी आये थे। इनलोगो से पूछताछ के दौरान पता चला कि सभी सेवली देवी पति कैलाश साव, जामू थाना मरकच्चो के कहने पर 15 वर्षीय नाबालिग का विवाह करा कर अपने साथ हरियाणा ले जाने के लिए आए थे।

वैवाहिक कार्ड में राजू साव का नाम छपा था जबकि आधार कार्ड में राजू यादव अंकित है। वहीं बताया जा रहा है कि यह शादी 2 मई को होनी थी लेकिन 1 मई को ही 1098 पर फोन गया कि मरकच्चो के ग्राम जामू में बाल व्यापार के उद्देश्य से एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की की शादी रचायी जा रही है।

वहां पहुंचे जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, चाइल्ड लाइन टीम से आरजेएसएस सचिव मनोज कुमार, उमेश कुमार, सुनिता देवी, बीडीओ पप्पू रज्जक, थाना प्रभारी लव कुमार पुलिस बल के साथ सूचना के सत्यापन हेतु ग्राम जामू पहुंचे तो इसे सत्य पाया, टीम के साथ जब दिलीप साव के घर प्रवेश किया गया तो सभी इधर उधर भागने लगे, मगर मौके पर ही मरकच्चो पुलिस टीम के द्वारा बाहर से आए सभी लोगों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया एवं आवश्यक कार्यवायी के बाद मंगलवार को सभी को जेल भेज दिया गया।

शराब ब्रिकी टेंडर गड़बड़ी मामला

# केस उठाने के लिए धमकी दे रहे विधायक के लोग: प्रार्थी

### सप्लीमेंट्री एफिडिफिट लाने का हाई कोर्ट ने दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शराब ब्रिकी टेंडर गड़बड़ी मामले में दायर उमेश कुमार के जनहित याचिका पर मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट ने की। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में चल रही है सुनवाई के दौरान प्रार्थी की अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया की इस केस को उठाने को लेकर प्रार्थी उमेश कुमार को विधायक अनूप सिंह की ओर से धमकी दी जा रही है। इस पर कोर्ट ने प्रार्थी को इस बात की जानकारी कोर्ट के रिकॉर्ड पर दो सप्ताह में पूरक शपथ के माध्यम से लाने का निर्देश दिया। वहीं कोर्ट ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल कर बताने को कहा है कि प्रार्थी के अधिवक्ता विकल्प गुप्ता के खिलाफ कितने केस दर्ज हैं। प्रतिवादी राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल हाइब्रिड मोड में हाईकोर्ट से ऑनलाइन मोड से जुड़े। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को प्रार्थी के अधिवक्ता को धमकाने और उसके भाई को पुलिस द्वारा उठाने मामले की वस्तुस्थिति कोर्ट को अवगत कराने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार से पूछा था कि वह बताएं कि प्रार्थी को क्यों धमकाया गया एवं प्रार्थी के अधिवक्ता विकल्प गुप्ता जो इस केस में सहयोग कर रहे हैं उसके भाई को क्यों 43 घंटा तक हाजत में रखा गया।

**क्या है मामला :** पूर्व की सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि जिलों में शराब के होलसेल के टेंडर में शामिल होने के लिए 25 लाख रुपए नन रिफंडेबल राशि तय की गई थी। राज्य के विभिन्न जिलों में शराब के होलसेल और रिटेल का टेंडर लेने के लिए कोलकाता से झारखंड के 3 जिलों में अलग-अलग खातों में करोड़ों रुपए भेजा गया था। यह उन खाते में भेजा गया था जहां जिनके खाते में मात्र दो-चार हजार रुपए हुआ करता था।उसी खाते से सारा पैसा राज्य के अन्य जिलों में शराब के होलसेल के टेंडर के लिए 25-25 लाख जमा करने में इस्तेमाल हुआ था।

खबरें बिहार की

## नीतीश कैबिनेट ने दो लाख शिक्षक बहाली पर लगायी मुहर

**पटना ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार दोपहर संपन्न हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 1.78 लाख से ऊपर शिक्षक बहाली समेत कुल 18 एजेंडों पर मुहर लगी। कैबिनेट ने शिक्षक नियमावली 2023 पर अपनी मुहर लगाई। इसके बाद बीपीएससी के माध्यम से बिहार में शिक्षकों की बहाली का रास्ता साफ हो गया है। इसके अलावा बिहार कैबिनेट ने गया और मुजफ्फरपुर नगर निगम क्षेत्र में 15 साल पुरानी कॉमर्शियल गाड़ियों के परिचालन पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया। बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया।एक अक्टूबर से इन दोनों नगर निगम क्षेत्र में पंद्रह साल पुरानी व्यवसायिक गाड़ियां भी नहीं चलेंगी। साथ ही गया और मुजफ्फरपुर नगर निगम क्षेत्र में सभी प्रकार के डीजल चालित तिपहिया वाहनों के परिचालन पर 30 सितम्बर से प्रतिबंध लगा दिया गया है। बिहार सरकार ने स्वच्छ ईंधन योजना 2019 का 31 मार्च, 2024 तक अवधि विस्तार कर दिया है। इसका क्षेत्र अब पटना के साथ गया और मुजफ्फरपुर भी होगा। तिपहिया मालवाहक वाहनों के लिए अनुदान का प्रावधान किया गया है। सरकार ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए एक साथ दो हजार पंचायतों में पंचायत सरकार भवन बनाने की प्रशासनिक स्वीकृति दी है। दो हजार पंचायत सरकार भवनों के लिए सरकार ने 41 अरब 71 करोड़ 16 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति कैबिनेट ने दी।

## नीतीश को काटते रहता है पीएम बनने सपना देखने का कीड़ा : सम्राट चौधरी

**बेगूसराय।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा है कि जॉर्ज फर्नांडिस की आत्मा नीतीश कुमार के शरीर में समा गई है। जिसके कारण मेमोरी लेस मुख्यमंत्री बनकर नीतीश कुमार कुछ से कुछ बोल रहे हैं। मंगलवार को बेगूसराय दिनकर भवन में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि 2019 की तरह एक बार फिर नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने वाला कीड़ा ने काट लिया है। पिछली बार जब वह सपना देखे थे तो बिहार की जनता ने दो सीट दी थी। इस बार लोकसभा चुनाव में उन्हें जीरो पर आउट करेगी। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिगुल बज चुका है, विरोधी दल तरह तरह की बात फैलाएंगे। महागठबंधन जातिवाद का उन्माद फैलाना चाहता है। कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि जनता की समस्याओं का आगे आकर समाधान करें। तभी जालसाज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चंगुल से बिहार को मुक्ति मिलेगी।

## नीरा बेचने का नहीं मिला लाइसेंस, चक्कर काट रहे लोग

**भागलपुर।** नीरा बेचने का लाइसेंस नहीं मिलने से पासी समाज के लोगों की परेशानी बढ़ गई है। पासी समाज के लोगों ने बताया कि नीरा बेच कर हमलोग जीवन यापन करते थे लेकिन सरकार ने नीरा बेचने के लिए पिछले वर्ष लाइसेंस दिया था। इस बार नीरा बेचने के लिए लाइसेंस नहीं दिया गया है। इसके लिए हमारे समाज के लोग अपने व्यवसाय के लिए प्रखंड से अनुमंडल अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर लगा रहे है। पासी समाज के लोगों ने कहा कि एक तो हमलोगों को लाइसेंस नहीं दिया गया है। दूसरी ओर पुलिस प्रशासन हमलोगों को नीरा व्यवसाय करने पर गिरफ्तार कर जेल भेज रही है। ऐसे में हमलोगों का परिवार भूखे मरने के कगार पर पहुंच चुका है।

## बिहार में पांच माह में पूरी होगी शिक्षकों की बहाली की प्रक्रिया : शिक्षा मंत्री

**किशनगंज।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के द्वारा शहर के पश्चिम पल्ली में राजद जिलाध्यक्ष कमरुल होदा की अध्यक्षता में आंबेडकर परिचर्चा का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री प्रो चंद्रशेखर रहे। शिक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सूबे में चार से पांच माह में प्राथमिक, मध्य और विशेष शिक्षकों की बहाली होगी। पत्रकारों से बात करते हुए शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर ने कहा कि शिक्षकों को कोई नौकरी से नहीं हटा रहा है। परीक्षा में सवाल का जवाब देने में क्या परेशानी है। जो शिक्षक पास करेंगे उन्हें राज्य शिक्षक का दर्जा दिया जाएगा। नई नियमावली से गुणवत्ता पूर्ण शिक्षक मिलेंगे। स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को प्राथमिकता के रूप में लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में अमन चैन लाना, नफरत समाप्त करना पार्टी का उद्देश्य है।

## एसकेएमयू के संताली स्पोकेन कोर्स में नामांकन की तिथि बढ़ी, अब 6 मई तक होगा नामांकन

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के संताल अंकादमी में संचालित संताली स्पोकेन कोर्स में नामांकन की तिथि का मंगलवार को विस्तार हुआ। अब ऑनलाईन या ऑफलाईन नामांकन 6 मई तक होगी। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ शंभू कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि नामांकन की निर्धारित अंतिम तिथि 6 मई तक इच्छुक उम्मीदार ऑनलाईन या ऑफलाईन नामांकन निर्धारित शुल्क के साथ करा सकते है। डॉ सिंह ने बताया कि संताली स्पोकेन कोर्स के वर्ग का समय-सारणी जारी हो गई है। छह माह कुल 90 घंटे चलने वाले सर्टिफिकेट कोर्स का वर्ग सप्ताह में तीन दिन होगी।

## स्पीड न्यूज

### ट्रक को बाइक ने पीछे से मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर

चंदवा। एनएच 75 रांची मेदनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के नवाड़ी स्कूल के समीप सोमवार की देर शाम एक 407 ट्रक को बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के चेतर पंचायत अंतर्गत लटदाग पल्हा टोली निवासी विजेंद्र गंझू व घायल की पहचान अशोक गंझू के रूप में हो रही है। इधर घटना के बाद मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों के द्वारा एनएच 75 को जाम कर दिया गया, घटना की सूचना के बाद चंदवा पुलिस की टीम घटना स्थल पहुंची व मृतक के परिजनों को समझा बुझा कर जाम समाप्त कराया व शव को अपने कब्जे में लेकर अन्त:परिक्षण के लिए भेज दिया।

### दूसरे सप्ताह भी थाना दिवस पर आये दर्जनों जमीन संबंधी मामले



मामले की सुनवाई करते लोग।

चंदवा। लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देशानुसार मंगलवार को लगातार दूसरे सप्ताह चंदवा थाना परिसर में थाना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। दूसरे सप्ताह भी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से दर्जनों की संख्या में फरियादी अपनी जमीन संबंधित समस्याओं को लेकर पहुंचे, जहां अंचलाधिकारी विजय कुमार ने फरियादियों की समस्याओं को सुना व निर्देशित भी किया। इस दौरान पक्षो के बीच मध्यस्थता कराते हुए कई मामलों का निष्पादन किया गया व कई जटिल मामलों में जांच को लेकर मामलो को वरीय अधिकारियों को अग्रसारित भी किया गया। मौके पर चंदवा थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, पुअनि आनंद सिंह, अंचल कर्मी कुश कुमार समेत कई लोग मौजुद थे।

### बीडीओ को राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने सौंपा ज्ञापन

मनिका। मनिका प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा के अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं के संबंध में राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के जिला अध्यक्ष संदीप राम ने प्रखंड विकास पदाधिकारी विरेंद्र किंडो को ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गये ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के जिला अध्यक्ष ने कहा है की मनरेगा के अंतर्गत मनिका पंचायत में एक ही परिवार के लोगों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। इससे प्रतीत होता है की मनिका प्रखंड मे मनरेगा की योजनाओ में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। संदीप राम ने मनिका पंचायत के नावाडीह गांव व पोखरी में एक ही परिवार के चार चार सदस्यों को मनरेगा की योजना को पंचायत से स्वीकृत कर देने की बात कही है। आगे राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के जिला अध्यक्ष संदीप राम ने मनिका प्रखंड में मनरेगा से ली गई योजनाओ को रद्द करते हुए मनरेगा की योजना मे पारदर्शिता लाने के लिए बीडीओ से ग्राम सभा के माध्यम से मनरेगा की योजनाओ को लेने की बात कही है। जिससे की गरीब मजदुरों को मनरेगा की योजनाओ में लाभ मिल सके।


### एक दिवसीय कार्यशला का आयोजन



कार्यशाला में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य।

लातेहार। जिला नियोजन पदाधिकारी चेतन कुमार शर्मा के कार्यालय में मंगलवार को अप्रेंटिसशिप एक्ट 1961 पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उद्योग जगत समेत अन्य क्षेत्र के नियोजको में अप्रेंटिसशिप के प्रति जागरूक रहने का प्रशिक्षण दिया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी चेतन कुमार शर्मा ने कहा कि कोई भी प्रतिष्ठान अगर 30 से अधिक कर्मचारियों के काम कर रहा है तो उन्हें अप्रेंटिसशिप एक्ट का पालन करना है। भारत सरकार के पोर्टल में अप्रेंटिसशिप एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन प्रतिष्ठिानों को कराना होगा। अप्रेंटिसशिप एक्ट के अनुसार प्रतिष्ठानों में अप्रेंटिसशि को रखना अनिवार्य है। अप्रेंटिसशि भारत सरकार के पोर्टल से ही संबंधित प्रतिष्ठान में काम करने के लिए आवेदन देंगे। इस दौरान प्रशिक्षण में व्यवसायी, उत्पादन, प्रींटिंग व सेवा क्षेत्र के नियोजक शामिल थे।

### हाथियों का उत्पात चरम पर, आधा दर्जन घरों को किया क्षतिग्रस्त



क्षतिग्रस्त घर दिखाते पीड़ित।

चंदवा। प्रखंड अंतर्गत जमीरा पंचायत के महुआमिलन, डुरु, तुपी, लोहसीना गांव में इनदिनों जंगली हाथियों का उत्पात चरम पर है। बीती रात्रि जंगली हथियो के झुंड ने डूरु गांव में जंगली हथियो ने जमकर उत्पात मचाया व सुकरी देवी पति राजू मुंडा, झूमर गंझू पिता स्व.खुनू गंझू, टुला गंझू पिता फगुना गंझू, तकदीर गंझू पिता भुगलू गंझू, हरदयाल मुंडा पिता सुकरा मुंडा, महेश उरांव, पिता काईला उरांव का घर को ध्वस्त कर दिया व घर मे रखे अनाज को खा गया। सूचना मिलते ही पंचायत के मुखिया दुर्गावती देवी व झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन ने ग्रामीणों से मिलकर वन विभाग के अधिकारियों से बात कर पीड़ितों को तत्काल मुआवजा प्रदान करने की बात कही। मौके पर वन अलोक तिगा, युवा नेता ब्रह्मदेव प्रजापति, मणिलाल यादव, वार्ड सदस्य राजू उरांव, किशन मुंडा, सोहराय गंझू, देवकुमार सिंह, हरदयाल मुंडा, जन्मजय साव, चांदो गंझू, सोनू लाल, झुबर गंझू, संतोष गंझू, कुंती देवी, सुकरी देवी, मनीता देवी, नीलमणि देवी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## सीएम हेमंत सोरेन के द्वारा लातेहार जिले के 4 उत्कृष्ट विद्यालयों का किया गया उद्घाटन

# शिक्षा को बेहतर करना सरकार की प्राथमिकता: वैद्यनाथ राम

खबर मन्त्र संवाददाता



दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते।

लातेहार। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा मंगलवार को रांची स्थित टीवीएस विद्यालय परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सूबे के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का ऑनलाईन उद्घाटन किया गया। जिसमें लातेहार जिले के 04 विद्यालय राजकीय +2 उच्च विद्यालय लातेहार, राजकीय+2 बलिका उच्च विद्यालय, लातेहार, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, लातेहार, मॉडल स्कूल, मनिका शामिल हैं। इन विद्यालयों का संचालन केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) अंग्रेजी माध्यम से किया जाएगा। इन स्कूलों में डिजिटल क्लासरूम, डिजिटल बोर्ड, प्रैक्टिकल क्लास रूम, प्ले ग्राउंड, साइंस लैब, पार्किंग सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री द्वारा उक्त विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया का भी शुभारंभ किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन राजकीय कृत +2 उच्च विद्यालय, लातेहार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक लातेहार वैद्यनाथ राम, उपायुक्त भोर सिंह यादव व जन प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान राजकीय कृत +2 उच्च विद्यालय, लातेहार की बच्चियों ने सभी अतिथियों का स्वागत स्वागतगान व पुष्प गुच्छ देकर किया। इसके उपरांत विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीएम हेमंत सोरेन द्वारा लातेहार जिले के 4 उत्कृष्ट विद्यालयों का उद्घाटन किया गया।

### शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में बढ़ाया कदम : विधायक

इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा किया गया यह प्रयास काफी सराहनीय है। राज्य के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में बढ़ाया गया यह कदम काफी महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले समय में सभी सरकारी विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और गुणवत्तापूर्ण बनाना हमारी सरकार की प्राथमिकता होगी। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पुनम देवी, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो, पंचायत अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, सीएस डॉ. दिनेश कुमार, जिप सदस्य विनोद उरांव, आफताब आलम, शिक्षक में हिरा प्रसाद यादव, प्रमोद कुमार, कमला कांत समेत अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# टीएसपीसी का सब जोनल कमांडर गिरफ्तार

- लेवी नहीं देने पर सड़क निर्माण कार्य में लगे मशीन एवं वाहन को किया था आग के हवाले
- पूर्व में ही इस घटना में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया था

खबर मन्त्र संवाददाता



गिरफ्तार सब जोनल कमांडर व पुलिस की टीम।

मनिका। मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित रांकीकला पंचायत के तुंबागड़ा-छिपादोहर मार्ग में सड़क निर्माण कार्य में लगे मशीन एवं वाहन को आगजनी के घटना में शामिल एक और मुख्य आरोपी टीएसपीसी के सब जोनल कमांडर सत्येंद्र यादव उर्फ डबलु यादव को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मंगलवार को मनिका पुलिस प्रशासन के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि मनिका थाना क्षेत्र के तुम्बागड़ा-छिपादोहर मार्ग में सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा था सड़क निर्माण कार्य के संवेदक एवं मुंशी को लेवी एवं रंगदारी लेने के उद्देश्य से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के सब जोनल कमांडर सत्येंद्र यादव उर्फ डबलु यादव के कहने पर संगठन के सरगना निक्की यादव के द्वारा विकेश के नाम से धमकी दिया जा रहा था। जिसके बाद लेवी/रंगदारी नहीं देने पर 21 फरवरी 2023 को रांकीकला गांव के समीप सड़क निर्माण कार्य में लगे मशीन एवं वाहन को आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिनके विरुद्ध मनिका थाना कांड संख्या 14/2023, दिनांक 21 फरवरी 2023 को प्रतिवेदित किया गया था। इस घटना में संलिप्त निक्की यादव एवं दीपक उरांव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था और इनके संगठन का मुख्य आरोपी सत्येंद्र यादव उर्फ डबलु यादव फरार हो गया था। जिसे पुलिस लंबे समय से तलाश कर रही थी। वहीं दिनांक 1 मई 2023 को पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सब जोनल कमांडर सत्येंद्र यादव उर्फ डबलु यादव को रांकीकला पंचायत के औरंगा नदी के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसने सड़क निर्माण कार्य में लगे मशीन एवं वाहन को रंगदारी नहीं देने के कारण आगजनी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम सत्येंद्र यादव उर्फ डबलु यादव उम्र 32 वर्ष पिता स्वर्गीय मुनेश्वर यादव घर छिपादोहर टोला छितियाटांड़ थाना छिपादोहर जिला लातेहार का निवासी है गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध लातेहार थाना में पहले से भी कई मामले दर्ज हैं। वहीं छापामारी दल में पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार मनिका, पुनि सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी लातेहार, पुअनि राजकुमार तिगा मनिका, पुअनि दिवाकर धोबी लातेहार, पुअनि रोहित कुमार महतो लातेहार, थाना रिजर्व गार्ड एवं सेट 207 सशस्त्र बल शामिल थे।

## एक नजर में

### सिकनी कोलियरी में मनाया मजदूर दिवस



चंदवा। झारखंड खनिज मजदूर संघ के बैनर तले सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष में सिकनी कोलियरी परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने किया। सर्वप्रथम मजदूरों के हक व अधिकार की लड़ाई में अपने प्राण निछावर करने वाले मजदूरों की याद में 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया, तत्पश्चात मजदूरों के हित को लेकर मजदूरों ने संगठित होने का संकल्प लिया। संघ के अध्यक्ष ने कहा कि विगत कुछ माह से सिकनी कोलियरी में काम काज जैसे तैसे चल रहा है। कोयला का उत्पादन सही से नहीं होने के कारण मजदूरों का रोजी-रोटी भी नहीं चल पा रहा है। मजदूर काम के भाव में पलायन को मजबूर हो रहे हैं। यूनियन प्रबंधन से मांग करती है कि कोयले का उत्पादन में वृद्धि की जाए ताकि मजदूरों को रोजगार मिले। मौके पर रवि डे, शैलेश सिंह, जागा उरांव, राजनाथ उरांव, विजय साव समेत सैकड़ों की संख्या में मजदूर मौजूद थे।

### जनसेवकों ने काला बिल्ला लगाकर किया कार्य



काला बिल्ला लगाकर काम करते जनसेवक।

बारियातू। प्रखंड कार्यालय मे जनसेवक (विएलडब्लू )कार्यरत कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर काम किया। उक्त संबंध मे जनसेवक प्रकाश कुमार ने कहा कि अब तक भारत के इतिहास में देखा गया है कि किसी भी सरकारी या निजी सेवा में काम करने के बाद वेतन में बढ़ोतरी की जाती है। लेकिन कृषि विभाग द्वारा हम लोगों के वेतन के ग्रेड पे को घटा दिया गया है। साथ ही कहा कि वर्ष 2012 में नियुक्त जनसेवक का ग्रेड पे नियुक्ति के समय 2400 था। जिसे अब 2000 कर दिया गया है जबकि हम लोग 10 साल से ज्यादा की नौकरी कर चुके हैं। इसलिए हम लोगों को प्रमोशन मिलना चाहिए था। लेकिन विभाग द्वारा हमलोगों को प्रमोशन देने के बदले डिमोशन किया जा रहा है। इस रवैया को विरुद्ध हमलोग सभी जनसेवक ( विएलडब्लू ) काला बिल्ला लगाकर काम कर रहे हैं। अगर सरकार हम लोगों के ग्रेड पे 11 सूत्री मांग को पूर्ण नहीं करती है तो हमलोग प्रखंड से लेकर पुरे प्रदेश में आंदोलन करेंगे। साथ ही 9 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। काला बील्ला लगाकर कार्य करने में जनसेवक प्रकाश कुमार, चंदन कुमार, अरविंद पांडेय शामिल थे।

### चंदवा भाजपा की बैठक में बूथ कमिटी का विस्तार



चंदवा। चंदवा मंडल भाजपा कमेटी की बैठक सोमवार को स्थानीय पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता का अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पार्टी वरीय अधिकारियों के निदेर्शानुसार आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सभी बूथों को मजबूत करने पर गंभीरता से चर्चा किया गया। बूथ अध्यक्ष व पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठ कर बूथ कमेटी का विस्तार भी किया गया। इस दौरान सांसद सुनील सिंह के मद से मंडल अंतर्गत सभी 97 बूथों में बूथ अध्यक्ष व पार्टी कार्यकताओं के मार्गदर्शन में सोलर लाइट लगाने को लेकर स्थान का चयन किया गया। जिसके बाद मंगलवार से बूथ अध्यक्ष व पार्टी कार्यकर्ता की उपस्थिति में चयनित स्थानों पर सोलर लाइट लगाने का काम शुरू कर दिया गया। मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने बताया कि प्रखंड में 100 स्थानों पर सोलर लाइट लगाया जाना है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि महेंद्र साहू, राजेन्द्र यादव, कुलमान साव, देवमोहन सिंह, विजय दुबे, दीपक निषाद, सीकेश्वर यादव, प्रदीप ठाकुर, अमित कुमार, सुकु उरांव, मंटू केसरी, वीरेंद्र प्रसाद, मनोज पाठक समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### स्वच्छ मिशन भारत के तहत कार्यशाला का आयोजन



बारियातू। प्रखंड कार्यालय सभागार में स्वच्छ मिशन भारत के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के क्रियान्वयन हेतु प्रखंड स्तरीय स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर कार्यशाला का आयोजन बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी ने किया। कार्यशाला का उद्घाटन प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव व बीडीओ कुमारी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया। वहीं बताया की स्वच्छता पखवाड़ा का कार्यक्रम प्रखंड में ग्राम स्तरीय 2 मई से 15 तक लगातार चलाया जाएगा। डे-वाइज मुख्य उद्देश्यों को लेकर बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी द्वारा विभिन्न तरह के रूपरेखा व कार्यशाला को लेकर जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान बताया की कार्यशाला का मुख्य उदेश्य विभागों की सहभागिता सहयोग एवं जिम्मेवारियों, जैसे कि ग्रामीण स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण, पेयजल जल का उचित उपयोग, जल गुणवत्ता परीक्षण से सम्बंधित मुख्य रूप से चर्चा की गई। वहीं कार्यशाला में उपस्थित सभी कर्मियों ने स्वच्छता का शपथ भी लिया। मौके पर मुखिया राजीव भगत, सुरेश उरांव, सरिता देवी, सुशिला देवी, शांति देवी, तेतरी देवी, केदार गंझु, रानो देवी, पंसस जया देवी, 15वीं वित्त से पंकज पांडेय, एसबीएम सोनी कुमारी, शिक्षा विभाग से नितिश कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि व प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

### मजदूर दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



- देश की उन्नति व विकास में रीढ़ होते है मजदूर: शीतल साहू

लातेहार। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर सोमवार को राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) लातेहार जिला कमिटी के द्वारा बालूमाथ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि इंटक जिलाध्यक्ष शीतल साहू समेत संगठन के कई गणमान्य लोग मौजूद थे। सर्वप्रथम इंटक जिलाध्यक्ष शीतल साहू के द्वारा लातेहार जिले के कई प्रखंड मुख्यालयों से आये मजदूरो को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शीतल साहू ने कहा हमें मजदूरों पर गर्व करना चाहिए। देश के आर्थिक उन्नति व विकास में मजदूर रीढ़ है। इनके बिना योगदान के कोई भी कार्य संभव नही है। सरकार को भी मजदूर हित में नए कदम उठाने चाहिए। उनके सुरक्षा को लेकर विभाग को चिंता करनी चाहिए। मनरेगा जैसे बड़े कार्य में मजदूरों की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा से सुनिश्चित करनी चाहिए। मौके पर कामेश्वर उरांव, मुरली साव, अख्तर खान, दिलेश्वर उरांव, शिवकुमार राम, बुधमन उरांव, केदारनाथ साव, राजेंद्र उरांव, रीता देवी, सोनिया देवी, लाला उरांव पवन कुमार वर्मा, जय कुमार नायक, किशोर उरांव, सविता देवी, ममता पांडेय व मोहन गंझू, कांति देवी, सुनीता देवी, ललिता देवी, सीतामणी देवी, गीता देवी, शिवानी लकड़ा, रिंकू गुप्ता, अमलेश भुइयां, सुनीता देवी, अजय गुप्ता, रजनीश कुमार, महेश उरांव, आरती देवी, संगीता देवी, मनीता देवी, शोभा कुमारी व मंजय उरांव समेत सैकड़ो मजदूर मौजूद थे।

## सात मई तक ट्रक ऑनरों का भाड़ा भुगतान करे डीओ होल्डर :कामेश्वर

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में उपस्थित लोग।


बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत मगध कोल परियोजना के चमातू ग्राम स्तिथ पिट ऑफिस परिसर में बालूमाथ उप-प्रमुख सह विस्थापित नेता कामेश्वर राम की अध्यक्षता में विस्थपित-प्रभावित ट्रक ऑनर एशोसिएशन की बैठक रखी गई। बैठक में ट्रक ओनर एवं विभिन्न कंपनियों के लिफ्टर एवं डीओ होल्डर, ट्रांसपोर्टर उपस्थित रहे। बैठक में बोलते हुए उप-प्रमुख कामेश्वर राम ने कहा कि ट्रक ऑनर ऐशो. मगध द्वारा तय किया हुआ भाड़ा डीओ होल्डर द्वारा नहीं दिया जा रहा है। साथ ही कम भाड़ा देकर बाहरी गाड़ियों से कोयला लोडिंग कराए जाने की लगातार शिकायत मिल रही है। साथ ही कई डीओ का कोयला खत्म होने के बाद भी ट्रक ऑनर को भाड़ा भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर ट्रांसपोर्टर, डीओ होल्डर तय किया हुआ भाड़ा आगामी सात मई तक नहीं देते हैं तो लंबे समय तक ट्रांसपोटिंग कार्य को ठप कर दिया जाएगा। जिसकी जवाबदेही डीओ होल्डर की होगी। वहीं ट्रक ऑनर ऐशो. की अगली बैठक 14 मई को रखी गयी है। मौके पर कई ट्रांसपोर्टर और डीओ होल्डर्स भाड़ा वृद्धि में हुए समझौते पर सहमति बनाई है और उसे पालन करने का आश्वासन दिया गया है। वहीं बालूमाथ ट्रक ऑनर ऐशो. अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने कहा कि बालूमाथ ट्रक ऑनर एशोसिएशन भाड़ा वृद्धि की लड़ाई में हमेशा साथ मे रहेगा। जब भी जरूरत होगी बालूमाथ एशोसिएशन अपनी सक्रिय भूमिका निभाएगी।बैठक में बालूमाथ ट्रक ऑनर एशोसिएशन अध्यक्ष संजीव सिन्हा, त्रिवेणी साव, राजेन्द्र राम, दामोदर साव, सतनारायण साव, कमलेश सिंह, रामानुज, दिलीप कुमार, विजय कुमार, शंभू साव, पंकज सिन्हा, राजेश राम, लक्ष्मण कुशवाहा, अमरनाथ लाल, अजय साव, मुकेश राम, विनय कुमार, बसंत साहू, कमलेश सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## प्राचार्य की नियुक्ति विज्ञापन पर एचसी सख्त

खबर मन्त्र संवाददाता

महुआडांड़। नेतरहाट विद्यालय समिति के सभापति संतोष उरांव द्वारा नेतरहाट विद्यालय के प्राचार्य पद पर नियुक्ति हेतु बिना आम सहमति के विज्ञापन संख्या-01/2023 का प्रकाशन कर दिया था। प्रकाशित विज्ञापन नियमविरुद्ध होने के कारण विद्यालय के प्राचार्य सह समिति के सदस्य सचिव डॉ. संतोष कुमार सिंह ने उच्च न्यायालय, झारखंड में रिट याचिका संख्या डब्लूपी-हृढ (सी) -1977/2023 दायर किया था। दायर याचिका के संबंध मे दिनांक, 02/05/2023 को न्यायाधीश एस.एन.पाठक के कोर्ट मे सुनावई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से पूर्व महाधिवक्ता सह वरिय अधिवक्ता अजीत कुमार ने कोर्ट को बताया कि दिनांक-27/03/2023 को सभापति द्वारा वाट्सअप के माध्यम से सूचना देकर एक बैठक बुलाई थी। बैठक में कार्यकारिणी समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया था कि वर्तमान प्राचार्य के कार्यों का मूल्यांकन करने के बाद उनके सेवा अवधि विस्तार पर निर्णय लिया जाएगा। परंतु बैठक में लिए गए निर्णय के विरुद्ध सभापति द्वारा प्राचार्य के पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन का प्रकाशन किया गया। जिसका लिखित विरोध कार्यकारिणी समिति के दो सदस्यों द्वारा किया गया। कोर्ट को बताया गया कि विद्यालय की कार्यकारिणी समिति को नियुक्ति से संबंधित शक्तियां प्राप्त है, ना की कार्यकारिणी समिति के सभापति को। अधिवक्ता द्वारा यह भी बताया गया है कि विद्यालय के दैनानुदिन कार्यों क्रियाकलापों में समिति के सभापति को हस्तक्षेप करने का अधिकार प्राप्त नहीं है, जबकि प्राय: ऐसा होते रहता है। उच्च न्यायालय द्वारा दलील सुनने के बाद नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यकारिणी समिति तथा कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष को नोटिस निर्गत किया गया। कोर्ट का यह भी आदेश हुआ कि प्रकाशित विज्ञापन के विरुद्ध प्राचार्य के पद पर किसी भी प्रकार की नियुक्ति माननीय न्यायालय के आदेश से आच्छादित होगा।

### विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे बालूमाथ



बैठक में उपस्थित लोग।

बालूमाथ। विश्व हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सोहन प्रताप सिंह सोमवार को बालूमाथ पहुंचे। जहां विश्व हिंदू महासंघ के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। बालूमाथ स्थित होटल प्रतीक्षा में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सोहन प्रताप सिंह ने कहा कि पूरे विश्व में हिंदू समाज को एक होने की जरूरत है। भारत पहले भी विश्व गुरु था और आगे भी वह समय जल्दी आने वाला है। जब भी हिन्दू संगठित हुआ है, देश सुरक्षित हुआ है और विश्व गुरु बना है। वहीं भाजपा नेता शैलेश कुमार सिंह, समाजसेवी दया संकर सिंह ने लोगों को संबोधित किया। अंत में श्रीराम के जयघोष के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई। वहीं मौके पर हिंदू महासभा के उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह, समाज सेवी दयाशंकर सिंह, सोनू कुमार, लचक सिंह, सुबोध सिंह, सोनू सिंह, सत्येंद्र सिंह, रविंद्र प्रसाद सिन्हा, राम कुमार गुप्ता, विवेक सिंह, रंजीत कुमार, शशि भूषण प्रसाद, अखिलेश भोक्ता, संजय प्रसाद, लालदेव गंझु, राजेंद्र साव, त्रिवेणी साव, देवनंदन प्रसाद, कैलाश ठाकुर, पंकज सिन्हा, पिंकी सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, उपेंद्र रंगीला, मछिंद्र यादव, जितेंद्र प्रसाद, बबलू चौरसिया, हरिओम पांडे, विजय साव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# दुर्दशा : प्राचीन पलामू किले में सागवान वृक्ष की हो रही है कटाई

## पलामू टाइगर रिजर्व में बचे-खुचे बेशकीमती इमारती वृक्षों का धड़ल्ले से हो रहा है सफाया

- बीते सप्ताह बेतला नेशनल पार्क के अंदर विभाग ने खुद इमारती वृक्ष को कराया था ध्वस्त, हुई लीपापोती
- वनों के संरक्षण के लिए पीटीआर को सलाना करोड़ों रुपए मिलने के बावजूद करोड़ों रुपए के इमारती वृक्षों की कटाई रुकने का नहीं ले रही है नाम

खबर मन्त्र संवाददाता

बरवाडीह। पलामू टाइगर रिजर्व और बेतला नेशनल पार्क में पदस्थापित वन विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली वर्षो से सवालों के घेरे में रही है। बाघ का मामला हो या अन्य जंगली जानवरों और वनों के संरक्षण व संवर्धन का या फिर विकास कार्यों का। हर मामले में वन विभाग की कार्यप्रणाली संदिग्ध है। ताजा मामला बेतला नेशनल पार्क के रेंज कार्यालय से महज 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित महा प्रतापी राजा मेदिनीराय के प्राचीन पलामू किले का है, इस किले के अंदर बेशकीमती इमारती सागवान वृक्ष की कटाई विभाग के नाक के नीचे हो रही हैं। अब यह कटाई विभाग के संरक्षण में हो रहा है, या वन माफिया कर रहें है, यह जांच का विषय है। लेकिन पीटीआर के अधिकारियों की कार्यशैली पर सोशल मीडिया में तरह-तरह के सवाल किए जा रहें है। क्योंकि सालों से हो रही अवैध कटाई पर वन विभाग का मौन रहना आश्चर्यजनक है। जानकारी देते चलें कि बीते सप्ताह बेतला नेशनल पार्क के प्रवेश द्वार के समीप भवन निर्माण कार्य के लिए इमारती वृक्ष की कटाई खुद वन विभाग के अधिकारियों द्वारा जेसीबी के माध्यम से कराई गई थी। खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बावजूद भी जिले के वरीय अधिकारियों द्वारा अब तक मामले में किसी प्रकार की कारवाई नहीं की गई। इसका नतीजा है कि कीमती इमारती वृक्षों की कटाई लगातार बेखौफ होकर की जा रही हैं। जिससे यह सवाल उठने लगा है कि जब बेतला नेशनल पार्क और पलामू किले में इस तरह इमारती वृक्षों का सफाया किया जा रहा है, तो पीटीआर के सुदूरवर्ती क्षेत्रों का क्या हाल होगा। इसके जिम्मेवार आखिर कौन है ? यह भी अपने आप में बहुत बड़ा सवाल है। अगर उच्च स्तरीय कमेटी के द्वारा मामले की ईमानदारी से जांच कराई जाए तो पीटीआर में जगह-जगह इमारती वृक्षों की कटी हुई ठूंठ नजर आ जाएगी। जबकि वनों के संरक्षण के लिए पीटीआर को सरकार से सलाना करोड़ों रुपए मिलने के बावजूद भी करोड़ों रुपए के इमारती वृक्षों की कटाई रुकने का नाम नहीं ले रही है।

पलामू किले के अंदर सागवान की कटाई



अफसर बन रहें है अंजान : इस बारे में जब पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेश कांत जेना से पूछताछ की गई तो उन्होंने कहा कि बेतला रेंजर को जानकारी दे दी गई है, वह कारवाई करेंगे। वहीं दूसरी तरफ बेतला रेंजर शंकर पासवान पत्रकार से ही मामले की सुराख मांगने लगें। अब सवाल यह उठता है कि सरकार ने वन और वन्यप्राणियों के संरक्षण व संवर्धन के लिए जिस वन विभाग को जिम्मेवारी सौपी है, और जिसके लिए उन्हें करोड़ो रूपए प्रदान किए जा रहें है। वह खुद के सामने हो रहे इमारती वृक्षों की कटाई से बेखबर बना हुआ है।

क्या कहते है लोग : वन विभाग की कानूनी कारवाई से आम इंसान बेखबर नहीं है। इसलिए आम लोगों को इतनी हिम्मत नहीं की वह विभाग के नाक के नीचे इतना बड़ा कारनामा कर लें। पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए।






# दिल्ली ने लो स्कोरिंग मैच में गुजरात को 5 रनों से हराया

### अंक तालिका


| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 9 | 6 | 3 | 12 | +0.532 |
| राजस्थान | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.800 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.639 |
| चेन्नई | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.329 |
| बेंगलुरु | 9 | 5 | 4 | 8 | -0.030 |
| पंजाब | 9 | 5 | 4 | 10 | -0.447 |
| मुंबई | 8 | 4 | 4 | 8 | -0.502 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.147 |
| हैदराबाद | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.577 |
| दिल्ली | 9 | 3 | 6 | 4 | -0.768 |

**पर्पल कैप**



मोहम्मद शमी
गुजरात
विकेट: 17

**औरेंज कैप**



डु प्लेसिस
बेंगलुरु
रन: 466



एजेंसी

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के 44वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को 5 रन से हरा दिया। इस मैच में दिल्ली के कप्तान डेविड वॉर्नर ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था लेकिन दिल्ली कैपिटल्स अमन के खान के अर्धशतक से जैसे तैसे 130 रन का स्कोर खड़ा पाई। छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात के लिए भी शुरूआत कुछ खास नहीं रही और 20 ओवर के खेल में टीम 6 विकेट पर 125 रन ही बना सकी। लचर बल्लेबाजी के बाद हालांकि दिल्ली कैपिटल्स के लिए गेंदबाजों ने दमदार खेल का प्रदर्शन किया। दिल्ली के लिए तेज गेंदबाज खलील अहमद और ईशांत शर्मा ने दो-दो विकेट अपने नाम किया। इसके अलावा एनरिक नॉर्त्जे और कुलदीप यादव के खाते में भी एक-एक विकेट आया।

### काम ना आया पंड्या का अर्धशतक

गुजरात टाइटंस के लिए लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान हार्दिक पंड्या 53 गेंद में 59 रन बनाकर नाबाद रहे। अपनी इस पारी में उन्होंने कुल 7 चौके भी लगाए। इसके अलावा अभिनव मनोहर ने टीम ने 33 गेंद में 23 रनों का योगदान दिया। वहीं राहुल तेवतिया ने 7 गेंद में तीन छक्के की मदद से 20 रन बनाए। इन तीनों के अलावा गुजरात टाइटंस के लिए और कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सके।

### पावर प्ले में बिखर दिल्ली

टीम के लिए पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स के पांच बल्लेबाज पावर प्ले से पहले पवेलियन वापस लौट चुके हैं। शुरू के पहले पांच विकेट में सिर्फ प्रियम गर्ग ही एक ऐसे बल्लेबाज रहे जिन्होंने दहाई का आंकड़ा पार किया। हालांकि अक्षर पटेल और अमन खान के एक महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। अमन खान ने 44 गेंद में 51 रनों की पारी खेली, जिसमें उन्होंने तीन छक्के और तीन चौके भी लगाए। इसके अलावा अक्षर पटेल ने भी 30 गेंद में 27 रनों का योगदान दिया। वहीं आखिर में रिपल पटेल ने 13 गेंद में 23 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके बाद से और भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सके।

### गेंदबाजी में चमके मोहम्मद

गेंदबाजी में गुजरात टाइटंस के लिए तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी छा गए। शमी ने अपने चार ओवर के स्पेल में सिर्फ 11 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए। शमी को उनके इस दमदार खेल के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। शमी के अलावा मोहित शर्मा ने के खाते में दो विकेट आया जबकि राशिद खान ने भी एक विकेट हासिल किया। ऐसे में गेंदबाजों की नजरिए से देखें तो दोनों ही टीमों ने दमदार खेल दिखाया। हार के बाद गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या निराश दिखे। उन्होंने आखिरी ओवरों पर बात करते हुए कहा कि हम यहां किसी भी दिन 129 रन बना सकते थे।

**मैन ऑफ द मैच**
**मोहम्मद शमी**

| | |
|---|---|
| 4 | ओवर |
| 0 | मेडन |
| 11 | रन |
| 4 | विकेट |



### स्कोर कार्ड

**दिल्ली : 130/8 (20ओवर )**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| साल्टा कै. मिलर बो. शमी | 00 | 01 | 0/0 |
| डेविड वॉर्नर रन आउट | 02 | 02 | 0/0 |
| प्रियम गर्ग कै. साहा बो. शमी | 10 | 14 | 0/0 |
| राइली रूसो कै. साहा बो. शमी | 08 | 06 | 2/0 |
| मनीष पांडे कै. साहा बो. शमी | 01 | 04 | 0/0 |
| अक्षर पटेल कै. खान बो. शर्मा | 27 | 30 | 2/1 |
| अमन कै. मनोहर बो. राशिद | 51 | 44 | 3/3 |
| रिपल पटेल कै. पंड्या बो. शर्मा | 23 | 13 | 2/1 |
| एनरिक नॉर्त्जे नाबाद | 03 | 06 | 0/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 00 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्त** : 05

**विकेट पतन**: 1-0, 2-6, 3-16, 4-22, 5-23, 6-73, 7-123, 8-130.

**गेंदबाज** : मोहम्मद शमी : 4-0-11-4, हार्दिक पंड्या : 1-0-10-0, जोशुआ लिटिल : 3-0-27-0, राशिद खान : 4-0-28-1, नूर अहमद : 4-0-20-0, मोहित शर्मा : 4-0-33-2.

**गुजरात: 125/6 (20 ओवर )**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| साहा कै. साल्ट बो. अहमद | 00 | 06 | 0/0 |
| शुभमन गिल कै. पांडे बो. नॉर्त्जे | 06 | 07 | 1/0 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 59 | 53 | 7/0 |
| विजय शंकर बोल्ड इशांत शर्मा | 06 | 09 | 1/0 |
| डेविड मिलर बोल्ड कुलदीप | 00 | 03 | 0/0 |
| मनोहर कै. अमन बो. अहमद | 26 | 33 | 0/1 |
| राहुल तेवतिया कै. रूसो बो. शर्मा | 20 | 07 | 0/3 |
| राशिद खान नाबाद | 03 | 02 | 0/0 |

**अतिरिक्त** : 05

**विकेट पतन**: 1-0, 2-18, 3-26. 4-32, 5-94, 6-186.

**गेंदबाज**: खलील अहमद : 4-1-24-2, इशांत शर्मा : 4-0-23-2, एनरिक नॉर्त्जे : 4-0-39-1, कुलदीप यादव : 4-0-15-1, अक्षर पटेल : 4-0-24-0.

## सात्विक-चिराग सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग पर पहुंचे

**नयी दिल्ली।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप का खिताब जीतने के बाद मंगलवार को अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व नंबर पांच रैंकिंग हासिल की। विश्व चैंपियनशिप 2022 की कांस्य पदक विजेता जोड़ी 58 साल के सूखे को खत्म करते हुए दिनेश खन्ना के बाद महाद्वीपीय चैंपियनशिप में खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने। पिछले साल दिसंबर में दुनिया की पांचवें नंबर की जोड़ी बने सात्विक और चिराग ने नवीनतम बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से पांचवां स्थान हासिल किया है।

## ऑस्ट्रेलिया को पछाड़ भारत टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर

**दुबई।** रोहित शर्मा की भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। भारत इस समय 121 रेटिंग पॉइंट के साथ टेस्ट टीम रैंकिंग में पहले स्थान पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया 116 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर फिसल गया है। पैट कमिंस की ऑस्ट्रेलियाई टीम पिछले 15 महीने से नंबर एक पर कायम थी, जबकि भारत ने इस साल की शुरूआत में उसे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट शृंखला में 2-1 से हराया था।

## साइना एशियाई खेलों के चयन ट्रायल से बाहर



**नयी दिल्ली।** लंदन ओलंपिक मेडलिस्ट साइना नेहवाल ने स्वास्थ्य समस्या के कारण एशियाई खेल 2023 के लिये भारतीय बैडमिंटन टीम के चयन ट्रायल से बाहर होने का फैसला किया। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआइ) द्वारा आयोजित ट्रायल चार से सात मई तक तेलंगाना के ज्वाला गुट्टा एकेडमी ऑफ एक्सीलेंस में होंगे। ट्रायल के बाद बीएआई चीन के हांग्झोउ में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर के बीच होने वाले एशियाई खेलों के लिये 20 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा करेगा।

## रियल मैड्रिड से भिड़ेगी भारतीय अंडर-17 टीम

**मेड्रिड (स्पेन)।** भारतीय अंडर-17 पुरुष फुटबॉल टीम बुधवार को यहां अभ्यास मैच में स्पेन के अग्रणी क्लब रियल मैड्रिड की अंडर-17 टीम से मुकाबला करेगी। भारतीय युवा वर्तमान में इस साल जून में थाईलैंड में आयोजित होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप की तैयारी कर रहे हैं जहां उन्हें जापान, वियतनाम और उज्बेकिस्तान के साथ ग्रुप-डी में रखा गया है।

## आशीष की विजयी शुरुआत, हर्ष हारे

**ताशकंद (उज्बेकिस्तान)।** भारतीय मुक्केबाज आशीष चौधरी ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पहले चरण में ईरान के मैसम गेशलागी को हराकर अपने अभियान का जोरदार आगाज किया, जबकि उनके हमवतन हर्ष चौधरी हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गये। पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन आशीष ने 80 किग्रा के मुकाबले में अपने ईरानी प्रतिद्वंदी को 4-1 से हराकर प्री-क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी ओर, विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण कर रहे हर्ष (86 किग्रा) को ऑस्ट्रेलिया के बिली मैकऐलिस्टर के हाथों 0-5 की हार मिली।

## बीसीसीआइ ने महिला टीम के कोच के लिए खोली वैकेंसी

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने मंगलवार को सीनियर महिला टीम के मुख्य कोच के पद के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित किये। यह पद पिछले साल दिसंबर में रमेश पवार के राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) जाने के बाद से खाली पड़ा है। बीसीसीआइ की ओर से प्रकाशित सूचना-पत्र के अनुसार, आवेदन पत्र दाखिल करने के वाले व्यक्ति के पास अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत या किसी अन्य देश के प्रतिनिधित्व का अनुभव होना चाहिये। ऐसा न होने पर व्यक्ति के पास कोचिंग में एनसीए का सी-श्रेणी का प्रमाण पत्र और 50 प्रथम श्रेणी मैचों का अनुभव होना चाहिये।

## पहली बार एशिया कप में पहुंचा नेपाल

**काठमांडू।** नेपाल ने मंगलवार को एसीसी पुरुष प्रीमियर कप के फाइनल में संयुक्त अरब अमीरात (यूएइ) को सात विकेट से हराकर एशिया के शीर्ष क्रिकेट आयोजन एशिया कप में जगह बना ली। यूएई ने सोमवार को शुरू हुए वर्षाबाधित मैच में नेपाल के सामने 118 रन का लक्ष्य रखा। नेपाल ने 17 वर्षीय गुलशन कुमार (84 गेंद, 67 रन) के नाबाद अर्द्धशतक की मदद से यह लक्ष्य तीन विकेट गंवाकर 30 .3 ओवर में हासिल कर लिया।

## नोकझोंक के बाद लगा गंभीर-कोहली पर जुर्माना



**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटर गौतम गंभीर और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली पर यहां इकाना स्टेडियम में सोमवार को मैच के दौरान आइपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिये मैच फीस का 100 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आइपीएल द्वारा मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि गंभीर और कोहली ने आइपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.21 के तहत द्वितीय श्रेणी के अपराध को स्वीकार किया है।

## लखनऊ के इकाना स्टेडियम में कौन मारेगा मैदान







**लखनऊ।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 का 45वां मैच लखनऊ सुपरजाइंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमें इस मुकाबला के लिए भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई स्टेडियम में उतरेगी। ऐसे में सीएसके खिलाफ लखनऊ की टीम के लिए मुकाबला आसान नहीं रहने वाला है। वहीं सीएसके को उसके पिछले मैच में पंजाब किंग्स की टीम ने उसके घर में हराया था। हालांकि मैच में सीएसके ने पंजाब को पूरी टक्कर दी थी। वहीं लखनऊ की टीम भी अपने दमदार लय में चल रही है। ऐसे में दोनों के बीच मुकाबला टक्कर की होने की उम्मीद। हालांकि उससे पहले आइए जानते हैं दोनों टीमों के बीच खेले जाने वाले इस मैच में कैसी रहेगी पिच और क्या है मौसम का हाल। आईपीएल के 16वें सीजन में लखनऊ के इकाना स्टेडियम में कुल पांच मैच खेले जा चुके हैं। इस दौरान तीन बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को जीत मिली है। इसके अलावा दो बार लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को सफलता मिली है। इस सीजन में इकाना स्टेडियम में सबसे बड़ा स्कोर 193 रनों का बना है। यह मुकाबला लखनऊ और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला गया था। वहीं मैदान पर जो सबसे स्कोर को चेज किया गया वह 161 रनों का है। इसके अलावा इकाना के स्टेडियम पर 126 रन के स्कोर डिफेंड किया था जबकि हाल ही में लखनऊ ने टीम ने इस मैदान का सबसे लोएस्ट स्कोर बनाया जो सिर्फ 108 रन का रहा।

बुकारेस्ट ग्रां प्री रैपिड शतरंज

## भारत के पेंटाला हरिकृष्णा को तीसरा स्थान

**बुकारेस्ट, रोमानिया।** भारत के ग्रांड मास्टर और पूर्व विश्व जूनियर शतरंज चैंपियन पेंटाला हरिकृष्णा नें बुकारेस्ट ग्रां प्री रैपिड शतरंज टूनामेंट में 10 राउंड के बाद 8.5 अंक बनाते हुए तीसरा स्थान हासिल किया है हालांकि इतने ही अंक बनाने वाले रूस के मकसीम चिगेव और रोमानिया के बोगदान डेनियल के साथ वह पहले स्थान के लिए टाई की स्थिति पर थे पर टाईब्रेक के आधार पर मकसीम पहले तो डेनियल दूसरे और हरिकृष्णा तीसरे स्थान पर रहे । प्रतियोगिता में 21 देशो के 317 खिलाड़ियों नें भाग लिया था । हरिकृष्णा नें प्रतियोगिता में 8 जीत दर्ज की , एक मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि उन्हे एक मात्र हार हमवतन 16 वर्षीय युवा खिलाड़ी रौनक साधवानी के हाथो मिली , रौनक 8 अंक बनाकर पांचवें स्थान पर रहे , अन्य भारतीय खिलाड़ियों में 8 अंक बनाकर प्रणीत वुपाला दसवें ,7.5 अंक बनाकर दुलीबाला चंद्रा 13वें ,7 अंक बनाकर प्रणव वी , प्रणव आनंद क्रमशः 20वे और 26वें स्थान पर रहे ।

## एटलेटिको मैड्रिड ने एक और जीत से रियाल मैड्रिड पर दबाव बनाये रखा

**मैड्रिड।** एटलेटिको मैड्रिड ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक और बड़ी जीत दर्ज की और स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में दूसरे स्थान के लिए रियाल मैड्रिड पर दबाव बनाए रखा। एटलेटिको ने रविवार को वल्लाडोलिड हो 5-2 से करारी शिकस्त दी जो उसकी पिछले नौ मैचों में आठवीं जीत है। अंक तालिका में तीसरे स्थान पर काबिज एटलेटिको ने पहले हाफ में तीन और दूसरे हाफ के अंतिम क्षणों में दो गोल किए जिससे वह शहर के अपने प्रतिद्वंदी रियाल मैड्रिड से केवल दो अंक पीछे रह गया है जबकि अभी छह दौर के मैच होने बाकी हैं। इस जीत से एटलेटिको के 32 मैच में 66 अंक हो गए हैं जबकि रियाल मैड्रिड के इतने ही मैचों में 68 अंक हैं।

## विनेश का आरोप, समिति बनाकर मामले को दबाने का प्रयास किया खेल मंत्री ने

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पूर्व में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने यौन उत्पीड़न की शिकायतों को दबा दिया था और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी ठोस कार्रवाई करने के बजाय निगरानी पैनल बनाकर ऐसा ही किया है। पहलवानों के विरोध का सबसे बड़ा चेहरा विनेश ने दावा किया कि राष्ट्रीय शिविर के दौरान पहले भी दो बार यौन उत्पीड़न के मामले सामने आए थे लेकिन डब्ल्यूएफआई इन मामलों को दबाने में सफल रहा। विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता विनेश ने कहा कि शिकायतकताओं ने खेल मंत्री के साथ बैठक में अपनी आपबीती साझा की थी लेकिन उन्होंने निगरानी पैनल गठित करने के अलावा कुछ नहीं किया। पहलवानों ने सरकार से इस मामले की जांच का आश्वासन मिलने के बाद जनवरी में अपना विरोध वापस ले लिया था और डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए पांच सदस्यीय पैनल का गठन किया गया था। विनेश ने कहा, 2012 के राष्ट्रीय शिविर के दौरान एक पुलिस स्टेशन में यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज की गई थी। 24 घंटे के भीतर उस मामले को दबा दिया गया था। 2014 में एक फिजियो, जो गीता फोगाट के ट्रेनर भी थे, ने इसी तरह का मामला उठाया और उन्हें 24 घंटे के भीतर शिविर से हटा दिया गया। उस दिन से उनकी पत्नी किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकी। उन्होंने कहा, हमने अपना विरोध शुरू करने से पूर्व तीन महीने पहले एक सरकारी अधिकारी को सब कुछ समझाया था कि कैसे यौन उत्पीड़न हो रहा था और कैसे महिला पहलवानों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। खिलाड़ियों को ऐसी स्थिति में धकेला जा रहा था जहां वे अपनी जिंदगी के साथ कुछ भी कर सकती थीं।

## मैड्रिड ओपन : मेदवेदेव उलटफेर के शिकार, खाचानोव जीते

एजेंसी



**मैड्रिड।** दानिल मेदवेदेव को मैड्रिड ओपन के चौथे दौर में क्वालीफायर असलान कारात्सेव के हाथों अप्रत्याशित पराजय का सामना करना पड़ा जबकि स्टेफानोस सिटसिपास और इगा स्वियातेक ने 3 सेट तक चले कड़े मुकाबलों में जीत दर्ज करके अगले दौर में प्रवेश किया। 121वीं रैंकिंग वाले कारात्सेव ने दूसरी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव को 7.6, 6.4 से मात दी। इस मैच से पहले टूर पर मेदवेदेव का रिकॉर्ड 33.4 का था । अब कारात्सेव का सामना टेलर फ्रिट्ज या झांग झिजेन से होगा। मेदवेदेव ने हम वतन रूसी खिलाड़ी एलेक्जेंडर शेवचेंको को 4-6, 6-1, 7-5 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई थी। वहीं, कारात्सेव ने 16वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर को 6-3, 4-6, 6-4 से हराया था। रूस के कारेन खाचानोव ने अपने युगल जोड़ीदार आंद्रेइ रूबलेव को 7.6, 6.4 से हराया। अब उनका सामना गत चैंपियन कार्लोस अलकाराज या 13वीं वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। तीसरी वरीयता प्राप्त सिटसिपास ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद 31वें वरीय सेबेस्टियन बेज को 7-5, 3-6, 6-3 से हराकर इस क्ले कोर्ट टूनामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाई। महिला वर्ग में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी स्वियातेक को भी 16वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा पर 6-4, 6-7 (3), 6-3 से जीत दर्ज करने के लिए पसीना बहाना पड़ा। उनका अगला मुकाबला 27वीं वरीयता प्राप्त पेट्रा मार्टिच से होगा जिन्होंने 11वीं वरीयता प्राप्त बारबोरा क्रेजिक्कोवा को 6-3, 7-6 (1) से हराया। मैड्रिड में पिछले साल की उपविजेता तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने मार्टिना ट्रेविसन को 6-3, 2-6, 6-3 से हराकर अंतिम 8 में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबलेंका ने रूसी किशोरी मीरा एंड्रीवा को 6-3, 6-1 से पराजित करके उनके शानदार अभियान पर रोक लगाई। नौवीं वरीयता प्राप्त मारिया सकारी ने पाउला बडोसा को 6-4, 6-4 से, जबकि 12 वीं वरीयता प्राप्त वेरोनिका कुदेरमेतोवा ने 8वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना को 7-5, 1-6, 7-6 (2) से हराया। पुरुष वर्ग के अन्य मैचों में 8वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने क्रिस्टियन गारिन को 6-1, 7-6 (4), झांग झिझेन ने 11वीं वरीयता प्राप्त कैमरून नॉरी को 2-6, 7-6 (2), 7-6 (2) और बर्नबे जपाटा मिरालेस ने क्वालीफायर रोमन सफीउलिन को 6-3, 3-6, 6-3 से पराजित किया।

पेज 3 का शेष

### विश्वगुरु बनने की...

समारोह में मुख्य रूप से डीएसपीएमयू के वीसी प्रो तपन कुमार शांडिल्य, निभा शर्मा, तानिया शर्मा, पूर्व वीसी डॉ फिरोज अहमद, पूर्व वीसी प्रो केके नाग, वीसी प्रो टीएन साहू, जेपीएससी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष डॉ परवेज हसन, ओएसडी-जे मुकुलेश नारायण, सोनी कुमारी समेत अन्य शामिल थे। समारोह को सफल बनाने में परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा, सीसीडीसी डॉ प्रकाश कुमार झा, डीआर डॉ प्रीतम कुमार, एफओ डॉ केएएन शाहदेव, डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश साहु, ओएसडी डॉ स्मृति सिंह, प्रो अशोक कुमार सिंह, डॉ ज्ञान सिंह, डॉ अरुण सिंह समेत विवि के अन्य अधिकारियों और छात्र शामिल थे।

### इसी माह शुरू होगी...

**स्कूल प्रबंधन समिति की भूमिका अहम :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। कई अड़चनें, कई बाधाओं की वजह से शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पायी। लेकिन, इस समस्या का समाधान निकाला जा चुका है। सरकार आधारभूत संरचना, शिक्षकए किताबें, कपड़े, व्यवस्थायें दे सकती है। प्रबंधन समिति सुनिश्ति करें कि इन सभी संसाधनों के साथ बेहतर शिक्षा स्कूलों में मिले। बेहतर प्रदर्शन के लिये समय-समय पर उसका आकलन कर उस विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों को पुरस्कृत किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आज 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में सीबीएसई की तर्ज पर पठन-पाठन कार्य शुरू हो रहा है। लेकिन अभी कई मंजिल पार करनी है। बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए शत प्रतिशत स्कॉलरशिप दिया जा रहा है। बच्चे ड्रॉपआउट न हों, इसके लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का संचालन किया जा रहा है। एकलव्य प्रशिक्षण योजना, मुख्यमंत्री प्रोत्साहन शिक्षा योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को लेकर हमारी सरकार आयी है। बच्चों को पैसे को लेकर शिक्षा में दिक्कत ना पहुंचे, इसलिए यह योजनाएं सरकार लेकर आयी है। राज्य के बच्चे-बच्चियों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिये कोचिंग के लिए भी सहायता राशि हमारी सरकार देगी। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव उच्च विद्यालय जगन्नाथपुर के नवनिर्मित भवन का उदघाटन तथा वेबसाइट का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का ऑनलाइन उदघाटन एवं इन विद्यालयों में नामांकन की औपचारिक घोषणा की। मौके पर मुख्यमंत्री द्वारा ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव उच्च विद्यालय जगन्नाथपुर को सीबीएसई से संबद्धता संबंधित प्रमाण पत्र विद्यालय प्रधान को सौंपा गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का सरायकेला, दुमका, लोहरदगा, गिरिडीह एवं पूर्वी सिंहभूम जिलों में शुभारंभ हुये उत्कृष्ट विद्यालयों के बच्चों के साथ ऑनलाइन माध्यम से सीधा संवाद भी हुआ। इस अवसर पर उक्त जिलों के उपायुक्त भी ऑनलाइन उपस्थित थे। मौके पर विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि सरकारी स्कूलों में सीबीएसई की तर्ज पर पठन पाठन कार्य के लिए 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का राज्यस्तरीय शुभारंभ हो रहा है। मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने कहा कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग मुख्यमंत्री के सपने को साकार करने का काम कर रहे हैं। मौके पर विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, झारखंड एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग सचिव के रवि कुमार, निदेशक माध्यमिक शिक्षा सुनील कुमार व अन्य वरीय पदाधिकारीगण एवं स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद थीं।

### टेरर फंडिंग में...

एमएसएस के महासचिव बच्चा सिंह पर पहले भी नक्सलियों के साथ सांठ गांठ और नक्सलियों को बढ़ावा देने का आरोप लग चुका है। इस तरह के मामले में उन्हें पहले भी गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में वे अदालत से जमानत पर बाहर आ गये थे। हाईकोर्ट ने वर्ष 2022 में प्रतिबंध को हटा दिया था। प्रतिबंध लगने के साथ ही बच्चा सिंह समेत अन्य सहयोगियों पर और मजदूर संगठन समिति के नेताओं पर प्राथमिकी दर्ज हुई थी। **नक्सलियों से संबंध के मिले सुबूत :** बच्चा सिंह को नक्सली संगठनों के लिए चंदा जुटाने, समय-समय पर मदद पहुंचाने का आरोपी बनाया गया था। इंटेलिजेंस की रिपोर्ट और साक्ष्य के आधार पर संगठन पर प्रतिबंधित करते हुए बच्चा सिंह को गिरफ्तार किया गया था। गौरतलब हो कि महासचिव बच्चा सिंह ने बताया कि मंगलवार की सुबह एनआईए की टीम ने उनके घर के सामानों की तलाशी ली। एनआईए की टीम ने हर चीज को खंगाला। बच्चा सिंह ने बताया कि एनआईए संगठन के लेटर पैड, मजदूर यूनियन के पंपलेट पोस्टर, झारखंड में कई संगठनों से मिलकर बनाये गये झारखंड जन संघर्ष मोर्चा के कागजात और रजिस्टर आदि साथ ले गई है। उन्होंने बताया कि छापेमारी के वजह की जानकारी नहीं मिल पायी है। **जोनल कमांडर ने बताया था मददगार :** भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर मिथिलेश उर्फ दुर्योधन की पहली गिरफ्तारी जब धनबाद के तोपचांची में हुई थी, तो उसने पुलिस को दिए गए बयान में यह कहा था कि मजदूर संगठन समिति जिसका प्रधान कार्यालय अंगारपथरा, कतरास धनबाद में है। वह संगठन नक्सलियों का अग्र संगठन है और वह नक्सलियों की मदद करता है। इसी के बाद से संगठन पर नक्सलियों से सांठगांठ और उनकी मदद करने का आरोप लगना शुरू हुआ। **1989 में बना था मजदूर संगठन :** 1989 में वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यनारायण भट्टाचार्य द्वारा बिहार श्रम विभाग में एक ट्रेड यूनियन पंजीकृत कराया गया था, जिसका नाम मजदूर संगठन समिति था। इसका कार्यक्षेत्र धनबाद के कतरास और आसपास के इलाकों में था। 2000 में बिहार से झारखंड अलग होने के बाद मजदूर संगठन समिति का फैलाव काफी तेजी से हुआ। गिरिडीह पारसनाथ प्रसिद्ध जैन शिखरजी, मधुबन, बोकारो जिले के बोकारो थर्मल पावर प्लांट, तेनुघाट पावर प्लांट, चंद्रपुरा पावर प्लांट में अपनी मजबूत पकड़ बना ली। धीरे-धीरे इसका फैलाव धनबाद से पश्चिम बंगाल के पुरुलिया, बिहार के गया जिला तक पहुंच गया।

### क्षेत्र का दौरा करें...

**पंचायतों सशक्त बनाने बीडीओ फील्ड में घूमें :** मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि सूबे के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निरंतर फील्ड में जाना चाहिए ताकि योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिले। उन्होंने कहा कि यह अक्सर देखा जाता है कि अधिकारी मुख्यालय स्तर पर ही ज्यादा फोकस रखते हैं। समीक्षा,रिपोर्ट पर अधिक निर्भर हैं, लेकिन इससे सही तथ्य हमेशा पता नहीं चलता। नीचे से रिफाईन की गयी चीजें मिलती हैं। ऐसे में अगर अफसर फील्ड विजिट करेंगे तो समस्याओं को अधिक बेहतर समझ कर कार्य करेंगे। मनरेगा आयुक्त ने पेंडिंग आवास पर भी चिंता जतायी। जलछाजन मिशन से जो कार्य हो रहे हैं उसके मेंटेंनेस पर भी जोर दिया। पंचायत भवनों को अधिक से अधिक कार्यशील बनाने पर जोर दिया, इसे और सशक्त बनाने के लिए बीडीओ को जिम्मेवारी लेने को कहा। जेएसएलपीएस के सीइओ सूरज कुमार ने कहा कि वाहन, सुविधा इत्यादि तो दी जा रही है, लेकिन कार्य समय पर पूर्ण हो यह जरूरी है। पहले प्रखंड भवन का निर्माण हुआ अब वाहनों का भी लगातार वितरण हो रहा है। पूर्व में भी 26 वाहन दिए गये थे,आज फिर दिए जा रहे हैं। सीइओ ने कहा कि राज्य में अब तक 2.99 लाख एसएचजी का गठन हो चुका है। बड़ी संख्या में महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक विकास व सशक्कतीकरण किया जा रहा है। 35 लाख दीदी इससे जुड़ी है। लगभग 1.75 करोड़ ग्रामीण परिवार का सीधा जुड़ाव जेएसएलपीएस से हैं।

### सब रजिस्ट्रार...

**अफसर अली से पूछताछ में हुआ था खुलासा :** इडी द्वारा गिरफ्तार किये गये अफसर अली के बयान के बाद कई बड़े चेहरे ईडी के रडार पर आए हैं। इडी ने जमीन के फर्जी कागजात बनाने वाले अफसर अली समेत अन्य लोगों से रिमांड पर पूछताछ की थी। अफसर अली ने ही इस मामले में कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मियों की भूमिका की जानकारी दी थी। रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मियों ने पैसे लेकर रांची की कई जमीनों की प्रकृति बदल डाली थी।

स्पीड न्यूज

## फायरिंग रेंज में विस्फोट सेना के जवान की मौत

**गुवाहाटी।** असम के तामुलपुर में दर्रांग फील्ड फायरिंग रेंज में हुए एक विस्फोट में सेना के एक जवान की मौत हो गयी। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि क्राफ्ट्समैन संदीप कुमार सोमवार को ड्यूटी के दौरान रेंज में हुए विस्फोट में घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि कुमार विस्फोट के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्हें रेजीमेंट के एक चिकित्सा अधिकारी ने घटनास्थल पर तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध करायी। उन्हें हवाई मार्ग से गुवाहाटी में सैन्य अस्पताल ले जाया गया जहां उसी दिन बाद में इलाज के दौरान मौत हो गयी।

## आश्रम आगजनी मामले में भाजपा नेता गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम।** केरल पुलिस की अपराध शाखा ने आध्यात्मिक नेता संदीपानंद गिरि के स्वामित्व वाले आश्रम पर पांच साल पहले हमला करने के सिलसिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक वार्ड पार्षद को गिरफ्तार किया है। कुंदमानकदावु के पास स्थित गिरि के शालग्रामं आश्रम पर 27 अक्टूबर 2018 को कुछ अज्ञात बदमाशों ने हमला किया था और इमारत के बाहर खड़ी दो कारों और एक स्कूटर को लगा दी थी।

## सड़क पर गिरने से मेनका गांधी घायल

**सुल्तानपुर ।** सुल्तानपुर से भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी अपने निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के चुनाव प्रचार के दौरान बारिश से बढ़ी फिसलन के कारण सड़क पर गिरने से मामूली रूप से चोटिल हो गयीं। मेनका निकाय चुनावों के दौरान भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार के लिए अपने दौरे के पहले दिन सोमवार को घासीगंज वार्ड पहुंचीं।

## दो पाकिस्तानी तस्कर मुठभेड़ में मारे गये

**नयी दिल्ली/बाड़मेर।** बीएसएफ ने मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त होने के संदेह में दो पाकिस्तानी नागरिकों को राजस्थान में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास मार गिराया।अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि घटना सोमवार रात नौ बजे बाड़मेर सीमाक्षेत्र की है। उन्होंने बताया कि घुसपैठियों को मार गिराने के बाद तलाशी में करीब तीन किलोग्राम संदिग्ध मादक पदार्थ जब्त किया गया।

## छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में इनामी नक्सली ढेर

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित गरियाबंद जिले में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक इनामी नक्सली को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के जुगाड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत करलाझर-नागेश की पहाड़ी के करीब सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एलओएस डिप्टी कमांडर नंदलाल उर्फ अमलु नेताम को मार गिराया है।

## राजनाथ ने मालदीव को सौंपा गश्ती जहाज

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज कहा कि भारत द्वारा मालदीव को तेज गति से चलने वाला गशती जहाज और लैंडिंग क्राफ्ट असाल्ट शिप सौंपा जाना हिन्द महासागर क्षेत्र में शांति तथा सुरक्षा के प्रति दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। श्री सिंह ने अपनी मालदीव यात्रा के दूसरे दिन मंगलवार को मालदीव एमएनडीएफ को एक तेज गश्ती जहाज और एक लैंडिंग क्राफ्ट असाल्ट शिप सौंपा।। श्री सिंह ने कहा कि दोनों मेड इन इंडिया प्लेटफार्मों का सौंपा जाना हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के प्रति भारत और मालदीव की साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत ने एक मजबूत रक्षा इकोसिस-?टम के माध्यम से भागीदार देशों की क्षमता निर्माण को और ज्यादा समर्थन देने के लिए अपनी विनिर्माण क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

# कांग्रेस का बजरंग दल व पीएफआइ पर प्रतिबंध लगाने का वादा

### कर्नाटक में जारी किया घोषणा पत्र

**200 यूनिट मुफ्त बिजली, गृह लक्ष्मी को हर महीने 2,000 रुपये और बेरोजगार स्नातकों को तीन हजार रुपये मिलेगा**

एजेंसी

बेंगलुरू। कर्नाटक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार को चुनावी घोषणापत्र जारी किया जिसमें हिंदूवादी संगठन बजरंग दल और कट्टरपंथी इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) को नफरत फैलाने वाले संगठन बताते हुए उन पर प्रतिबंध लगाने का वादा किया गया है। घोषणापत्र में कहा गया है कि कांग्रेस पार्टी जाति या धर्म के आधार पर समुदायों के बीच नफरत फैलाने वाले व्यक्तियों और संगठनों के खिलाफ दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

घोषणापत्र में कहा गया है कि हमारा मानना है कि कानून और संविधान पवित्र है और बजरंग दल,



पीएफआई जैसे व्यक्तियों और संगठनों द्वारा इसका उल्लंघन नहीं किया जा सकता है। ये संगठन बहुसंख्यक या अल्पसंख्यक समुदायों के बीच दुश्मनी या नफरत को बढ़ावा दे रहे है। अगर पार्टी राज्य में सत्ता में आती है, तो वह उन पर प्रतिबंध लगाने सहित कानून के अनुसार निर्णायक कार्रवाई करेगी।

पार्टी ने सत्ता में आने के एक साल के भीतर, राज्य में भाजपा की मौजूदा सरकार द्वारा पारित सभी अन्यायपूर्ण कानूनों और अन्य जनविरोधी कानूनों को निरस्त करने का भी वादा किया।

घोषणापत्र में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के नेतृत्व में चुनाव प्रचार के दौरान दी गई पांच गारंटियां जिनमें गृह ज्योति (सभी को 200 यूनिट मुफ्त बिजली का), गृह लक्ष्मी (परिवार की प्रत्येक महिला मुखिया को 2,000 रुपये मासिक), अन्न भाग्य (पसंद का 10 किलो अनाज - चावल, रागी, ज्वार, बाजरा - बीपीएल परिवार के प्रत्येक व्यक्ति को), युवा निधि (बेरोजगार स्नातकों को दो साल के लिए हर महीने 3,000 रुपये और बेरोजगार डिप्लोमा धारकों के लिए भत्ते के रूप में हर महीने 1,500 रुपये), और शक्ति (नियमित केएसआरटीसी/बीएमटीसी बसों में पूरे राज्य में सभी महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा) शामिल हैं।

कांग्रेस ने अनुसूचित जाति (एससी) ,अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) अल्पसंख्यक और लिंगायत और वोक्कालिगा जैसे अन्य समुदायों की आशाओं और आकांक्षाओं को समायोजित करने के लिए आरक्षण की सीमा को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत करने का संकल्प लिया। पार्टी ने कहा कि वह एससी के लिए 15 से 17 फीसदी और एसटी के लिए तीन से सात फीसदी आरक्षण बढ़ाने और चार फीसदी के अल्पसंख्यक आरक्षण को बहाल करने और लिंगायत, वोक्कालिगा और अन्य समुदायों हेतु आरक्षण बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

इनके अलावा पार्टी ने कई वादे किये, जिनमें कांग्रेस सरकार द्वारा कराई गई सामाजिक-आर्थिक जातिगत जनगणना का विमोचन करना , विधायिका के प्रथम सत्र में न्यायमूर्ति सदाशिव आयोग की रिपोर्ट पेश करना ,जाति के आधार पर बदनाम करने को दंडनीय अपराध बनाना, मुस्लिम, ईसाई, जैन, बौद्ध और अन्य समेत अल्पसंख्यक कल्याण के लिए धन का आवंटन बढ़ाकर 10,000 करोड़ रुपये करना और डॉ. अबुल कलाम आजाद वक्फ संपत्ति विकास निगम का गठन करना शामिल हैं।

## सट्टेबाजी से संबंधित विज्ञापनों पर नकेल कसें सभी राज्य : केंद्र

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को राज्य सरकारों से जुए और सट्टेबाजी से संबंधित विज्ञापनों पर नकेल कसने को कहा।

सूचना और प्रसारण सचिव अपूर्व चंद्रा ने राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को इस संबंध में पत्र लिखा है। पत्र में जुए और सट्टेबाजी मंचों से जुड़े होर्डिंग, बैनर और ऑटो-रिक्शा पर दिखने वाले विज्ञापनों पर अंकुश लगाने के लिए उचित कार्रवाई करने को कहा है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने निजी टेलीविजन चैनल, डिजिटल समाचार प्रकाशकों और ओटीटी मंचों को ऐसे विज्ञापनों को प्रकाशित व प्रसारित करने से बचने की सलाह जारी की है।

# अब बजरंग बली पर ताला लगायेगी कांग्रेस : मोदी

### प्रधानमंत्री बोले-आतंकवादियों के तुष्टिकरण का रहा है कांग्रेस का इतिहास

एजें

**चित्रदुर्ग/सिंधनूर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि आतंकवाद एवं आतंकवादियों का तुष्टिकरण करने का कांग्रेस का इतिहास रहा है और उन्होंने विपक्षी दल के घोषणा पत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने के वादे को भगवान हनुमान को ताले में बंद करने की कोशिश करार दिया। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा उन्हें जहरीला सांपत था उनके बेटे प्रियंक खरगे द्वारा नालायककहे जाने के मुद्दों को भी जिक्र किया और कांग्रेस नेताओं से चुनाव का स्तर इतना नीचे ना गिराने की अपील की। चित्रदुर्ग में दिन की पहली रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने दिल्ली के 2008 के प्रसिद्ध बाटला हाउस मुठभेड़ का मुद्दा उठाया और आरोप लगाया कि कांग्रेस का इतिहास आतंक और आतंकवादियों के तुष्टिकरण का रहा है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के लोगों को कांग्रेस का इतिहास और उसकी सोच कभी भी नहीं भूलनी है। उसका इतिहास आतंक और आतंकवादियों के तुष्टीकरण का है। जब दिल्ली में बाटला हाउस एनकाउंटर हुआ तो कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता की आंखों में

**सर्जिकल स्ट्राइक व एयरस्ट्राइक पर सेनाओं के सामर्थ्य पर ही सवाल खड़ा कर दिया था**

आतंकियों के मर जाने की खबर सुनकर आंसू आ गए थे। उन्होंने कहा कि जब सर्जिकल स्ट्राइक और एयरस्ट्राइक हुई तो कांग्रेस ने देश की सेनाओं के सामर्थ्य पर ही सवाल खड़ा कर दिया।

उन्होंने कहा कि यहां कर्नाटक में कांग्रेस ऐसे आतंक को बढ़ावा देती रही है और उसने राज्य की जनता को आतंकियों के रहमोकरम पर छोड़ दिया था जबकि भाजपा ने आतंकवाद की कमर तोड़ी है और तुष्टिकरण का खेल बंद किया है। मोदी ने कहा कि आतंक को बढावा देने वाली कांग्रेस यहां कभी निवेश नहीं बढ़ा सकती और कभी राज्य के नौजवानों के लिए नए अवसर नहीं बना सकती। कांग्रेस पर निशाना साधना जारी रखते हुए उन्होंने और कहा कि बिना वारंटी वाली इस पार्टी की कर्नाटक विधानसभा चुनाव में दी गई गारंटी (चुनावी वादे) झूठी हैं क्योंकि राज्य का खजाना खाली हो जाएगा तो भी इन्हें पूरा नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने प्रदेश की जनता से, कांग्रेस और जनता दल (सेक्युलर) से सावधान रहने की अपील की और आरोप लगाया कि



इन दोनों दलों की प्राथमिकता में राज्य का विकास नहीं है। मोदी ने कांग्रेस के चुनावी वादों का जिक्र किया और कहा कि विपक्षी पार्टी की वारंटी तो खत्म हो गई है और उसने अपनी विश्वसनीयता भी खो दी है। उन्होंने कहा कि ऐसे में बिना वारंटी वाली कांग्रेस की गारंटी भी उतनी ही झूठी है और झूठी गारंटियों का कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड बहुत पुराना है। कर्नाटक चुनावों के लिए कांग्रेस ने सत्ता में आने पर जनता को गारंटी की घोषणा की है।

विजयनगर जिले के होस्पेट में मोदी ने कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का वादा करने का मुद्दा उठाया और इसे भगवान हनुमान की पूजा करने वालों को ताले में बंद करने की कोशिश करने का कांग्रेस का प्रयास करार दिया।

उन्होंने कहा कि आज हनुमान जी की इस पवित्र भूमि को नमन करना मेरा बहुत बड़ा सौभाग्य है लेकिन दुर्भाग्य देखिए, मैं आज जब यहां हनुमान जी को प्रणाम करने आया हूं उसी समय कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणापत्र में बजरंगबली को ताले में बंद करने का निर्णय लिया है।

## मानहानि मामले में हाइकोर्ट से राहुल को अंतरिम राहत नहीं

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने मोदी उपनाम टिप्पणी से संबंधित आपराधिक मानहानि मामले में दोषसिद्धि के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मंगलवार को अंतरिम राहत प्रदान करने से इनकार कर दिया और कहा कि वह ग्रीष्मावकाश के बाद अंतिम आदेश सुनाएगा। गांधी (52) की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने इस मामले में दोनों पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद तत्कालिकता का हवाला देते हुए अदालत से अंतरिम या अंतिम आदेश जारी करने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति हेमंत प्रच्छक ने कहा कि इस चरण में अंतरिम संरक्षण नहीं दिया जा सकता। न्यायमूर्ति प्रच्छक ने कहा कि वह रिकॉर्ड और कार्यवाही की अधिकृत रपट पढ़ने के बाद ही अंतिम आदेश सुनाएंगे।

# वैपकोस के पूर्व सीएमडी के घर से 20 करोड़ जब्त

**आय से अधिक संपत्ति मामले में आरके गुप्ता के 19 ठिकानों पर सीबीआइ ने की छापेमारी**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सीबीआई ने आय से अधिक संपत्ति मामले में मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की।सीबीआई ने जल शक्ति मंत्रालय के तहत आने वाले वैपकोस वॉटर एंड पावर कंसल्टेंसी के पूर्व सीएमडी आरके गुप्ता के परिसरों पर छापे के दौरान बीस करोड़ रुपये कैश बरामद किए हैं। सीबीआई ने बताया कि सीबीआई ने जल शक्ति मंत्रालय के तहत आने वाली वैपकोस वॉटर एंड पावर कंसल्टेंसी के पूर्व सीएमडी आरके गुप्ता के विभिन्न ठिकानों पर रेड किया। आय से अधिक संपत्ति के मामले में सीबीआई ने दिल्ली, चंडीगढ़, पंचकुला, गुरुग्राम, सोनीपत और गाजियाबाद सहित लगभग 19



जगहों पर छापेमारी की। वहीं, सीबीआई ने उनके और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। छापेमारी के दौरान सीबीआई ने 20 करोड़ रुपये नकद जब्त किए हैं।

# इस्तीफे पर पुनर्विचार पर राजी हुए पवार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने मंगलवार को पार्टी प्रमुख के रूप में पद छोड़ने के छह घंटे बाद ही पुनर्विचार करने और अगले कुछ दिनों में अपने अंतिम निर्णय की घोषणा करने पर सहमति व्यक्त की, उनके भतीजे अजीत पवार ने यह जानकारी दी। अजीत पवार ने मीडियाकर्मियों से कहा, हम सभी नेताओं ने उनसे मुलाकात की है और उन्हें इस मुद्दे पर आश्वस्त किया है। पवार साहब फिर से विचार करने के लिए सहमत हो गए हैं। उन्हें अपना निर्णय लेने के लिए 2-3 दिन का समय दें। पद छोड़ने



के फैसले के बाद हो रहे विरोध प्रदर्शनों से नाराज 83 वर्षीय पवार ने अपने वरिष्ठ नेताओं से कहा कि यदि वह जिद्दी हैं, तो मैं और भी अधिक अडिग हूं। उन्होंने आंदोलन, धरना-प्रदर्शन, अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल, राज्य भर के विभिन्न पदाधिकारियों के इस्तीफे, खून से पत्र लिखने वाले लोगों पर भी गुस्सा दिखाया। मंगलवार को दोपहर से राष्ट्रीय राजनीति में उठे राजनीतिक तूफान पर अजीत पवार ने कहा कि पार्टी का काम हमेशा की तरह चलता रहेगा और किसी का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया जाएगा। शरद पवार और अन्य नेताओं ने वाईबी चव्हाण सभागार और राज्य के अन्य हिस्सों के पास बैठे अपने सभी पार्टी कार्यकताओं से अपील की कि वे अपने सभी विरोध प्रदर्शनों को बंद कर दें और शांति से घर चले जाएं।

# सीयू में शिक्षकों की भर्ती को एकीकृत पोर्टल शुरू

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने मंगलवार को सीयू-चयन की शुरूआत की ताकि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया को व्यवस्थित बनाया जा सके। यूजीसी के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने बताया कि सीयू-चयन पोर्टल एकीकृत भर्ती पोर्टल है जिसे खास तौर पर केंद्रीय विश्वविद्यालयों के शिक्षकों की भर्ती के उद्देश्य से विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल उपयोग करने में काफी आसान है




और इसें भर्ती प्रक्रिया से जुड़े सभी हितधारकों की जरूरतों को ध्यान में रखा गया है। उन्होंने बताया कि यूजीसी ने इस पोर्टल को विश्वविद्यालयों और आवेदकों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है। यह पोर्टल सभी विश्वविद्यालयों की रिक्तियों/विज्ञापन/रोजगार को सूचीबद्ध करने के एक साझा मंच के रूप में काम करेगा। कुमार ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों की स्वायत्ता जारी रहेगी और भर्तियां संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा की जायेंगी। सभी विश्वविद्यालय समाचारपत्रों में विज्ञापन जारी करने के चलन को जारी रखेंगे और सीयू-चयन पोर्टल पर विज्ञापन के ब्यौरे का

**▸▸ सभी विवि समाचारपत्रों में विज्ञापन देंगे और पोर्टल पर ब्यौरे का लिंक जारी करेंगे : जगदीश कुमार**

लिंक जारी करेंगे। कुमार ने कहा कि पोर्टल पर भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह से ऑनलाइन रूप में पेश किया गया है जो आवेदन करने से लेकर चयन तक है। इस पोर्टल में एक आवेदक के किसी एक या सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों में आवेदन करने के लिए एक लॉगइन है। इसमें वास्तविक आधार पर आवेदन पर नजर रखने तथा प्रत्येक आवेदक के लिए व्यक्तिगत आधार पर डैशबोर्ड की व्यवस्था है। पोर्टल पर ई-मेल संवाद उपकरण तथा आवेदकों को ऑनलाइन फीडबैक देने की व्यवस्था है। यूजीसी के अध्यक्ष ने कहा कि सीयू-चयन पोर्टल का विकास सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ विचार विमर्श के बाद किया गया है और उनके सुझावों को इसमें शामिल किया गया है।मार्च में संसद में शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़े के अनुसार, केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों के 11 हजार पद रिक्त हैं। देश में 45 केंद्रीय विश्वविद्यालय, 23 आईआईटी और 20 आईआईएम हैं।

# सारा अली खान ने पूरी की ऐ वतन मेरे वतन की शूटिंग

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर जबरदस्त एक्टिव रहने वाली एक्ट्रेस सारा अली खान इन दिनों अपनी अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की शूटिंग में बिजी हैं। अब जानकारी आ रही है कि उन्होंने अपनी फिल्म ऐ वतन मेरे वतन की शूटिंग को पूरा कर लिया है।

अपनी इस फिल्म की शूटिंग पूरी होने की जानकारी एक एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर तस्वीरें साझा कर दी हैं। एक्ट्रेस ने तस्वीरें साझा कर बताया कि वो बीते कई दिनों से ऐ वतन मेरे वतन के लिए नाइट शेड्यूल की शूटिंग कर रही थीं, लेकिन रविवार को उन्होंने अपने इस शेड्यूल की शूटिंग को पूरा कर लिया है। इस तस्वीर में एक केक भी नजर आ रहा है, जिसमें पर लिखा है इट्स रैप। साथ ही उन्होंने तस्वीर में ऐ वतन मेरे वतन भी लिखा है। रियल लाइफ किरदार में नजर आएंगी सारा इस फिल्म में सारा अली खान एक रियल लाइफ किरदार में नजर आने वाली हैं। ये फिल्म साल 1942 में हुए भारत छोड़ो आंदोलन पर आधारित होगी, फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में सारा उषा मेहता की भूमिका निभाती हुई दिखाई देंगी, जोकि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सीक्रेट रेडियो ऑपरेटर थीं। उषा मेहता स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सीक्रेट रेडियो ऑपरेटर थीं। जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए चल रहे आंदोलनों को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। उषा मेहता ने सीक्रेट रेडियो सर्विस कांग्रेस रेडियो की शुरूआत की थी।




## शेयर बाजार में आठवें दिन तेजी, सेंसेक्स 242 अंक और चढ़ा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार आठवें कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 242 अंक से अधिक की बढ़त में बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों के निवेश के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 242.27 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 61,354.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 373.8 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 82.65 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,147.65 अंक पर बंद हुआ।

